

अक्षय कुमार और अरशद... 7

www.swatantramat.com

# स्वतंत्र मत



टी-20 वर्ल्ड कप ... 10

■ वर्ष 28 अंक 309 डाक/नगर संस्करण ■ जबलपुर बुधवार 08 मई 2024 ■ पृष्ठ 12 ■ मूल्य रु. 3.00

# 11 राज्यों की 93 सीटों पर 65% मतदान

## असम में सबसे ज्यादा 75.53% वोटिंग, बिहार-छत्तीसगढ़ में 3 की मौत

नई दिल्ली।

10 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश की 93 लोकसभा सीटों पर मंगलवार सुबह 7 बजे से जारी वोटिंग शाम छह बजे खत्म हो गई है। चुनाव आयोग के वोटर टर्नआउट ऐप पर रात 9 बजे तक के अपडेट के मुताबिक, 65.07 प्रतिशत लोगों ने वोट डाले। असम में सबसे ज्यादा 75.53 प्रतिशत, सबसे कम महाराष्ट्र में 55.54 प्रतिशत लोगों ने मतदान किया। इससे पहले शाम पांच बजे तक 63.77 प्रतिशत वोटिंग हुई थी। सबसे ज्यादा पश्चिम बंगाल में 73.93 प्रतिशत और सबसे कम महाराष्ट्र में 53.40 प्रतिशत वोटिंग हुई थी। वहीं दोपहर तीन बजे तक 53.60 प्रतिशत वोटिंग हुई थी। सबसे ज्यादा पश्चिम बंगाल में 63.11 प्रतिशत वोटिंग हुई और सबसे कम महाराष्ट्र में 42.63 प्रतिशत लोगों ने वोट डाले थे। बिहार में वोटिंग के दौरान पीठासीन अधिकारी और होमगार्ड जवान की मौत हो गई है। छत्तीसगढ़ के जशपुर में मतदान करने पहुंचे एक बुजुर्ग वोटर की मौत हो गई। वहीं, पश्चिम बंगाल में मुर्शिदाबाद के भाजपा कैंडिडेट और टीएमसी समर्थक के बीच झड़प हुई है। यूपी के संभल में पुलिस ने लोगों पर लाठीचार्ज किया। इसमें कुछ लोग घायल हो गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अहमदाबाद स्थित निशान हायर सेकेंडरी स्कूल में वोट डाला। उनके साथ गृह मंत्री अमित शाह भी मौजूद थे। पीएम मोदी कार से उतरने के बाद अमित शाह के साथ पैदल ही लोगों का अभिवादन करते हुए बूथ तक पहुंचे और मतदान किया। वोट डालने के बाद प्रधानमंत्री ने बच्चों के हाथ पर ऑटोग्राफ दिया। लोगों के साथ तस्वीरें क्लिक करवाईं। एक बच्ची को गोद में लेकर हवा में उछाला। मीडिया से बातचीत में उन्होंने लोगों से बड़ी संख्या में वोटिंग की अपील की। साथ ही गर्मी को देखते हुए खूब सारा पानी पीने को कहा।



### वोट डले 11...मशीन बता रही है 50

#### दिग्विजय सिंह ने लगाया फर्जीवाड़ा का आरोप

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण की वोटिंग के दौरान दिग्विजय सिंह ने बड़ा आरोप लगाया है। सिंह ने बताया है कि राजगढ़ के एक पोलिंग बूथ पर 11 वोट डाले गए हैं लेकिन मशीन बता रही है कि 50 वोट पड़ चुके हैं। आखिर इतनी बड़ी गड़बड़ी कैसे हुई। उन्होंने फर्जीवाड़े का आरोप लगाया है। दिग्विजय सिंह ने कहा है कि हमारे कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को 100 मीटर के बाहर किया जा रहा और बीजेपी के कार्यकर्ता 100 मीटर के अंदर भगवान श्रीराम की फोटो लेकर और बैनर लगाकर बैठे हैं। सिंह ने कहा कि कांग्रेस नेता पंकज यादव को थाने में बैठा लिया जाता है जबकि उससे ज्यादा बीजेपी के आपराधिक किस्म के लोग खुले में घूम रहे हैं। दिग्विजय सिंह ने सनसनीखेज आरोप लगाते हुए कहा कि चाचौड़ा में पोलिंग बूथ नंबर 24 पर वोट डले 11 लेकिन मशीन बता रही है 50 वोट डले हैं। यह क्या है?

## 5वीं बार रूस के राष्ट्रपति बने पुतिन

**मॉस्को।** व्लादिमीर पुतिन 5वीं बार रूस के राष्ट्रपति बन गए हैं। मॉस्को के ग्रैंड क्रेमलिन पैलेस में पुतिन ने 33 शब्दों में शपथ ली। शपथ के बाद पुतिन ने कहा, हम और मजबूत होंगे। हम उन देशों के साथ अपने रिश्ते मजबूत करेंगे जो हमें दुश्मन समझते हैं। मैं जनता का विश्वास बनाए रखने के लिए हरसंभव कोशिश करूंगा। रूस में हुए पुतिन के शपथ ग्रहण समारोह का अमेरिका, ब्रिटेन और कई यूरोपीय देशों ने बहिष्कार किया है। हालांकि, भारत के राजदूत विनय कुमार कार्यक्रम में मौजूद रहे।



## मुसलमानों पर आपत्तिजनक पोस्ट हटाए 'एक्स' : ईसीआई

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' से कहा है कि वह बीजेपी कर्नाटक हैंडल से मुसलमानों पर की गई एक आपत्तिजनक पोस्ट को तुरंत हटाएं। कर्नाटक के चीफ इलेक्टोरल ऑफिसर ने भाजपा से इस पोस्ट को हटाने को कहा था, लेकिन उन्होंने इसे नहीं हटाया।

## एफएसएसएआई का असिस्टेंड डायरेक्टर बर्खास्त

**नई दिल्ली।** देश की फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड्स अथॉरिटी ने अपने असिस्टेंट डायरेक्टर को बर्खास्त कर दिया है, जिसे 5 मई को सीबीआई ने रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया था। एफएसएसएआई ने आरोपी असिस्टेंट डायरेक्टर को रिश्वत देने वाली रिलायबल एनालिटिकल लैबोरेटरीज प्राइवेट लिमिटेड के डिरेकॉग्निशन की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है।

## बंगाल में आंधी और बिजली गिरने से 12 की मौत

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में बीती रात तेज आंधी और बिजली गिरने के कारण 12 लोगों की मौत हो गई। सीएम ममता बनर्जी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी जानकारी दी।

# हरियाणा में बड़ा 'खेला' सैनी का सिंहासन डोला

## तीन निर्दलीय विधायकों ने सरकार से समर्थन वापस लिया

चंडीगढ़।

लोकसभा चुनावों के बीच हरियाणा में राजनीतिक उथल-पुथल सामने आई है। राज्य में नायब सैनी सरकार को समर्थन दे रहे तीन निर्दलीय विधायकों ने नाराज होकर अपने समर्थन वापस ले लिया है। तीनो निर्दलीय विधायकों ने बाकायदा प्रेस कांफ्रेंस करके अपने समर्थन वापसी का ऐलान कर दिया है। यह सब ऐसे वक्त पर हुआ है जब राज्य में करीब दो महीने पहले ही नेतृत्व परिवर्तन हुआ था। नायब सैनी सरकार से जिन निर्दलीय विधायकों ने समर्थन वापस लिया है उनमें पुंडरी के विधायक रणधीर गोलन, नीलोखेड़ी के विधायक धर्मपाल गोंदर व चरखी दादरी के विधायक सोमवीर सांगवान शामिल हैं। हरियाणा के रोहतक में तीन निर्दलीय विधायकों ने कांग्रेस के प्रदेश प्रमुख उदयभान की मौजूदगी में बीजेपी सरकार से समर्थन वापसी की घोषणा की। तीन विधायकों के समर्थन वापस लेने से नायब सैनी सरकार अल्पमत में आ गई है। बता दें कि, 2019 के विधानसभा चुनावों में बीजेपी ने हरियाणा की 90 सदस्यीय विधानसभा में 40 सीटें जीती थी। कांग्रेस पार्टी को 31 सीटें मिलीं थी। 10 सीटों पर जेजेपी को जीत मिली थी। 7 सीटें निर्दलीयों के पास गई थी। एक सीट हरियाणा लोकहित पार्टी और 1 सीट इनेलो को मिली थी। वर्तमान में विधानसभा की दो सीटें खाली हैं। इनमें करनाल और रानिया सीटें हैं। करनाल सीट पर लोकसभा के साथ उपचुनाव हो रहा है। ऐसे में वर्तमान में हरियाणा की विधानसभा में कुल विधायकों की संख्या 88 है। बहुमत के लिए बीजेपी को 45 का आंकड़ा चाहिए। जिनमें 40 विधायक बीजेपी के खुद के हैं तीन निर्दलीय और एक हलोपा के एमएलए का समर्थन बीजेपी को है। ऐसे में यह संख्या 44 तक पहुंचती है, जो बहुमत से एक कम है, और सरकार अल्पमत में आ रही है।



### दौलताबाद भी हैं नाराज!

चौथे विधायक राकेश दौलताबाद ने भी कांग्रेस के लिए चुनाव प्रचार करने का ऐलान किया है। दौलताबाद गुरुग्राम की बादशाहपुर सीट से विधायक हैं। राकेश दौलताबाद 2019 के विधानसभा चुनावों में बीजेपी के मनीष यादव को हराकर ही विधानसभा पहुंचे थे। बीजेपी ने मनोहर लाल के पहले कार्यकाल में पीडब्ल्यूडी मंत्री राव नरबीर सिंह का टिकट काटकर मनीष यादव को मैदान में उतारा था। दौलताबाद ने निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर जीत हासिल की थी। हरियाणा के साढ़े नौ साल तक मुख्यमंत्री रहे मनोहर लाल करनाल लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे हैं तो वहीं मौजूदा सीएम नायब सैनी करनाल विधानसभा सीट से चुनाव मैदान में हैं।

### नायब सैनी ने कांग्रेस पर बोला हमला

हरियाणा में निर्दलीय विधायकों के साथ छोड़ने के सवाल पर मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कांग्रेस पर निशाना साधा है। सैनी ने कहा हां हमें इसकी सूचना मिली है। कई विधायकों की अपनी इच्छाएं होती हैं। कांग्रेस इन दिनों इच्छाएं पूरी करने में लगी हुई है। सैनी ने कहा कि कांग्रेस को लोगों की इच्छाएं से लेना देना नहीं है। सैनी ने यह भी कहा कि आने वाले दिनों में जनता कांग्रेस की इच्छा पूरी करेगी। सैनी ने कहा कि लोग सब जानते हैं।



## कांग्रेस ने मतदान प्रतिशत के आंकड़ों पर उठाए सवाल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन के नेताओं को पत्र लिखा है। इस पत्र में चुनाव आयोग द्वारा जारी किए गए मतदान के आंकड़ों पर सवाल उठाए हैं और कथित धांधली का आरोप लगाया है। पत्र में खड़गे ने विपक्षी गठबंधन के नेताओं से अपील की कि वे ऐसी धांधलियों के खिलाफ आवाज उठाएं। खड़गे ने लिखा है कि हमारा एकमात्र उद्देश्य संविधान की रक्षा और लोकतंत्र की संस्कृति की रक्षा करना है। कांग्रेस अध्यक्ष ने लिखा इंडियन नेशनल डेवलेपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस के तौर पर यह हमारा साझा प्रयास होना चाहिए कि हम लोकतंत्र की रक्षा करें और चुनाव आयोग की निष्पक्षता को बचाएं। खड़गे ने मतदान प्रतिशत के आंकड़ों में हुए फेरबदल पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि यह अंतिम नतीजों में फेरबदल करने की कोशिश हो सकती है। खड़गे ने कहा कि हम सभी जानते हैं कि पहले दो चरणों में मतदान के रुझानों को देखते हुए पीएम मोदी और भाजपा परेशान है। पूरा देश जानता है कि यह तानाशाही सरकार सत्ता के नशे में चूर है और अपनी कुर्सी बचाने के लिए किसी भी हद तक जा सकती है।

**खड़गे ने 'इंडिया' गठबंधन के नेताओं को लिखा पत्र**

### आंकड़े जारी करने में हुई देरी पर उठे सवाल

दरअसल लोकसभा चुनाव के दो चरणों के मतदान प्रतिशत और डाटा साझा करने में हुई देरी पर विपक्षी पार्टियां सवाल उठा रही हैं। पहले दो चरणों में मतदान प्रतिशत कम रहा। हालांकि चुनाव आयोग ने मतदान के कई घंटे बाद मतदान प्रतिशत के नए आंकड़े जारी किए, जिसमें मतदान प्रतिशत में 5-6 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई। इस विपक्षी दलों ने सवाल उठाया कि आंकड़े जारी करने में इतनी देरी क्यों लगी? विपक्ष ने चुनाव में धांधली का आरोप लगाया।

## प्रचार का था सवाल...नहीं छूटे केजरीवाल

**नई दिल्ली।** दिल्ली शराब नीति मामले में मंगलवार को अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत पर फैसला सुनाए बिना सुप्रीम कोर्ट की बेंच उठ गई। सुबह साढ़े 10 बजे सुनवाई शुरू होने के बाद लंच से पहले तक कोर्ट ने जमानत की शर्तें तय कर ली थीं। हालांकि तब ईडी ने कहा कि केजरीवाल के वकील को 3 दिन सुना गया। हमें भी पर्याप्त समय दिया जाए। अदालत ने जमानत का विरोध कर रही ईडी से कहा कि चुनाव चल रहे हैं और केजरीवाल मौजूदा मुख्यमंत्री हैं। चुनाव 5 साल में सिर्फ एक बार आते हैं। अदालत ने केजरीवाल से कहा कि हम आपको जमानत दे देते हैं तो आप ऑफिशियल ड्यूटी नहीं करेंगे। हम नहीं चाहते कि आप सरकार में दखलअंदाजी करें। अगर चुनाव नहीं होते तो अंतरिम जमानत का सवाल ही नहीं उठता था। केजरीवाल के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा- हम किसी फाइल पर साइन नहीं करेंगे। शर्त है कि स्त्र किसी भी काम को इस आधार पर ना रोकें कि फाइल पर साइन नहीं है। ऐसा कुछ नहीं बोलूंगा, जो नुकसान पहुंचाने वाला हो। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने इसका विरोध करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री और आम आदमी में फर्क किया जाना सही नहीं है। राजनेताओं के लिए अलग कैटेगरी ना बनाएं। जनता के बीच गलत संदेश जाएगा। लंच के बाद जस्टिस खन्ना ने कहा- फिलहाल हम देखते हैं कि दलीलें खत्म होती हैं या नहीं। कल इस बेंच के जज अलग-अलग कॉम्बिनेशन में दूसरे केसों की सुनवाई करेंगे। अगर समय रहते सुनवाई खत्म हो जाती हैं, तो कल ही केजरीवाल के मामले में बेंच बैठेगी। अगर नहीं तो परसों (9 मई) की डेट देंगे। अगर संभव नहीं हुआ तो अगले हफ्ते की तारीख देंगे। उधर, दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने भी केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 20 मई तक बढ़ा दी है।

### सुप्रीम कोर्ट ने जमानत पर नहीं दिया फैसला



## 10 लाख का इनामी टॉप आतंकी कमांडर बासित डार समेत दो ढेर

### 18 मामलों में था शामिल

**जम्मू।** दक्षिण कश्मीर के जिला कुलगाम के रेडवानी इलाके में आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ हुई। इस मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए। इनमें से एक आतंकी लश्कर-ए-तैयबा के ही मुखौटा संगठन टीआरएफ का टॉप कमांडर बासित अहमद डार था। बासित डार ए श्रेणी का आतंकवादी था और 2021 से सक्रिय था। वह श्रीनगर और दक्षिण कश्मीर में सुरक्षा बलों और अल्पसंख्यकों पर हमलों सहित 18 से अधिक मामलों में शामिल था। आईजीपी कश्मीर वीके बिर्दी ने कहा कि उसके सिर पर 10 लाख रुपये का इनाम था। मौके पर से मलबा हटाने का काम अभी भी जारी है। आईजीपी कश्मीर ने बताया कि मंगलवार सुबह, आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच गहन मुठभेड़ शुरू हो गई जो दोपहर तक चली। उन्होंने कहा कि मुठभेड़ में कुलगाम के रेडवानी के प्रतिबंधित लश्कर-ए-तैयबा संगठन का शीर्ष कमांडर बासित डार सहित दो आतंकवादी मारे गए।



## भ्रामक विज्ञापन के लिए सेलिब्रिटी भी जिम्मेदार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को पतंजलि भ्रामक विज्ञापन के मामले में सुनवाई की। कोर्ट ने कहा कि अगर लोगों को प्रभावित करने वाले किसी प्रोडक्ट या सर्विस का विज्ञापन भ्रामक पाया जाता है तो सेलिब्रिटीज और सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर्स भी समान रूप से जिम्मेदार हैं। जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की बेंच ने ये सुनवाई की। अदालत ने कहा- ब्रॉडकास्टर्स को कोई भी विज्ञापन दिखाने से पहले एक सेल्फ डिक्लेरेशन फॉर्म दाखिल करना होगा, जिसमें कहा जाएगा कि विज्ञापन नियमों का अनुपालन करते हैं। अदालत ने कहा कि टीवी ब्रॉडकास्टर्स ब्रॉडकास्ट सर्विस पोर्टल पर घोषणा अपलोड कर सकते हैं और आदेश दिया कि प्रिंट मीडिया के लिए चार हफ्ते के भीतर एक पोर्टल स्थापित किया जाए।

## ...तो लोगों का भरोसा खत्म हो जाएगा

### बंगाल में 25000 शिक्षकों की नियुक्तियां रद्द करने पर रोक

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाले मामले में ममता सरकार को राहत मिल गई। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को 25000 शिक्षकों की भर्ती रद्द करने के कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी। कोर्ट ने सीबीआई को केस की जांच जारी रखने का आदेश भी दिया। जांच एजेंसी से कहा कि इस दौरान कर्मचारी-उम्मीदवारों पर कोई एक्शन न ले। पश्चिम बंगाल सरकार ने 25 हजार शिक्षकों की नियुक्ति को रद्द करने के कलकत्ता हाईकोर्ट ने आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी जिस पर आज सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई की। इस दौरान चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की पीठ ने मामले की सुनवाई के दौरान राज्य सरकार से कुछ सवाल भी पूछे। जिसमें एक सवाल यह भी था कि जब भर्ती प्रक्रिया पर पहले से ही सवाल उठ रहे थे तो शिक्षकों की भर्ती क्यों की गई? इसके साथ ही शीर्ष अदालत ने पूछा कि वेटिंग लिस्ट में रहने वाले कैंडिडेट तक को नियुक्ति क्यों नहीं मिली। पश्चिम बंगाल सरकार के वकील ने जयदीप गुप्ता ने हाईकोर्ट के फैसले को ही गलत ठहरा दिया है। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान कहा कि हाईकोर्ट का फैसला ही गलत है क्योंकि उन्होंने शिक्षकों की नियुक्तियों को ही रद्द कर दिया है। उन्होंने आगे कहा कि ऐसा फैसला लेने का अधिकार हाईकोर्ट के पास है ही नहीं। जिस पर सुप्रीम कोर्ट ने पूछा कि भर्ती परीक्षा से जुड़ी कॉपियां और ओएमआर शीट का क्या हुआ? राज्य सरकार के वकील ने कहा कि अब तो वो नहीं मिल पाएंगी। वकील का जवाब सुनकर चीफ जस्टिस ने कहा कि आखिर ऐसा कैसे हो सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में भर्ती आयोग को उनकी जिम्मेदारी याद दिलाते हुए कहा कि यह तो भर्ती आयोग की जिम्मेदारी होती है कि इन शीट्स की डिजिटल कॉपी अपने पास सुरक्षित रखे। अगर ऐसा ही रहा तो फिर जनता अपना भरोसा ही खो देंगे।



## संविधान फाड़कर फेंकना चाहती है बीजेपी

### चाईबासा की रैली में जमकर बरसे राहुल गांधी

रांची।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को चाईबासा में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि देश में जल, जंगल, जमीन पर पहला अधिकार आदिवासियों का है। भारतीय जनता पार्टी आदिवासी को वनवासी बताकर उनसे यह अधिकार लेना चाहती है। हमारा संकल्प है कि हम उन्हें यह अधिकार दिलाएंगे। चुनाव के ऐलान के बाद पहली बार झारखंड आए राहुल गांधी ने चाईबासा में उसी टाटा कॉलेज मैदान में सभा को संबोधित किया, जहां पीएम नरेंद्र मोदी ने बीते 3 मई को रैली की थी। उन्होंने सिंहभूम सीट से झामुमो की प्रत्याशी जोबा मांझी के लिए वोट मांगे। राहुल गांधी ने सभा में भारतीय संविधान की पुस्तक दिखाते हुए कि कहा कि भाजपा इसे फाड़कर फेंकना चाहती है। इस देश में आदिवासियों, दलितों, पिछड़ों को जो भी मिला है, वह इस किताब की बदौलत मिला है। हमारे बड़े नेताओं ने इस किताब के लिए कुर्बानी दी थी। संविधान की इसी किताब की बदौलत आपको आरक्षण, नौकरियां मिलती हैं। इस किताब को भाजपा खत्म करना चाहती है और हम इसके लिए जान देने को तैयार हैं। कांग्रेस नेता ने देश की टॉप ब्यूरोक्रेसी में आदिवासी अफसरों की कम भागीदारी का सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि आदिवासियों की देश में कुल आबादी आठ फीसदी है। लेकिन, इस हिसाब से उन्हें 100 रुपए में दस पैसे भी खर्च करने का अधिकार नहीं है। राहुल गांधी ने 'इंडिया' गठबंधन की सरकार बनने पर गरीबों, पिछड़ों, दलितों के हर परिवार की एक महिला को हर साल एक लाख रुपए उनके बैंक अकाउंट में डालने का वादा किया।



### 50 प्रतिशत के आरक्षण का लिमिट खत्म करेंगे

उन्होंने कहा कि हम देश में करोड़ों लोगों को लखपति बनाएंगे। उन्होंने ग्रेजुएट और डिप्लोमा होल्डर्स को पहली नौकरी देने, मनरेगा में रोजाना की मजदूरी 250 से बढ़ाकर 400 रुपए करने का भी वादा किया। कांग्रेस नेता ने कहा कि हमारी सरकार बनने पर देश में 50 परसेंट के आरक्षण का लिमिट खत्म कर देंगे। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन को आदिवासी होने के कारण गिरफ्तार कर जेल में डाल दिया गया। इस जनसभा को झारखंड के सीएम चंपई सोरेन और कल्पना सोरेन ने भी संबोधित किया।

# 16 वर्षीय नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म की शर्मनाक घटना

## सनसनीखेज मामले से शहर का हर कोई रह गया स्तब्ध

शहडोल

थाना कोतवाली से लगभग 1 किलोमीटर की दूरी पर कल्याणपुर स्थित केन्द्रीय विद्यालय के नजदीक जंगल मेंएक नाबालिग के साथ गैंगरेप का शर्मनाक मामला सामने आया है। पीड़िता की उम्र 16 वर्ष बताई जा रही है जिसके साथ 5 दरिंदों ने दुष्कर्म किया और उसका अश्लील वीडियो भी बना लिया। घटना के वक्त नाबालिग के साथ उसका एक परिचित भी था जिसे आरोपियों ने मारा-पीटा । प्राप्त जानकारी के अनुसार 16 साल की नाबालिग अपने एक परिचित के साथ स्कूटी से कोचिंग जा रही थी। इसी दौरान रास्ते में 5 युवकों ने उन्हें रोका और परिचित युवक के साथ मारपीट करने लगे। इसी दौरान अन्य युवक नाबालिग को पकड़कर घसीटते हुए जंगल में ले गए और उसके साथ गैंगरेप किया। इतना ही नहीं दुष्कर्मियों ने रेप करते वक्त उसका वीडियो भी बनाया और धमकी दी कि अगर किसी को कुछ बताया तो वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल कर देंगे। नाबालिग को अपनी हवस का शिकार बनाने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। इसके बाद पीड़िता किसी तरह परिचित के साथ घर पहुंची और परिजन को पूरी घटना बताई। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। फिलहाल सभी आरोपी फरार



हैं जिनकी पुलिस तलाश कर रही है।

### जिले में बढ़ते अपराधों से लोगों के बीच दहशत का माहौल

नाबालिग के साथ दरिंदगी की इस घटना से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है और महिलाओं व बेटियों की सुरक्षा को लेकर किए जाने वाले तमाम दावों को लेकर सवाल उठने लगे हैं। शहडोल में लगातार हो रहे अपराध रूकने का नाम नहीं ले रहे हैं। आए दिन हो रहे इस प्रकार की वारदातों से जिले की सुरक्षा व्यवस्था पर सवालिया निशान खड़ा कर दिया है। बताया जा रहा है कि जिले में नशे का बढ़ता जाल भी अपराधों को बढ़ावा दे रहा है, स्थानीय लोगों ने बताया कि कल्याणपुर का यह क्षेत्र नशेड़ियों का अड्डा बना हुआ है। शहर से लेकर गांव तक के लोग यहाँ नशा करने आते हैं और आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देते हैं। जिले में हो रही वारदातों को देखकर तो यही कहा जा सकता है कि अब पुलिस, प्रशासन का भय अपराधियों के बीच दिखाई नहीं दे रहा है। जिले में धड़ल्ले से नशा, जुआँ, सट्टा, अवैध उत्खनन, मिलावट, शराब की पैकारी जैसे गैर कानूनी काम धड़ल्ले से चल रहे हैं, जो कि जिले में अपराधों को बढ़ावा देने का काम कर रहे हैं। जिले को प्रशासनिक सर्जरी की आवश्यकता महसूस की जा रही है। जिले में पदस्थ कुछ पुलिस अमला सिर्फ नजदीकी थानों में अदला बदली कराकर अपनी ड्यिूटी पूरी कर रहा है। जिले में पदस्थ ऐसे तमाम सहायक उपनिरीक्षक, उप निरीक्षकों,आरक्षकों को जिले से बाहर का रास्ता दिखाया जाना चाहिए जो विगत कई वर्षों से सिर्फ इस थाने से उस थाने में अपनी ड्यिूटी बजा रहे और ये लगभग सभी काले कारनामें वालों से परिचित भी हैं।

# बरसात के पूर्व सड़कों की स्थिति सुधारने के निर्देश

### ब्लैक स्पॉटों को चिन्हित कर सुधारें स्थिति

### कार्य न करने वाले ठेकेदारों को जारी करें नोटिसः तरुण भटनागर



**शहडोल** । कलेक्टर तरुण भटनागर की उपस्थिति में सड़क सुरक्षा के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए की आधे अधूरे निर्माण कार्यों को बरसात के पूर्व पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि ब्यौहारी से टेटका सड़क मार्ग की स्थिति को सुधार करवाए तथा सड़कों में किये जा रहे कार्यों की समीक्षा करें जिससे बरसात के समय शिकायत न मिलें। उन्होंने कहा कि सड़क मार्ग में लगने वाली मटेरियल गुणवत्ता युक्त हो यह भी सुनिश्चित करें।कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में ब्लैक स्पॉटों को चिन्हित करे और उनकी स्थिति सुधारें जिससे सड़क दुर्घटनाएं न हों। उन्होंने कहा कि ब्लैक स्पॉटों को चिन्हित कर आवश्यकतानुसार चौडीकरण, स्पीड ब्रेकर, साइन बोर्ड, गति सीमा बोर्ड आदि लगवाना सुनिश्चित करें तथा ब्लैक स्पॉटों का निरीक्षण भी करें।कलेक्टर ने ब्यौहारी अंतर्गत सोन नदी (विजयसोता) में निमार्णाधीन ब्रिज की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सोन नदी पर निमार्णाधीन ब्रिज के कार्य में प्रगति लाए और समय-सीमा में पूर्ण करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यों में प्रगति न लाने वाले ठेकेदारों व संबंधितों को नोटिस देना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने कनवाही ब्रिज, खैरा-पिपरिया ब्रिज, नदो-चचाई, भमरहा-गोरखपुर आदि ब्रिजों के निर्माण कार्य के प्रगति के संबंध में चर्चा की और समय पर पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने बैठक में जिले के अन्य सड़क मार्गों की भी समीक्षा की।

बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, ब्रिज कारपोरेशन के बीएस मरकाम, एमपीआरडीसी, आरडीसी, पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारी उपस्थित थें।

# आकाशीय बिजली की चपेट में आकर चटुवा गांव में दो की मौत, महिला घायल

## शादी समारोह में शामिल होने आए थे दोनों मृतक



**अनूपपुर ( स्वतंत्रमत )।** जिले के पुलिस चौकी सरई अंतर्गत चटुवा गांव में मंगलवार की दोपहर एक शादी समारोह में सम्मिलित रहे दो युवक आकाशीय बिजली की चपेट में आने से स्थल पर मृत हो गए जबकि एक 45 वर्षीय महिला गंभीर रूप से घायल होने पर जिला चिकित्सालय शहडोल रेफर किया गया है। घटना की जानकारी पर सरई पुलिस एवं क्षेत्र के जनप्रतिनिधि मौके पर पहुंचकर कार्यवाही में जुटे हुए हैं। घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी अनुसार पुलिस चौकी सरई अंतर्गत चटुवा गांव में मंगलवार की दोपहर गांव की कुंवर सिंह बैगा के यहां आयोजित वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने बैगा समाज एवं गांव के अन्य ग्रामीण सम्मिलित हुए थे तभी दोपहर 12रू30 बजे तेज आंधी-तूफान के साथ आकाशीय बिजली गिरने से आम के पेड़ के नीचे बैठे 38 वर्षीय रंजीत सिंह पिता कुंवर सिंह परस्ते निवासी चटुवा,19 वर्षीय उमेश बैगा पिता ऐतू बैगा निवासी सिंहपुर, जिला शहडोल की स्थल पर ही मृत्यु हो गई जबकि आकाशीय बिजली के चपेट में आने से 45 वर्षीय महिला विस्मतिया बैगा पति सियाराम बैगा गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना की जानकारी पर गंभीर रूप से घायल विस्मतिया बैगा को उपचार हेतु जिला चिकित्सालय शहडोल रेफर किया गया है तथा घटना की जानकारी पर सरई पुलिस चौकी प्रभारी पीएस बघेल पुलिस दल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर दोनों मृतको शव का पंचनामा की कार्रवाई करते हुए खमरौध स्थित अस्पताल के डॉक्टर फूलसाय मरावी से पीएम की कार्रवाई कराई गई। इस दौरान क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण जन भारी सख्या में एकत्रित रहे।

# सायबर फ्राड में नगर पालिका कर्मचारी ने दिया सूझ-बूझ का परिचय

## नए टेक्नोलॉजी से दिमागी संतुलन से बचने नगर निरीक्षक की अपील

**अनूपपुर ( स्वतंत्रमत )।** कोतवाली थाना प्रभारी अरविंद जैन ने थाना क्षेत्र सहित समस्त जिले के लोगों से अपील किये हैं कि इन दिनों फ्राड बड़े ही चालाकी के साथ अपना हाथ साफ करते देखे जा रहे है। नित नए टेक्नोलॉजी तैयार कर घर परिवार के सदस्यों को मोहरा बनाते हुए लोगों के साथ दिनदहाड़े लूट किया जा रहा है। इनके द्वारा ऐसे लोगों को चिन्हित किया जा रहा जिनके घर परिवार के लोग बाहर परदेश में रहकर पढ़ाई या नोकरी कर रहे हैं। उन्ही परिवार के महिला व बुजुर्ग को पिता को पुत्र के लिये तो पुत्र को पिता व भाई पत्नी से संगीन अपराध घटित करने को बताकर अपने आप को सीबीआई अधिकारी व पुलिस अधीक्षक या अन्य अधिकारी बताकर बाकायदे मैनेजमेंट के नाम पर लाखों रुपये की लूट की जा रही है। वाइस कॉल के माध्यम से इतना धौंस भर देते है कि लोग डर व भय की वजह से परिवार के मोह में फंसकर परेशान न होना पड़े इसलिए पैसे भेजकर अपने हाथ बिना समझे बूझे लूटते देखे जा रहे है। ताजा मामले में नपा अनूपपुर में पदस्थ कर्मचारी डीएन मिश्रा को फ्रॉड करने वालों द्वारा निशाना बनाया गया जिसमें उनके पुत्र अनिरुद्ध मिश्रा जो बेंगलुरु में सर्विस कर रहे हैं के ऊपर संगीन आरोप बताकर वसूली किये जाने का प्रयास किया गया लेकिन श्री मिश्रा ने बुद्धिमत्ता का परिचय देते हुए बड़े साहस के साथ काम किया और फ्राड होने से बाल बाल बच गए। हालांकि पूरे मामले की शिकायत उन्होंने कोतवाली थाना में जाकर तुरंत दी।



**यह थी शिकायत**-श्री मिश्रा ने शिकायत मे बताया कि 6 मई को अपने आपको सीबीआई अधिकारी बताने वाले सुनील कुमार नामक व्यक्ति ने मोबाइल नंबर 923194660973 से मुझे व्हाट्सएप कॉल किया गया एवं कहा गया कि आपका बालक हमारी कस्टडी में है उनके द्वारा संगीन जुर्म एवं अपराध किया गया है अगर आप अपने बालक को छुडवाना चाहते है तो हमे सेवा शुल्क 1 लाख रू. देना होगा। मांग की गई राशि न दिये जाने पर आपका बालक सलाखों के पीछे सड़ जायेगा एवं उनके द्वारा बैंक खाता क्र. 52682310004104 केनरा बैंक सौरभ राजेन्द्र बागड़े लिख कर भेजा गया। जबकि मेरा पुत्र बैंगलोर में सुरक्षित अपने कमरे में है। उपरोक्तानुसार प्रकरण पर प्राथमिकी रिपोर्ट दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही किये जाने का निवेदन किया गया।

**नगर निरीक्षक ने की अपील**-ऐसे मामलों मद्देनजर नगर निरीक्षक कोतवाली ने आमजन से अपील किया है कि लोग किसी भी तरह के अपरिचित काल आने पर रिसीव करने से बचने का प्रयास करें साथ ही पैसे लेकर संगीन अपराध को सेटलमेंट किये जाने की बात पर जल्द पैसे देने से बचने का प्रयास करें क्योंकि अपराध में सेटलमेंट कदापि सम्भव नही हो सकता, अपने घर परिवार को चिंता को लेकर घबराएं नही बल्कि समझाने का प्रयास करें साथ ही कोई भी साइबर संबंधी मामले में फंसने से पहले नजदीकी थाना में शिकायत करें पुलिस का सहयोग करें सुरक्षित रहें।

# खदानों में नहीं मिल रहा पीने का पानी

**बदरा/जमुना ( स्वतंत्रमत )।** कोल इंडिया की सहायक एसईसीएल जिसे मिनी रत्न व महारत्न का दर्जा प्राप्त है जहां एक और कोयला उत्पादन का लक्ष्य प्राप्त करने के लिये एसईसीएल मजदूर खदानों में बिना शुद्ध पानी पिए अपना खून पसीना बहा रहे है और एसईसीएल का नाम कोल इंडिया में रोशन कर रहे है। कोयला ऊर्जा का प्रमुख सोत्र है और कोयला देश के विकास में मेरुदंड की भूमिका निभाता है लेकिन उस कोयले को प्रकृति के विरोध में जाकर धरती का सीना चीर कर कोयला निकाल कर लाने वाले श्रमवीर 8 घंटे कैसे पीने के लिए पानी के मोहताज होकर लगातार कार्य करते हैं। जिले के जमुना कोतमा क्षेत्र में एसईसीएल कंपनी संचालित है जिसमें यहां सात इकाई संचालित है जिसमें अंडरग्राउंड तथा ओपन कास्ट सम्मिलित है खदानों में



लगभग 24 सौ एसईसीएल मजदूर तथा 1 हजार ठेकेदार मजदूर कार्यरत है। जिनके ऊपर प्रतिदिन लगभग 7 से 8 हजार टन कोयला उत्पादन की भूमिका रहती है इसके विपरीत एसईसीएल खदानों में मजदूरों कर्मचारियों को इन दोनों भारी गर्मियों में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था नहीं है ज्यादातर मजदूर अपने घर से पीने का पानी लेकर आते हैं और दिन भर कोयले के उत्पादन में भूमिका निभाते हैं। जल अमृत है, जल पवित्र है। समस्त जीवों का, वनस्पतियों का जीवन व विकास -सब कुछ जल पर ही टिका है। पानी पर बात करते हुए ऐसे वाक्य केवल भावुकता के कारण नहीं लिखे जाते बल्कि यह जीवन का मूलभूत सत्य है कि बिन पानी सब सून परंतु जमुना कोतमा क्षेत्र के जीएम ऑफिस केबिनेट बैठे अधिकारियो को बाकायदा आरो ,बिसलेरी पानी की शुद्ध व्यवस्था है उसके विपरीत क्षेत्र में संचालित खदानों में मजदूरों को शुद्ध पानी पीने के लिए कई मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। जिस सवाल यह उठता है कि बिना शुद्ध पानी पिये कार्य कर रहे मजदूरों को क्षेत्र में कैसे कोयल का उत्पादन करेंगे हालांकि यह मामला गर्मी शुरू होने से पहले कई दिनों से क्षेत्रीय नेताओं के द्वारा प्रबंधन को अवगत कराया गया परंतु आज तक प्रबंधक गहरी निंद्रा में लीन है।

# जिला बदर आदेश के उल्लंघन पर पुलिस ने की कार्यवाही

**अनूपपुर ( स्वतंत्रमत )।** पुलिस अधीक्षक अनूपपुर जितेंद्र सिंह पवार भारतीय पुलिस सेवा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनूपपुर इसरार मंसूरी एवं एस.डी.ओ.पी. अनूपपुर सुमित केरकेट्टा के मार्गदर्शन में कोतवाली पुलिस द्वारा जिला बदर चल रहे आरोपी संग पटेल निवासी पुरानी बस्ती, अनूपपुर के नगर में घूमते पाए जाने की सूचना पर घेराबंदी कर दबोचा जाकर कार्यवाही कर गिरफ्तार किया गया। उल्लेखनीय है कि न्यायालय कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट जिला अनूपपुर आशीष वशिष्ठ के द्वारा पुलिस अधीक्षक अनूपपुर जितेन्द्र सिंह पवार के प्रतिवेदन पर संग पटेल पिता शेषनारायण पटेल उम्र करीब 23 साल निवासी पुरानी बस्ती, अनूपपुर के विरुद्ध विगत 4 वर्षों में मारपीट, गाली गलौज, जान से मारने की धमकी एवं



एक्सटॉर्शन के 09 अपराधिक प्रकरण थाना कोतवाली में दर्ज होना पाए जाने से 23 अक्टूबर 2023 को मध्य प्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3.1 धारा 5 की कण्डिका एवं तथा सह पठित धार 7 के अंतर्गत जिला अनूपपुर एवं जिला अनूपपुर की सीमा से लगे हुए मध्य प्रदेश राज्य के जिला शहडोल, उमरिया और डिंडोरी की सीमाओं से 1 वर्ष की काल अवधि के लिए निष्कासित किया गया है। जिला बदर किए गए आदतन अपराधी संग पटेल निवासी पुरानी बस्ती अनूपपुर के द्वारा जिला बदर आदेश का उल्लंघन कर 06. 05.2024 को शाम करीब 8 बजे पुरानी बस्ती अनूपपुर में घूमते पाए जाने की सूचना पर टी. आई.कोतवाली निरीक्षक अरविंद जैन के नेतृत्व में उप निरीक्षक मंगला प्रसाद दुबे, आरक्षक पूणार्नंद मिश्रा, गिरीश चौहान मनोज गुर्जर एवं दिनेश पाटील के द्वारा घेराबंदी किया जाकर जिला बदर आरोपी संग पटेल को पकड़ा जाकर मध्य प्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम, 1990 की धारा 14 एवं भारतीय दंड विधान की धारा 188 के तहत अपराध पंजीकृत किया जाकर गिरफ्तार किया गया है।



# उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी सम्मानित

**शहडोल** । जिला स्तर पर उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले कक्षा 10वीं एवं 12वीं के छात्र-छात्राओं सहित स्कूल प्राचार्यों को कलेक्टर तरूण भगनागर ने आज कलेक्टर कार्यालय के सोन सभागार में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानति किया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री तरूण भटनागर ने कहा कि पढ़ाई एक बेहतरीन कार्य है, विद्यार्थी जीवन में पूरी मेहनत एवं लगन के साथ पढ़ाई करें। उन्होंने कहा कि शिक्षा हमें बेहतर जीवन एवं अच्छी नौकरी देने के साथ-साथ एक अच्छा इसांन भी बनाती है। शिक्षा की मदद से हम अपने जीवन में आगे बढ़ने के लिए बेहतर से बेहतर निर्णय लेकर कार्य कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राओं की पढ़ाई में पालकों एवं शिक्षकों का विशेष योगदान होता है इनका सम्मान करना चाहिए। कलेक्टर ने जिला स्तर पर अच्छे अंक से उत्तीर्ण होने पर छात्र-छात्राओं, पालको एवं स्कूल प्राचार्यों को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी फूलसिंह मरपाची सहित, छात्र-छात्राएं एवं संबंधित स्कूल के प्राचार्य भी उपस्थित रहे।

# सहकार ग्लोबल कंपनी के साथ उसी के पुराने गुर्गे गुंडागर्दी पर उतारू

### अवैध रेत खदान में डेविड की माफियागिरी हावी

### अवैध रेत खदान खनिज विभाग और पुलिस कार्यवाही से दूर

**शहडोल।** शहडोल जिले के ब्यौहारी थाना क्षेत्र में बीते दिनों रेत माफियाओं ने एएसआई महेन्द्र बागरी की ट्रेक्टर से कुचलकर हत्या कर दिये, उसके बाद प्रशासन अपने होश में आने के बाद हत्या करने वाले माफिया और ट्रेक्टर चालक के अवैध अतिक्रमण मकान को जमीदोज कर दिया गया था, सहकार ग्लोबल कंपनी में अवैध चल रहे हाईवा को जप्त कर कंपनी के जीएम के ऊपर एफआईआर दर्ज किया गया है, सहकार ग्लोबल कंपनी के मैनेजर और कर्मचारियों ने बताया की जिस खदान में ठेका होने के बाद काम चल रहा है वहाँ के अलावा सभी रेत खदानों मे माफियाओं के द्वारा रेत का अवैध उत्खनन और परिवहन धड़ल्ले से किया जा रहा है, खनिज विभाग के जिला अधिकारी और निरीक्षक एवं पुलिस प्रशासन के द्वारा अवैध उत्खनन और परिवहन करने वाले खनिज माफिया के विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं किया जा रहा है।

**ब्यौहारी-बुड़वा, देवलोंद क्षेत्र में रेत माफिया डेविड, निशांत और रणबीर कर रहे तानाशाही**

शहडोल जिले मे संचालित रेत ठेका कंपनी का रेत उत्खनन में सच्चाई यह है कि रेत ठेकेदार सहकार ग्लोबल कंपनी के कर्मचारियों का नाम अफवाह फैलाकर भ्रमित कर घसीटा जा रहा है जबकि क्षेत्र ही नहीं जिला व संभाग के लोगों को भली-भांति मालूम है कि ब्यौहारी बुड़बा क्षेत्र में डेविड निशांत और रणबीर की तूती बोलती है और उनकी चलती है वरना क्या मजाल कि सहकार ग्लोबल के कर्मचारी पिट जाते। वास्तव में जरूरत वास्तविक अपराधियों की पहचान कर उन्हें दंडित किए जाने की है न कि आपसी रंजिश भुनाने और बेकसूरों को फंसा कर उनकी जिंदगी बर्बाद करने की है।

रेत के अवैध कारोबार के मामले में शहडोल जिला पिछले कई वर्षों से सुर्खियों में रहा है। यूं तो जिले में कई खदानें संचालित रही हैं लेकिन सोन घड़ियाल क्षेत्र रेत के अवैध कारोबार का मुख्य केंद्र रहा है जहां ब्यौहारी, बुड़वा, सीधी और रीवा ही नहीं सतना तक के रेत कारोबारियों का दखल और वर्चस्व देखा गया है। इन्हीं वर्चस्व शुदा कारोबारियों ने मनमानी तरीके से रेत का अवैध उत्खनन परिवहन कर लाखों करोड़ों की संपत्ति अर्जित की, इतना ही नहीं कई बेगुनाहों को बर्बाद किया जबकि कुछ को तो अपनी जिंदगी से भी हाथ धोना पड़ा है। मृतकों में पटवारी प्रसन्न सिंह और एएसआई महेन्द्र सिंह बागरी का नाम शामिल है।

शहडोल जिले कि उत्तरी सीमा पर स्थित सोन घड़ियाल क्षेत्र सहित बुड़वा एवं ब्यौहारी की विभिन्न रेत खदानों से उत्खनन और परिवहन का कारोबार किन लोगों द्वारा वर्षों से किया जाता रहा है यह किसी से छिपा हुआ नहीं है। पूर्व में होता यह था कि जो भी बाहर बाहरी कंपनी रेत खनन का ठेका लेती थी वह इन्हीं वर्चस्व शुदा कारोबारियों को पेटी कॉन्ट्रैक्ट पर खदाने सौंप देती थी और वह अपने ढंग से मनमाने तौर पर रेत का अवैध उत्खनन परिवहन करते थे। मौजूदा समय में सहकार ग्लोबल लिमिटेड नामक कंपनी ने इन रसूखदारों को खदान सौंपने के बजाय स्वयं ही खदाने संचालित करने का निर्णय लिया और कार्य आरंभ भी किया गया लेकिन उसके मार्ग पर नित नए रोड़े अटकाए जाते रहे यहां तक की कंपनी के कर्मचारियों को रात के अंधेरे में मारपीट कर वाहनों में तोड़फोड़ जैसी वारदात को भी अंजाम दिया गया। सूत्रों की मानें तो रेत माफिया के रूप में किसी डेविड नामक व्यक्ति द्वारा स्थानीय निशांत और रणबीर नामक व्यक्तियों के साथ मिलकर कारोबार संचालित किया जा रहा है। बताया जाता है कि पूरे इलाके में उनकी मर्जी के बिना पत्ता भी नहीं हिलता है। यदि कोई रेत खदान तक पहुंचना चाहे तो वह सामान्यतः नामुमकिन है यदि कोई भूले भटके पहुंच भी गया तो जिंदा लौटेगा या नहीं इस बात की कोई गारंटी नहीं है।

**रेत ठेका कंपनी के साथ हो रहा साजिश**

रेत कारोबार से जुड़े सूत्रों के हवाले से मिलने वाली जानकारी पर यदि यकीन किया जाए तो एएसआई महेंद्र सिंह बागरी की मौत के बाद सहकार ग्लोबल एवं उसके मैनेजर व कर्मचारियों का नाम उछाले जाने के पीछे एक बड़ी वजह है और वह यह है की रेत माफिया डेविड कहीं ना कहीं बीच में उक्त ठेकेदार कंपनी से भी मिला हुआ था। कालांतर में उक्त कंपनी द्वारा रेत माफिया से किनारा कर लिया गया जिसके कारण उसकी गणित बिगड़ती नजर आई और इसी दौरान महेंद्र सिंह बागरी की हत्या की वारदात हो गई। क्योंकि मामला ब्यौहारी क्षेत्र का है और वहां तीनों माफिया का ही वर्चस्व है इसलिए उन्होंने काल्पनिक तौर पर सहकार ग्लोबल कंपनी की अपने से ईजाद करते हुए कंपनी के तीन लोगों का नाम उछाल दिया और इस प्रयास में जुट गए की सहकार ग्लोबल के उक्त कर्मचारियों की कहानी खत्म हो जाए और रेत माफिया फिर से रेट ठेका कंपनी में पुन स्थापित हो जाए जिससे उनका कारोबार बदस्तूर चलता रहे।

### पुलिस प्रशासन चौकन्ना

बुड़बा क्षेत्र में रेत माफिया के रूप में स्थापित माफियाओं द्वारा अपने स्तर पर साजिश तो अच्छी रची गई लेकिन उन्हें शायद इस बात का एहसास नहीं रहा की जिला व संभाग मुख्यालय में पदस्थ अधिकारी किसी के बहकावे में आने वाले नहीं बल्कि तथ्यों और सबूत के आधार पर कार्यवाही करने वाले तथा वास्तविक दोषियों को खोज निकाल कर उन्हें दंडित करने वालों में से हैं। चौकन्ने जिला व पुलिस प्रशासन के साथ ही संभाग आयुक्त व एडीजीपी जैसे वरिष्ठ अधिकारी मौजूद हैं जिन्हें निष्पक्ष और न्याय संगत कार्यवाही के लिए जाना जाता है।

### नई शिक्षा नीति के तहत रादुविवि ने प्रदेश में मारी बाजी

# सुबह हुई परीक्षा, शाम को आ गया परिणाम

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय ने परीक्षा के महज आठ घंटे के अंदर ही परीक्षा परिणाम जारी कर दिया है। यह प्रदेश का पहला विश्वविद्यालय है जहां पर नई शिक्षा नीति के तहत स्नातक अंतिम वर्ष का पहला परीक्षा परिणाम जारी हुआ है। नई शिक्षा नीति के तहत अधिकांश विश्वविद्यालयों में अभी स्नातक अंतिम वर्ष की परीक्षाएं संचालित हो रही हैं। मंगलवार की सुबह परीक्षा हुई शाम को विश्वविद्यालय प्रशासन ने परिणाम जारी कर दिया। बता दें कि बीसीए अंतिम वर्ष की परीक्षा का परिणाम मंगलवार को जारी हुआ। कुल परिणाम 97 प्रतिशत रहा। आधा सैकड़ा से ज्यादा विद्यार्थी इसमें शामिल हुए थे। सारे विद्यार्थी सफल हो गए, कुलसचिव डॉ. दीपेश मिश्रा ने कहा कि प्रदेशभर के विश्वविद्यालयों में जहां नई




शिक्षा नीति में अभी परीक्षाएं हो रही हैं, वहीं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय ने पहला परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया है। उनके अनुसार विद्यार्थी जल्द परिणाम लेकर आगामी शिक्षा के लिए प्रयास कर पाएंगे। इधर प्रवेश प्रक्रिया चालू है जिसमें विद्यार्थियों को पहले मौका मिल पाएगा।

#### ऐसे घोषित किया परिणाम

जबलपुर और कटनी में परीक्षा के दो सेंटर बनाए गए थे। बीसीए अंतिम वर्ष की परीक्षा में छह कालेजों के विद्यार्थी शामिल हुए। परिणाम तेजी से लाने के लिए कुलसचिव ने कुलपति प्रो. राजेश वर्मा के मार्गदर्शन में विशेष टीम बनाई जिसने मूल्यांकन किया। उन्होंने मंगलवार को सुबह सात से दस बजे तक पेपर कराया। इसके बाद फौरन उत्तरपुस्तिकाओं को कटनी परीक्षा केंद्र से जबलपुर बुलवाया। इस बीच विश्वविद्यालय में मूल्यांकनकर्ता शिक्षकों को सूचना दे दी गई थी। विश्वविद्यालय में तत्काल मूल्यांकन कार्य करवाया गया।

#### पांच घंटे में हो गया मूल्यांकन

पांच घंटे के अंदर मूल्यांकन पूरा कर परिणाम तैयार करवाया गया। प्रैक्टिकल की परीक्षा भी विश्वविद्यालय प्रशासन ने परीक्षा के दौरान ही ले ली थी, इसलिए बिना देरी शाम छह बजे परिणाम जारी हो गया। कुलपति प्रो. राजेश वर्मा ने छात्र हित में शीघ्रता से परिणाम जारी करने के लिए विश्वविद्यालय की पूरी टीम को बधाई दी। परिणाम जारी करने के दौरान कुलपति कार्यालय में प्रो.राकेश बाजपेयी, प्रभारी उपकुलसचिव अभयकांत मिश्रा, सहायक कुलसचिव सुनीता देवड़ी, आनलाइन प्रभारी डॉ. आरके गुप्ता मौजूद रहे।

## ब्राह्मण समाज की मासिक बैठक सम्पन्न

**सिहोरा (स्वतंत्र मत)।** ब्राह्मण समाज सिहोरा द्वारा माह अप्रैल और मई माह की कार्यकारिणी की मासिक बैठक शुक्ल जी की बखरी के पास स्थित समाज के भवन में आयोजित की गई जिसमें प्रतिभा सम्मान समारोह स्मारिका विमोचन एंव यज्ञोपवीत संस्कार के आय व्यय का लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया। साथ ही संयुक्त ब्राह्मण समाज द्वारा भगवान परशुराम जयंती महोत्सव पर नृसिंह मंदिर खितौला से प्रारम्भ होने वाली विशाल वाहन वाहन रैली में इष्ट मित्रों सहित पहुंचने के साथ सम्पूर्ण आयोजन में सभी से उपस्थित रहने के लिए सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष राकेश पाठक, प्रवीण कुररिया, गोपाल पाठक, अशोक उपाध्याय,एम एल गौतम, सुनील तिवारी, सुरेन्द्र तिवारी,अवधेश दुबे,अनिल कुररिया,नरेन्द्र त्रिपाठी, राजेश मिश्रा, रवि दुबे, अनिरुद्ध त्रिवेदी, प्रवीण गौतम सहित कार्यकारिणी सदस्य एंव पदाधिकारी उपस्थित थे।

# मंगल को पारा का दंगल
## 42 डिग्री के पार हुई तपिश

### उत्तर पश्चिमी हवायें दे सकती हैं चंद राहत

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** 7 मई मंगलवार का दिन इस सीजन का सबसे गर्म दिन दर्ज किया गया इस दिन का अधिकतम तापमान 42.1 दर्ज किया गया। इसका असर सुबह से ही महसूस कया जाता रहा। दिन भर चटक धूप और गर्म हवाओं के थपेड़ों ने आमजन को बेहाल कर दिया था। देर शाम उत्तर पश्चिमी हवायें करीब 4 किमी की रफ्तार से चलीं जिस कारण थोड़ी राहत महसूस की गई, कुछ स्थानों



पर हल्की बूंदाबांदी हुई। जानकारों का कहना है कि आजकल में राहत की बूंदाबांदी हो सकती है लेकिन इसके बाद उमस बेहाल कर देगी।

## सामुदायिक भवन बन गया गेहूं का गोदाम

**सिहोरा (स्वतंत्र मत)।** जनपद पंचायत सिहोरा के अंतर्गत ग्राम पंचायत टिकरिया पुरानी गांव में शासकीय राशि से आम नागरिकों के धार्मिक सामाजिक कार्यों के उपयोग के लिए बना समुदायिक भवन सरपंच की सहमति से कई व्यापारियों व किसानों के लिए गेहूं का गोदाम बन गया। इस सामुदायिक भवन में बड़ी मात्रा में गेहूं भंडारित की गई है जिसे लोडकर खरीदी केदो में पहुंचाया जा रहा है। वीडियो में स्पष्ट रूप से ग्राम पंचायत टिकरिया पुरानी के सरपंच संजय सिंह राजपूत कह रहे हैं कि यह गेहूं का भंडारण मेरी सहमति से हुआ है। मेरे लोगों ने यहां गेहूं रखा है जो अब उठाया जा रहा है। इस पूरे मामले की शिकायत पूर्व जिला पंचायत सदस्य वंदना पटेल ने कलेक्टर दीपक सक्सेना, सिहोरा एसडीएम रूपेश सिंघई, जनपद पंचायत सिहोरा के सीईओ जितेंद्र गुप्ता से वीडियो भेज कर मामले की शिकायत कर जांच की मांग की है।

## विद्यार्थी के लिए ऑनलाइन कॅरियर काउंसलिंग



**जबलपुर(स्वतंत्र मत)।** संभाग के 12वीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिए संभाग स्तरीय नि:शुल्क ऑनलाइन कॅरियर काउंसलिंग का उद्घाटन करते हुये डॉ. संतोष जाटव अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा विभाग ने कहा कि 12वीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों को अब ऑनलाइन काउंसलिंग, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं शासन की सभी योजनाओं, प्रवेश संबंधी अन्य जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त होगा। मप्र इसकी शुरुआत जबलपुर संभाग से की जा रही है। इस अवसर पर नि:शुल्क ऑनलाइन कॅरियर काउंसलिंग का पोस्टर रिलीज किया गया। प्रो अरुण शुक्ल संभागीय समन्वयक ने बताया कि संभाग स्तरीय नि:शुल्क ऑनलाइन कॅरियर काउंसलिंग का शुभारंभ किया गया है। विभिन्न जिलों के अकादमिक एवं मनोवैज्ञानिक काउंसलरों द्वारा जबलपुर संभाग के 12वीं उत्तीर्ण इच्छुक विद्यार्थी को दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक मोबाईल एवं ई मेल के माध्यम से नि:शुल्क ऑनलाइन कॅरियर काउंसलिंग प्रदान की जायेगी। महाकोशल कॉलेज में दोपहर 1 बजे से 4 बजे तक काउंसलरों द्वारा ऑफलाइन नि:शुल्क काउंसलिंग की सुविधा भी उपलब्ध है। इस अवसर पर काउंसलर डॉ. सुमित पासी, पायल चौरसिया, उर्मिला शर्मा, ओएसडी डॉ. अजय गुप्ता आदि उपस्थित रहें।

## क्यों की विलम्ब से कार्यवाही जवाब दो: आयोग

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** शहर के माढ़ोताल थानांतर्गत गत दिनों दो बाइक सवार चार युवकों द्वारा एक गर्भवती महिला को गला दबाकर उसकी हत्या करने की घटना सामने आई है। जानकारी के अनुसार बोलरो सवार परिवार पर लुटेरों ने हमला कर दिया। जिसमें महिला ने मंगलसूत्र लूटने का विरोध किया तो उसकी हत्या कर दी। मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग के क्षेत्रीय कार्यालय प्रभारी फ़रजाना मिर्जा ने बताया कि समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचार के आधार पर मामले में संज्ञान लेकर मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग की मुख्यपीठ भोपाल में सुनवाई करते हुए अध्यक्ष मनोहर ममतानी व सदस्य राजीव कुमार टण्डन ने मानव अधिकारों के हनन का मामला मानकर, जबलपुर के पुलिस अधीक्षक से मामले की जांच कराकर की गई कार्रवाई तथा पीड़ितों के द्वारा पुलिस में रिपोर्ट करने के प्रयास में गोहिलपुर थाना, माढ़ोताल थाना से सम्बन्धित पुलिस अधिकारी/कर्मी के द्वारा की गई उपेक्षा/विलम्ब के सम्बन्ध में की गई कार्रवाई का प्रतिवेदन तीन सप्ताह में मांगा है।

### जबलपुर से पुरी, गंगासागर, काशी, अयोध्या के लिए

## रवाना होगी भारत गौरव पर्यटक ट्रेन



**जबलपुर(स्वतंत्र मत)।** मध्यप्रदेश के तीर्थ यात्रियों के लिए इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कारपोरेशन लिमिटेड द्वारा भारत गौरव पर्यटक ट्रेन का संचालन किया जा रहा है। जो दिनांक 23/6/2024 को जबलपुर स्टेशन से पुरी-गंगासागर, काशी यात्रा एवं अयोध्या में रामलला के दर्शन के लिए रवाना होगी। यह ट्रेन मध्यप्रदेश के इंदौर, देवास, उज्जैन, शुजालपुर, सीहोर, रानी कमलापति, इटारसी, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी एवं अनूपपुर स्टेशनों से होते हुए जाएगी, जहां से यात्री इस ट्रेन पर सवार हो सकेंगे। 9 रातें/10 दिनों की इस यात्रा में पुरी, गंगासागर, बैद्यनाथ, जसडीह, वाराणसी एवं अयोध्या के दर्शनीय स्थलों का भ्रमण कराया जायेगा।आईआरसीटीसी इस सर्व समावेशी टूर की पेशकश कर रहा है, जिसमें भारत गौरव ट्रेन के विशेष एलएचबी रेक में आरामदायक रेल यात्रा, ऑनबोर्ड और ऑफ बोर्ड भोजन, सड़क परिवहन और गुणवत्तायुक्त बसों में दर्शनीय स्थलों की यात्रा, यात्रा कार्यक्रम के अनुसार आवास की व्यवस्था, यात्रा में टूर एस्कॉर्ट्स, यात्रा बीमा,ऑन-बोर्ड सुरक्षा और हाउसकीपिंग की सेवा शामिल है।

## दुबई गए युवक को खोजने धर्मसेना ने सौंपा ज्ञापन

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** फूटाताल निवासी रमेश यादव का 30 वर्षीय पुत्र सोनू यादव मार्च 23 में अपने मित्र तारिक खान के साथ जॉब करने दुबई गया हुआ था। उसके मित्र तारिक खान ने सोनू यादव को विश्वास दिलाया कि दुबई में उसके रिश्तेदार रहते हैं, जहां पर वह सोनू यादव की अच्छी नौकरी लगवा देगा। दुबई जाने के बाद सोनू कुछ माह तक अपने घर वालो से बातचीत करता रहा, लेकिन कुछ माह पहले सोनू यादव का दोस्त तारिक खान अकेले दुबई से वापस भारत आ गया। जब सोनू के घर वालो ने उसे सोनू के विषय में



पूछा तो वह सोनू के विषय में गोलमाल जवाब उसके घर वालो को दे रहा था और सोनू का मोबाइल भी कुछ माह से बंद बता रहा था। सोनू के विषय में चिंतित उसके परिजनों ने आज शाम को धर्म सेना के साथ कोतवाली थाना प्रभारी को अपने पुत्र सोनू यादव का पता शीघ्र लगाने को ज्ञापन दिया कोतवाली थाना प्रभारी ने पता लगाने का आश्वासन दिया है। ज्ञापन के दौरान धर्मसेना अध्यक्ष योगेश अग्रवाल, नीरज राजपूत, अरविंद बाबा, जगदीश दुबे, अनिल दुबे, अविनाश सुखदान, अतुल यादव, अक्षय राय वैभव गुप्ता सहित सोनू यादव के परिजन उपस्थित रहे।

## रक्तदान शिविर में 59 यूनिट रक्त का संग्रह




**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा औद्योगिक क्षेत्र रिछाई में मंगलवार को सात्विक सेवा समिति एवं सक्षम प्राणदा प्रकोष्ठ महाकोशल के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 59 रक्तवीरों ने पीड़ित मानवता के लिए रक्तदान किया। रक्त का संग्रह डॉ चनपुरिया के नेतृत्व में मेडिकल कॉलेज की ब्लड बैंक की टीम ने किया। इस अवसर पर डॉ पवन स्थापक, डॉ अंकित सेठ, जिला रेडक्रॉस सोसायटी के कार्यकारिणी सदस्य सुनील गर्ग भी मौजूद थे।

## चालक की बेरहम पिटाई का वीडियो वायरल

### युवाओं ने की कड़ी कार्यवाही की मांग

**सिहोरा (स्वतंत्र मत)।** पिछले तीन चार दिनों से लगातार सोशल मीडिया में गोसलपुर के ट्रांसपोर्टर व्यवसायी गोसलपुर निवासी बसीम खान व उसके भाईयों द्वारा अपने हाइवा चालक को कमरे में बंद कर चोरी के शक में बेरहमी से मारपीट करने का मामला सोशल मीडिया में वायरल होने से लोगों के मन में खासी नाराजगी देखने को मिली। वीडियो के वायरल होते ही गोसलपुर के नाराज युवाओं ने एकत्रित होकर थाना प्रभारी राजेंद्र सिंह मर्सकोले को ज्ञापन सौंप कर कठोर कार्यवाही की मांग करते हुए वीडियो की तथ्यात्मक जानकारी जुटाकर कड़ी कार्यवाही की मांग की है। इस मौके पर पूर्व जनपद सदस्य मनीष पटैल, मोंटी दुबे, एड. दीपक तिवारी, आशीष पाठक,



राहुल तंतुवाय, विपिन अग्रवाल, धमेन्द्र पटेल, कमल पटेल, सोनू जैन, मनीष साहू, नरेंद्र पटेल, अरुण पटेल सहित अनेक लोग मौजूद थे।

## गुण्डा टैक्स मांगने बदमाश ने घर में चलाए बम

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** घमापुर थाना अन्तर्गत लगातार अपराधों का ग्राफ बढ़ता जा रहा है। थाना पुलिस की निष्क्रियता के चलते जहां बदमाशों के हौसले बुलंद हैं, वहीं आमजन में खौफ का माहौल बना हुआ है। यही कारण है कि अपराधी बेखौफ होकर आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। ऐसा ही एक मामला थानाक्षेत्र अंतर्गत बरऊ मोहल्ले में देखने को मिला जहां आतंक फैलाने एक बदमाश ने घर में लगातार बमबाजी की। बताया जा रहा है कि बदमाश ने पहले मंदिर में हाथ जोड़े और फिर एक घर में जाकर बम चला दिए। पूरी घटना पास में ही लगे सीसीटीवी कैमरे में घटना कैद हो गई है। जानकारी अनुसार घमापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बरऊ मौहल्ले में एक आदतन बदमाश आनंद ठाकुर के द्वारा आतंक फैलाने के लिए एक घर जमकर बमबाजी की और उसके बाद क्षेत्र में दहशत फैलाने फायरिंग कर मौके से फरार हो गया। वही यह पूरी वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई। वही जिस घर में आनंद ठाकुर के द्वारा बमबाजी की घटना को अंजाम दिया गया है, उन्होंने घटना के बाद तत्काल मामले की शिकायत थाने पहुंचकर दर्ज कराई है। पीड़ित मानसिंह ठाकुर ने बताया की आनंद ठाकुर के द्वारा उसके घर में अवैध वसूली के चलते बम चलाये है । आनंद द्वारा कई बार उससे रूपयों की मांग की गई, लेकिन उसने उसे रूपये नहीं दिए। इसकी कारण से उसने घर में बमबाजी और फायरिंग कर फैलाई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## कमेटी ने सोशल मीडिया पर भ्रमक प्रचार करने वाले के खिलाफ सौंपी शिकायत

### सुब्हानल्ला शाह दरगाह का मामला, जल्द होगी एफआईआर

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** मुस्लिम बाहुल्य इलाके सुब्बाशाह मैदान स्थित हाजी सुब्हानल्ला शाह दरगाह कमेटी के पदाधिकारियों पर सोशल मीडिया के जरिए कुछ तत्वों ने झूठे आरोप लगाए। बीते एक पखवाड़े से चल रहे इस घटनाक्रम की कड़ी में सोमवार को दरगाह कमेटी के पदाधिकारियों ने हनुमानताल थाना प्रभारी के नाम एक शिकायत सौंप कर सोशल मीडिया में भ्रमक प्रचार करने वाले तत्वों के खिलाफ एफआईआर दर्ज किए जाने की मांग की। हनुमानताल थाना प्रभारी से मिलने पहुंचे सुब्हानिया दरगाह के सज्जादानशीन हजरत बदरुद्दीन गुड्डू बाबा और कमेटी के पदाधिकारियों ने बताया कि बीते एक पखवाड़े से सोशल मीडिया पर आरिफ पहलवान नामक शख्स कमेटी के खिलाफ झूठी बातों का प्रचार कर रहा है। कमेटी पर जमीन हड़पने और कब्जा करने का झूठा आरोप लगाकर लोगों को बहकाने वाले आरिफ और उसके साथियों को दरबार के इतिहास का



ज्ञान ही नहीं है। कमेटी ने बताया कि आरिफ और उसके साथी दरगाह के सज्जादानशीं हजरत बदरुद्दीन गुड्डू बाबा पर फर्जी वसीयत बनाने का झूठा इल्जाम लगा रहे हैं। इसके अलावा आरोपी आरिफ अजीम दरगाह के हिसाब-किताब के बारे में झूठी और अधूरी जानकारियां सोशल मीडिया पर जारी कर रहा है।

#### जमीन पर भूमाफिया की नजर

कमेटी के पदाधिकारियों ने अपनी शिकायत में बताया कि सुब्बाशाह मैदान की जमीन पर भूमाफियाओं की नजर है। जिसके इशारों पर आरिफ और उसके साथी सोशल मीडिया में दरगाह के खिलाफ झूठा प्रचार-प्रसार कर रहे हैं। कमेटी ने शिकायत में यह भी बताया कि आरोपी आरिफ की गतिविधियां संदिग्ध हैं। आरोपी मौलाना आजाद वार्ड से पार्षद चुनाव भी लड़ चुका है। कांग्रेस छोड़ एमआईएम ज्वाइन करने वाला आरोपी वापस कांग्रेस में शामिल हो गया। हनुमानताल थाना प्रभारी ने दरगाह कमेटी के पदाधिकारियों की शिकायत पर जल्द एफआईआर दर्ज किए जाने का आश्वासन दिया है।

### भारत के लेकमैन आनंक ने बताई तालाबों का पुनर्जीवन की गाथा

# जल में भी है जीवन, भावी पीढ़ी के लिये संरक्षण जरूरी






**जबलपुर (स्वतंत्र मत)**

बेंगलूरू में कुल 36 लेक का पुनर्उत्थान किया गया। वह देश के 12 राज्यों के साथ वर्तमान में मिलकर इस विषय पर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने प्राकृतिक तरीके से जल संरक्षण के लिये तालाबों के पुनर्जीवन के समस्त पहलुओं को व्यहवहारिक रूप में बताया और उनके द्वारा किये गये कार्यों को भी दिखाया गया। उन्होंने कहा कि जल में भी जीवन होता है अत: सभी लोग जल संरक्षण की दिशा में कार्य करें और तालाबों को पुनर्जीवित करें।

यह कार्य भावी पीढ़ी के लिये बहुत लाभकारी होगा। उनके द्वारा प्रस्तुतीकरण के द्वितीय भाग में तकनीकी विकल्प के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया।

***सीईओ जयति सिंह का रहा निर्देशन***- जिला पंचायत की सीईओ जयति सिंह के निर्देशन में मानस भवन में तालाब का पुनर्जीवन विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें भारत के लेकमैन आनंद मल्लिगावड द्वारा कार्यशाला में उपस्थित प्रतिभागियों को बताया गया कि उनके द्वारा कैसे वर्ष 2015 से इस कार्य को करने की प्रेरणा मिली और वो अपने जॉब को छोड़कर क्यों इस कार्य को करने के लिये चुने।

उनके द्वारा यह भी बताया गया कि किन-किन कठिनाईयों का सामना करना पड़ा और कैसे लोगों को इस कार्य करने के लिये अपने साथ जोड़ा गया। लेक में किस तरह से अवैध कब्जों को हटाया गया, बिना प्रशासन का सहयोग लिये। तदोपरांत भूमि जल संरक्षण बोर्ड भोपाल से उपस्थित डॉ. राकेश सिंह साईन्टिस्ट द्वारा बोरवेल और अंडर ग्राउण्ड वाटर रिचार्ज पर अपना प्रस्तुतीकरण दिया गया।

उनके द्वारा बताया गया कि बोरवेल खनन के दौरान किन-किन बातों को ध्यान में रखा जाये जिससे पानी की उपलब्ध ता बनी रहे। इस दौरान उन्होंने बोरवेल खनन के लिये स्थान चयन के साथ अन्यस विभिन्न पहलुओं के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। जिससे की बोरवेल फेल न हो। इस कार्यशाला में कार्यशाला में सीईओ जिला पंचायत, कार्यपालन अधिकारी, यंत्री, उपयंत्री, ग्राम पंचायतों के सचिव, जल संसाधान, आरईएस व अशासकीय संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# बांधवगढ़ में जंगली हाथियों से सुरक्षा के लिए सुरक्षा कैंप के चारों तरफ खोदी खाई

उमरिया।



बांधवगढ़ के जंगल में पिछले छह सालों से डेरा डाले हुए जंगली हाथियों से सिर्फ गांव के लोग ही दहशत में नहीं हैं बल्कि इन हाथियों से गांव के लोगों की सुरक्षा की जिम्मेदारी निभाने वाले वनकर्मी भी परेशान हैं। वन कर्मियों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए अब कैंप के चारों तरफगहरी खाई खोदने की शुरूआत की गई है। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में हाथ जंगली हाथियों की बढ़ती दहशत के कारण अब जंगल के अंदर बनाए गए गश्ती दलों के कैंप की सुरक्षा के लिए भी प्रयास शुरू हो गए हैं। जंगल के अंदर के कई कैंप को जंगली हाथी उजाड़ चुके हैं, यही कारण है कि अब कैंप की सुरक्षा पर भी ध्यान दिया जाने लगा है। जंगली हाथी कई झुंड में बंटे हुए हैं और वे कभी भी कहीं भी पहुंच जाते हैं जिससे कैंप की सुरक्षा बेहद आवश्यक है।

कैंप की सुरक्षा के लिए अभी तक सिर्फ फेंसिंग की जाती थी लेकिन अब सुरक्षा की नई पहल करते हुए फेंसिंग के बाहर से कैंप के चारों तरफ गहरी खाई खोदी जाने लगी है। बांधवगढ़ के सभी नौ रेंज में यह प्रयोग शुरू किया गया है। इस बारे में जानकारी देते हुए डिप्टी फील्ड डायरेक्टर पीके वर्मा ने बताया कि जंगली हाथियों के खतरे को देखते हुए कैंप की सुरक्षा बेहद आवश्यक हो गई है, इसलिए यह प्रयोग किया जा रहा है। यदि यह प्रयोग सफल होता है तो इसे और विस्तार प्रदान किया जाएगा। कैंप की तरह खाई का यह प्रयोग गांवों में भी किया जा सकता है और उन दूसरे टाइगर रिजर्व और जंगलों में भी किया जा सकता है जहां जंगली हाथी बड़ी समस्या बने हुए हैं।

बताया गया है कि बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के सभी रें रेंज में 18 कैंप के चारों तरफ9 मीटर चौड़ी खाई खोदी गई है। इस खाई की गहराई दो मीटर से ज्यादा रखी गई है। अनुमान लगाया जा रहा है कि इतनी गहरी खाई के अंदर ना तो हाथी उतर सकते हैं और ना ही उतरने के बाद उसे पार करके कैंप के अंदर प्रवेश कर सकते हैं। जंगली हाथी इस खाई को फ्लांग भी नहीं सकते है जिससे अब कैंप पूरी तरह से सुरक्षा घेरे में रहेंगे। पहले कैंप के चारों तरफ फेंसिंग की जाती थी जिसे जंगली हाथी उखाड़ दिया करते थे और अंदर पहुंचकर कैंप को तहस-नहस कर दिया करते थे। बांधवगढ़ के जंगल में कई कैंपो का यही हाल हाथी कर चुके थे जिसके बाद कैंप के चारों तरफखाई खोदी गई है।

कैंप की सुरक्षा के लिए खोदी गई खाई में यदि जंगली हाथी उतर जाएंगे तो समस्या जरूर सामने आएगी। खाई से हाथियों को बाहर निकालना एक बड़ा मुश्किल काम होगा। खाई में हाथी के गिरने के बाद उनका रेस्क्यू करना बहुत आसान काम नहीं होगा। क्योंकि एक हाथी के खाई में गिरते ही कई अन्य हाथी यहां पहुंच जाएंगे और उनके रहते कोई रेस्क्यू कर पाना आसान काम नहीं होगा। ऐसी मुकिश्ल पेश आने पर क्या किया जा सकता है इस विषय पर भी वन विभाग विचार कर रहा है।

कैंप के चारों तरफ खोदी गई खाई जंगली हाथियों के खतरे से कैंप को तो सुरक्षा दे देगी पर इससे कई तरह के दूसरे खतरे जंगली जानवरों पर बढ़ सकते हैं। कैंप के चारों तरफ खोदी गई खाई अपने आप में कम खतरनाक नहीं है। वर्षा कल के दौरान इस खाई में पानी भर जाएगा और इस दौरान जंगली जानवर इस खाई में गिरकर खतरे में फंस सकते हैं। कैंप की सुरक्षा के साथ इस आशंका को भी ध्यान में रखना बेहद आवश्यक होगा। हालांकि अभी इस बारे में वन विभाग के अधिकारियों ने फिलहाल कोई विचार नहीं किया है।

# अभिभावकों को राहत पहुंचाने लगा पुस्तक मेला साबित हुआ खानापूर्ति

## कलेक्टर ने जताई नाराजगी..!

उमरिया।



मध्य प्रदेश के उमरिया शहर में स्कूली छात्रों के अभिभावकों को राहत पहुंचाने के लिए लगाया गया 3 दिवसीय पुस्तक मेला मंगलवार 7 मई को कॉलरी स्कूल में शुरू हो गया है। ये मेला 7 मई से 9 मई तक चलेगा। पुस्तक मेले में अब तक जो व्यवस्था रही उससे यह पुस्तक मेला महज खानापूर्ति साबित हो रहा है। इस पुस्तक मेले में नाम मात्र की ही किताबें पहुंच पाई है..! कॉलरी स्कूल के एक कमरे में उमरिया के ही दुकानदारों के द्वारा बुक स्टॉल लगाए गए जिसमे बिजली की भी पर्याप्त व्यवस्था न होने के कारण ऐसा लगता था कि महज औपचारिकता ही निभाई गई थी और उस पुस्तक मेले में एक भी अभिभावक का न आना दर्शाता है कि इसका प्रचार प्रसार अच्छे ढंग से नही किया गया था और केवल स्कूल संचालकों को ही बुलाया गया था..! वही कलेक्टर उमरिया ने फीता काटकर पुस्तक मेले का शुभारंभ तो कर दिया गया लेकिन कलेक्टर के जाते ही सभी ने पुस्तकें समेत कर चलते बने..! उमरिया के व्यापारियों द्वारा लगाये गए बुक स्टॉल में एनसीईआरटी 10वी और 12वी के कोर्स की एक भी पुस्तकें नही थी न ही प्राइवेट स्कूलों में लगने वाले ड्रेस ही थे जिस पर कलेक्टर ने नाराजगी जताई इस पर डीईओ ने कहा कि हम बाहर के कुछ लोगो से बात कर रहे हैं और वे एक दो दिन में आकर बुक स्टॉल लगाएंगे। उमरिया कलेक्टर ने डीईओ को निर्देशित किया कि सुबह और शाम को रोजाना बुक स्टॉल लगाया जाए और अभिभावकों को सूचित करे जिससे जिस उद्देश्य को लेकर पुस्तक मेला लगाया गया है वो सार्थक हो सके। मेले में ज्यादातर दूसरे विषय की किताबें मौजूद रही। वहीं डिस्काउंट के नाम पर कॉपियां ज्यादा मौजूद रही। गिने चुने पब्लिशर की किताब ही मेले में लगे रहे। उस पर भी कोई खास डिस्काउंट नहीं है। कलेक्टर के साफ निर्देश के बाद भी मेले में पुस्तक विक्रेता अपनी मोनोपोली दिखाने से बाज नहीं आ रहे।

## जिले के 1112 किसानो से 35134.71 क्विंटल गेहूं की खरीदी

**उमरिया** । जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि जिले में बनाये गये 34 गेहूं खरीदी केन्द्रों के माध्यम से अब तक 1112 किसानो से 35134.71 क्विंटल गेहूं की खरीदी की गई है। गेहूं खरीदी का कार्य 20 मई तक किया जाएगा। जिले के गेहूं विक्रय के इच्छुक सभी किसानों से अपेक्षा की गई हैं कि समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन योजना का अधिक से अधिक लाभ अर्जित करने हेतु शासन की नियत अवधि 20 मई 2024 तक अपनी उपज गेहू स्लॉट बुकिंग कर नजदीकी गेहूं उपार्जन केन्द्रन पर विक्रय कर शासन की योजना का अधिक से अधिक लाभ अर्जित कर सकते है ।



# तेंदू पत्ता तोड़ने गई वृद्धा पर जंगली सुअर ने किया हमला

उमरिया।

जिले के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के मानपुर रेंज अंतर्गत बफर जोन में तेंदुपत्ता तोड़ने गई 70 वर्षीया महिला पर जंगली सुअर ने हमला कर दिया । जानकारी के बाद मानपुर रेंज की टीम ने घायल महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मानपुर में लाकर भर्ती करवाया। मानपुर रेंज के बफर जोन अंतर्गत बरबसपुर बीट के कक्ष क्रमांक पीएफ385 में बूटी बाई पति गंगू बैगा उम्र 70 वर्ष तेंदू पत्ता तोडने गई हुई थी तभी जंगल में जंगली सुअर ने वृद्धा के ऊपर हमला कर दिया जिसमें वृद्धा घायल हो गई ।मानपुर रेंजर मुकेश अहिरवार ने बताया कि जंगली सुअर ने तेंदू पत्ता तोड़ने के दौरान अम्मा को घायल कर दिया था। सूचना मिलते ही हम लोग जाकर अम्मा को लाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मानपुर में भर्ती करवाये हैं जहां उनका इलाज किया जा रहा है।

# कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय उमरिया का किया औचक निरीक्षण

## चिकित्सालय में भर्ती मरीजों से उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओ के संबंध में की रूबरू चर्चा

**उमरिया** । कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने जिला चिकित्सालय उमरिया का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने ओपीडी कक्ष, हेल्प डेस्क सेंटर, दवा वितरण कक्ष, इमरजेंसी वार्ड, ब्लड डोनेशन कक्ष, डायलिसिस कक्ष, डेंगू परीक्षण कक्ष, प्रसव कक्ष, एनबीएसयू, एसएनसीयू, महिला एवं पुरूष वार्ड, किचेन तथा स्टोर रूम का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय सिविल सर्जन डा के सी सोनी, आरएमओ डा संदीप सिंह सहित अस्पताल के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने मेल वार्ड में बिरसिंहपुर पाली से आये लकवा मरीज विशाली रैदास से चिकित्सको के परामर्श , नाश्ता भोजन मिलने के संबंध में जानकारी प्राप्त की। इसी तरह तामान्नारा से आए से मनोज सिंह जिनका पैर फैक्चर हो गया था से भी अस्पताल द्वारा दी जा रही सुविधाओ की जानकारी ली। पोषण पुर्नवास केंद्र के निरीक्षण के समय पांच बच्चे भर्ती पाए गये। कलेक्टर ने केंद्र में और अधिक कुपोषित बच्चों को भर्ती कराने के निर्देश दिए। पोषण पुर्नवास केन्द्र में भर्ती रतनी दादी की मां सुधा सिंह ने बताया कि मैं भंगहा ग्राम की रहने वाली हूं। मेरी बेटी उल्टी दस्त एवं बुखार से तथा कुपोषण से पीडित थी। 5 मई को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया था। अब बेटी के स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है। यहां मीनू के अनुसार भोजन, चाय, नाश्ता तथा बच्चो के खेलने की व्यवस्था है।



कलेक्टर ने कहा कि अस्पताल तक आने वाले मरीजों को बिना किसी परेशानी के समुचित इलाज मिले इसका विशेष ध्यान रखा जाए। अस्पताल में साफ सफाई की व्यवस्था माकूल रहें, इस पर भी ध्यान दिया जाए। आपने कहा कि डयुटी डाक्टर अपने कक्ष में उपलब्ध रहें, ताकि अस्पताल तक इलाज हेतु आने वाले मरीजों को असुविधाओं का सामना नही करना पडे। उन्होने कहा कि जिन मरीजों का इलाज जिला चिकित्सालय मे संभव है उन्हें रेफर नही किया जाए यथा संभव सामान्य डिलेवरी कराई जाए। विशेष आवश्यकता पडने पर सीजर आपरेशन से प्रसव कराया जाए। इस अवसर पर उन्होने जिला चिकित्सालय में होने वाले प्रसव की पंजी का अवलोकन किया तथा विगत दो माह में गर्भवती माताओ के भर्ती होने, सीजर आपरेशन तथा रेफरल प्रकरणों की जानकारी प्रस्तुत करनें के निर्देश सिविल सर्जन को दिए।

# जिला न्यायालय में पैरालीगल वॉलेन्टियर्स का होगा चयन

**उमरिया।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उमरिया द्वारा वर्ष 2024 के लिये पैरालीगल वॉलेन्टियर्स का एक वर्ष के लिये चयन किया जाना है जिसके लिये आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए है। पैरालीगल वालेन्टियर्स का कार्य पूर्णतः सेवा का कार्य है, नौकरी नहीं है, इसके लिये कोई वेतन ध् मजदूरी देय नहीं। म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार समय समय पर पैरालीगल वॉलेन्टियर्स को निर्धारित मानदेय दिया जाएगा। किसी भी आयु का व्यक्ति आवेदन कर सकता है। शैक्षणिक योग्यता कम से कम 10वी कक्षा उत्तीर्ण, निम्न समूह के व्यक्तियों को चयन में प्राथमिकता दी जागी जिसमें शिक्षक (जिसमें रिटायर्ड शिक्षक भी शामिल है), रिटायर्ड सरकारी सेवगवं वरिष्ठ नागरिक, एम.एस. डब्ल्यू छात्र छात्राएं एवं शिक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, स्टूडेन्ट एवं विधि स्टूडेन्ट (जो अधिवक्ता के रूप में नामांकित न हो), एन.जी.ओ. एवं क्लब के सदस्य, महिला समूहो, मैत्रीसधों, स्व- सहायता समूहों के सदस्य शामिल है। आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 15 मई 2024 तके निर्धारित की गई है। आवेदन पत्र भरकर उसके साथ एक पासपोर्ट साईज का फेटो संलग्न कर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उमरिया के कार्यालय में जमा - किया जा सकेगा। इसके साथ ही सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उमरिया जिला न्यायालय उमरिया के पते पर आवेदन पत्र डाक ध् कोरियर द्वारा प्रेषित किया जा सकता है। अंतिम तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा।

## चालू वित्तीय वर्ष में परिवहन, खनिज एवं पंजीयन विभाग द्वारा की गई राजस्व वसूली की कलेक्टर द्वारा समीक्षा



**उमरिया** । कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए परिवहन, खनिज एवं पंजीयन विभाग द्वारा की गई राजस्व वसूली की कलेक्टर द्वारा समीक्षा की गई । उन्होने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि राज्य शासन द्वारा राजस्व वसूली के लिए नियत किए गए लक्ष्य से अधिक वसूली संबंधित विभाग सुनिश्चित करे। इसके लिए मासिक, त्रैमासिक, अर्ध्दवार्षिक तथा वार्षिक कार्य योजना एवं लक्ष्य बनाकर कार्य करे। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि अप्रैल माह से लेकर अभी तक 1 करोड 43 लाख रूपये की राजस्व वसूली की गई । इसी तरह खनिज विभाग ने बताया कि अप्रैल माह से अभी तक 2 करोड 27 लाख रूपये की राजस्व वसूली की गई। इस अवधि मे अवैध परिवहन के 12 प्रकरण, उत्खनन के 13 प्रकरण तथा अवैध संग्रहण का 1 प्रकरण बनाया गया । जिला पंजीयक द्वारा बताया गया कि एक अप्रैल से अब तक एक करोड 25 लाख रूपये की राजस्व वसूली की गई । आबकारी विभाग ने बताया कि अप्रैल माह से अभी तक 7 करोड 12 लाख रूपये की वसूली की गई है ।

## कृषि अधिकारियों एवं कृषि वैज्ञानिकों ने फसलों का किया निरीक्षण

**दमोह।** कृषि विभाग के अधिकारियों एवं कृषि वैज्ञानिकों ने दमोह जिले के ग्राम इमलिया घाट, सोमखेड़ा एवं रामगढ़ में जायद फसलों जैसे मूंग, उड़द एवं अन्य फसलों का संयुक्त निरीक्षण किया। उप संचालक कृषि जितेन्द्र सिंह राजपूत ने बताया दमोह जिले के साल दर साल जायद वाली फसलों का क्षेत्रफल बढ़ रहा है। निरीक्षण के दौरान कीट व्याधियों का प्रकोप आर्थिक क्षति स्तर से नीचे पाया गया। प्रभारी कृषि विज्ञान केन्द्र दमोह डॉ मनोज अहिरवार ने बताया कीटों का अधिक प्रयोग होने पर थायोमेथोक्साम या इमिडाक्लोप्रिड रस चूसक कीटनाशकों का उपयोग किया जाये एवं उपरोक्त फसलों में इल्ली की समस्या होने पर कीटनाशक दवा जैसे-ईमामेक्टिन वेन्जोएट दवाई का स्प्रे किया जाये एवं मूंग-उड़द में फली बनने पर उर्वरक 1 किलोग्राम प्रति एकड़ स्प्रे करने से फलियों में दाना अच्छा बनता है एवं उपज अधिक मात्रा में प्राप्त होती है।



# अवैध परिवहन के विरूध्द नौरोजाबाद पुलिस की कार्यवाही

**उमरिया** । कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन द्वारा जिले मे खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण के विरूध्द संयुक्त रूप से भ्रमण कर कार्यवाही करने के संबंध में दिए गए निर्देश के परिपालन मे नौरोजाबाद पुलिस टीम के द्वारा गिट्टी का अवैध परिवहन करते हुए दो ट्रैक्टरो को पकड़ा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नौरोजाबाद थाना अंतर्गत क्षेत्र में गस्ती के दौरान नौरोजाबाद पुलिस के द्वारा पिपडारी तिराहे के पास अवैध गिट्टी से भरे ट्रैक्टर क्रमांक एमपी 54 जेडए 2729 के चालक शिवप्रसाद सिंह पिता धनीराम सिंह के द्वारा परिवहन करते हुए पकड़ा गया है। इसी क्रम मे ग्राम सकरवार मे गिट्टी का अवैध परिवहन करते हुए ट्रैक्टर क्रमांक एमपी 19 जीए 3570 के चालक मथुरा सिंह पिता लोक सिंह को पकड़ा गया है। दोनों ट्रैक्टरों के ऊपर नौरोजाबाद पुलिस के द्वारा अवैध परिवहन की विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है। अवैध परिवहन की धरपकड़ मे मुख्यरूप से टीआई अरुणा द्विवेदी, उप निरीक्षक शिवनाथ प्रजापति, उप निरीक्षक रसिया साकेत, अनिल सिंह, दामोदर तिवारी, प्रधान आरक्षक वाहन चालक अंजनी तिवारी की भूमिका सराहनी रही।



# सार्थक एप के माध्यम से लगेगी शिक्षकों की उपस्थिति

## कक्षा 5वीं और कक्षा 8वीं में 0 से 30 प्रतिशत परीक्षा परिणाम की समीक्षा बैठक संपन्न

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कक्षा 5वीं और कक्षा 8वीं में 0 से 30 प्रतिशत परीक्षा परिणाम स्कूल वाले प्रधान पाठकों की आयोजित बैठक में कहा कि परीक्षा परिणाम संतोषप्रद नहीं हैं। इन सभी छात्रों को द्वितीय अवसर का अध्यापन कार्य अच्छे से कराया जाए। उन्होंने कहा किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी शालाओं में बेहतर परीक्षा परिणाम आयेए ऐसा प्रयास किया जाना चाहिए। आयोजित बैठक में जिला परियोजना समन्वयक मुकेश कुमार द्विवेदी विशेष रूप से मौजूद रहे। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने सभी प्राथमिक और माध्यमिक शालाओं में निर्देशानुसार कार्य प्रारंभ करने निर्देशित किया। उन्होंने कहा जो शिक्षा का अच्छा कार्य करेंगे उन्हें प्रोत्साहित किया जाएगा और जो कार्य नहीं करेंगे दंड के भागीदार होंगे। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा 1 जून से सभी शिक्षकों की उपस्थिति सार्थक एप के माध्यम से ली जायेगी। इसकी तैयारी हेतु जिला परियोजना समन्वय कार्यवाही करेंगे। साथ ही सभी शिक्षक समय पर स्कूल पहुंचे और समय के पश्चात ही शाला बंद की जाए ।उन्होंने कहा ऐसी समस्त शालायें जिनका परीक्षा परिणाम 0 से 30 प्रतिशत रहा हैं। ऐसे शालाओं में पेरेंट-टीचर्स मीटिंग का आयोजन किया जाये जिला एवं विकासखंड स्तरीय अधिकारियों के द्वारा मॉनीटरिंग की जाये। बैठक में पालकों को छात्रों की प्रगति से अवगत कराया जाये और पालकों से उनके सुझावों को नोट किया जाये।



# नगरीय निकायों में विशेष स्वच्छता अभियान संचालित करने के कलेक्टर ने दिए निर्देश

**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने समय सीमा की साप्ताहिक बैठक में नगरीय निकायों के मुख्य् नगर पालिका अधिकारियों को विशेश सफाई अभियान संचालित करने के निर्देश दिए है। आपने कहा कि नगरीय क्षेत्रों में अभियान चलाकर गाजर घास का उन्मूलन कराएं। सडको के किनारे या डिवाईडर में लगाए गए पौध की नियमित सिंचाई कराई जाए जिससे वे सूखने नही पाए। नगरीय क्षेत्रो मे जो फव्वारे लगाए गए है उन्हें चालू कराया जाए। सडको के किनारें अवैध रूप से अतिक्रमण कर दुकान संचालित करने वाले दुकानों के संचालन पर रोक लगाई जाए जिससे नगरीय निकायो का परिवहन व्यावस्थित ढंग से हो सके, इस कार्य में नगरीय निकाय, राजस्व तथा पुलिस संयुक्त रूप से कार्यवाही करें।

बैठक में अपर कलेक्टर शिवगोविंद सिंह मरकाम, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिपाल सिंह महोबिया, एसडीएम बांधवगढ रीता डेहरिया, एसडीएम पाली टीआर नाग, एसडीएम मानपुर कमलेश नीरज, डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले, हरनीत कौर, अंबिकेश प्रताप सिंह, सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।

# क्षेत्र भ्रमण के दौरान कलेक्टर ने देखे जल जीवन मिशन के कार्य ग्रामीणों से की चर्चा, जवाबदारों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश





मण्डला ( स्वतंत्र मत )।

ग्राम पड़रिया के बैगाटोला के भ्रमण के दौरान कलेक्टर ने नलजल योजना एवं पंपहाउस का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम में जल आपूर्ति के संबंध में भी ग्रामीणों से जानकारी ली। कलेक्टर ने कहा कि नलजल योजना के बेहतर संचालन में ग्रामवासियों का सहयोग आवश्यक है। सभी नलों में टोंटी अनिवार्य रूप से लगाएं। जल की प्रत्येक बूंद का सदुपयोग करें। समय पर जलकर अदा करें जिससे योजना का रखरखाव सुनिश्चित हो सके। कलेक्टर ने मंगलवार को मंडला विकासखंड के विभिन्न ग्रामों का भ्रमण करते हुए उप स्वास्थ्य केन्द्रों तथा आंगनवाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गर्भवती महिलाओं के पंजीयन, टीकाकरण एवं दवाईयाँ वितरण तथा शिशुओं के टीकाकरण के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने घर-घर सर्वे कर प्रत्येक गर्भवती महिलाओं का पंजीयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि गर्भवती महिलाओं की काउंसलिंग करते हुए उन्हें टीकाकरण तथा पोषण आहार का महत्व बतलाएं। भ्रमण के दौरान कलेक्टर ने विभिन्न ग्रामों में स्वास्थ्य सुविधाओं तथा पेयजल की उपलब्धता के संबंध में ग्रामीणों से फीडबैक लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

### उप स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण

उप स्वास्थ्य केन्द्र तिंदनी तथा खुकसर के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने स्वास्थ्य केन्द्र द्वारा प्रदाय की जा रही सेवाओं को बेहतर बनाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सर्वे रजिस्टर प्रस्तुत नहीं किए जाने पर उन्होंने अप्रसन्नता व्यक्त की। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि टीम बनाकर गांव का सर्वे करें। प्रत्येक गर्भवती महिलाओं का पंजीयन करते हुए अनमोल पोर्टल पर एंट्री करें तथा टीकाकरण की कार्यवाही सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने बच्चों के टीकाकरण एवं धात्री महिलाओं को दवाईयां वितरण के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने स्वास्थ्य केन्द्रों में उपलब्ध दवाइयों के संबंध में भी जानकारी ली।

### आंगनवाड़ी केन्द्रों में बनाएं वातावरण

भ्रमण के दौरान कलेक्टर ने आंगनवाड़ी केन्द्र सकरी, ग्वारी एवं बकछेरागोंदी का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देशित किया कि आंगनवाड़ी भवनों के रखरखाव पर ध्यान दें आवश्यकतानुसार भवन की मरम्मत कराएं। बच्चों की रूचि के अनुरूप पेंटिंग कराएं। केन्द्र में आने वाले बच्चों को खेलने की सामग्री प्रदान करें। उन्होंने कहा कि आंगनवाड़ी केन्द्र के वातावरण को आकर्षक बनाएं। बच्चों की शतप्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करें। अभिलेखों का विधिवत संधारण करें। कलेक्टर ने गर्भवती महिलाओं के पंजीयन एवं टीकाकरण, बच्चों के टीकाकरण, पोषण आहार वितरण आदि के संबंध में भी जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए।

### गर्भवती को बताए टीकाकरण महत्व

ग्राम सकरी में कलेक्टर ने एक गर्भवती महिला के घर पहुंचकर उसे टीकाकरण तथा पौष्टिक आहार का महत्व बतलाया। उक्त महिला का हीमोग्लोबिन सामान्य से कम है। कलेक्टर ने बतलाया कि सुरक्षित प्रसव तथा माँ एवं बच्चे के बेहतर स्वास्थ्य के लिए टीकाकरण नितांत आवश्यक है। उन्होंने महिला को निर्धारित समय पर सभी टीके लगवाने हरी सब्जियां सहित पौष्टिक आहार लेने तथा प्रदाय की जाने वाली दवाईयों को समय पर लेने की समझाईश दी। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को उक्त गर्भवती महिला का टीकाकरण आज ही कराने के निर्देश दिए।

### आवासों को जल्द पूरा करने कहा

भ्रमण के दौरान कलेक्टर ने ग्राम पड़रिया के बैगाटोला में जनमन योजना के तहत स्वीकृत आवासों के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने हितग्राहियों से आवास के निर्माण कार्य को बारिश से पूर्व पूर्ण करने की समझाईश दी। कलेक्टर ने कहा कि प्रदाय की गई राशि का बेहतर उपयोग करते हुए कार्य को समय पर बेहतर गुणवत्ता के साथ पूरा करें। संबंधित अमला हितग्राहियों को समुचित सहयोग एवं मार्गदर्शन प्रदान करें। हितग्राहियों से जियो टैगिंग तथा प्रदाय की गई राशि के संबंध में भी जानकारी ली।

### सीएम राईज स्कूल का निरीक्षण

कलेक्टर ने सीएम राईज स्कूल सागर के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। निर्माण कार्य में उपयोग में लाई जा रही सामग्री की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। विद्यालय के निरीक्षण में कलेक्टर ने प्राचार्य से बोर्ड परीक्षाओं के परिणामों के संबंध में जानकारी लेते हुए आगामी वर्षों में शतप्रतिशत परीक्षा परिणाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। समर कैम्प में संचालित गतिविधियों का भी अवलोकन किया।



## 36 फिट ऊंचे हनुमानजी व गंगा अवतरण लीला लक्ष्मीनारायण जी कालियामर्दन लीला की मूर्ति का अनावरण

### कृष्ण मंदिर में गुंजित हो रही वेदवाणी

**नैनपुर ( स्वतंत्र मत )।** श्री राधा कृष्ण मन्दिर परिसर में 36 फूट ऊंचे श्रीहनुमान जी की मूर्ति का अनावरण किया गया। नगर के वार्ड क्रमांक 11 स्थित श्रीराधा कृष्ण धाम में वृहत धार्मिक अनुष्ठान का क्रम जारी है। इसी क्रम में देव प्राण प्रतिष्ठा के साथ व्याहुल उत्सव का दिव्य आयोजन भी चल रहा है । 7 मई मंगलवार की शाम 4 बजे डॉ. हित गोविन्दलाल गोस्वामी जी महाराज, श्री राधावल्लभ मंदिर वृन्दावन के द्वारा 36 फिट ऊंचे हनुमानजी, गंगा अवतरण लीला, लक्ष्मीनारायण जी, कलियामर्दन लीला की विशाल काय मूर्ति का अनावरण किया गया । तत्पश्चात शाम 7 बजे से प्रियालाल का व्याहुला कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह आयोजन आगामी 11 मई तक जारी रहेगा। जहां सन्तो की वाणी से वेदमंत्रोपचार के साथ वेदवाणी निरंतर गुंजित हो रही है। नगर के श्रद्धालु बड़ी संख्या में कृष्ण धाम पहुंच रहे है।

## पेड़ गिरने से एक की मौत, कई लोग घायल



मण्डला( स्वतंत्र मत )।

जिला मुख्यालय से 20 किमी दूर स्थित ग्राम पंचायत रामनगर में पेड़ के गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं दर्जनों लोग घायल हो गए। अचानक उठे हवा तूफान से जान बचाने लोग पीपल के पेड़ के पास जा छुपे थे लेकिन तूफान ने पेड़ को ही जड़ से उखाड़ फेंका जिसकी चपेट में दर्जनों लोग आ गए किसी का हाथ टूटा तो किसी को पैर में चोट आई है। सभी घायलों को जिला चिकित्सालय ईलाज के लिए लगाया गया।

मंगलवार को अचानक मौसम बदला और शाम 4 से 5 बजे के बीच हवा तूफान के साथ बारिश हुई। इस दौरान बाजार क्षेत्र में लगा पीपल का पेड़ गिर गया। ग्राम पंचायत रामनगर में बाजार का दिन था दूर दराज से ग्रामीण दैनिक दिनचर्या की सामग्री लेने बाजार आए हुए थे तभी अचानक बदलने मौसम के मिजाज के चलते बिजली चमकी और हवा तूफान के चलते पेड़ गिर गया। पेड़ गिरने से यहां अफरा तफरी का माहौल बन गया।

अचानक हुई इस घटना से क्षेत्र भय का वातावरण दिखाई दिया। साथ ही आसपास की लगी दुकाने व हॉट बाजार में लगे ठेले क्षतिग्रस्त हो गए। वहीं स्थानीय रहवासी व पुलिस की सहायता घायलों को 108 एम्बुलेंस की मदद से जिला अस्पताल रिफर किया गया। साथ ही दर्जनों जगह पेड़ गिरने की भी जानकारी सामने आई है। वहीं बिछिया क्षेत्र में हवा तूफान के साथ बारिश होने की जानकारी मिली है। तो दूसरी तरफ जिला मुख्यालय में अचानक मौसम में बदलाव दिखा और हवा तूफान के साथ हल्की बारिश भी हुई है। वहीं निवास क्षेत्र में भी जोरदार बारिश होने से पेड़ गिरने से आवागमन प्रभावित हुआ है। वहीं इस क्षेत्र में घंटो बिजली बंद रही।

### अधिकारियों ने किया क्षेत्र का भ्रमण

**मण्डला ( स्वतंत्र मत )।** समय सीमा एवं विभागीय समंवय समिति की बैठक में कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना द्वारा दिए गए निर्देश के परिपालन में मंगलवार को विशेष अभियान के रूप में जिले के विभिन्न क्षेत्रों में संचालित स्वास्थ्य तथा आंगनवाड़ी केन्द्रों का आकस्मिक भ्रमण किया गया। जिले के सभी विभागों के अधिकारियों ने आज विभागीय कार्यों की मॉनिटरिंग के साथ ही स्वास्थ्य केन्द्रों तथा आंगनवाड़ी केन्द्रों में जाकर गर्भवती महिलाओं के पंजीयन, टीकाकरण तथा दवाईयां वितरण आदि के संबंध में जानकारी ली। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन श्रेयांश कूमट ने घुघरी विकासखंड के लाटो में आरोग्य केन्द्र, आंगनवाड़ी केन्द्र एवं जनमन आवास, इलाही में आरोग्य केन्द्र एवं आंगनवाड़ी केन्द्र, साल्हेघोरी में आंगनवाड़ी केन्द्र, लाफन में आरोग्य केन्द्र एवं आंगनवाड़ी केन्द्र, सिमरिया में अमृत सरोवर तथा किसली में आरोग्य केन्द्र तथा जनमन आवास का भ्रमण किया। सहायक कलेक्टर ने आंगनवाड़ी केन्द्र जीपी पटले ने स्वास्थ्य केन्द्र , छपरा महाप्रबंधक प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क उषा चौधरी ने मेढ़ा, जिला आपूर्ति अधिकारी मनोज पुराविया ने स्वास्थ्य केन्द्र बोकर का निरीक्षण किया।

## लव जिहाद मसले पर हिन्दू संगठन दिखे सक्रिय



मण्डला( स्वतंत्र मत )।

लव जिहाद के अनेक मामले पूर्व में भी सामने आ चुकें हैं जिस पर कार्यवाही भी की गई है इसके बाद भी लव जिहादी अपनी हरकतों से बाज नही आ रहे हैं इस पूरे मसले में कुछ लोगों का संरक्षण और ऐसे लोगों की हौसले अफजाई करना बताया गया है। ऐसा ही एक मामला मंगलवार को चर्चा में आया जहां पर पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन दिया गया। वहीं सिटी कोतवाली में युवाओं के साथ सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ताओं की भीड़ घंटो लगी रही है लेकिन अब तक पीड़ित परिवार को राहत नही मिल पाई है। मंगलवार को जन सहयोग सेन समाज सेवा संगठन ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा है ज्ञापन में पीड़ित ने बताया कि मेरी 22 वर्षीय अविवाहित पुत्री है जो अपने परिवार के साथ निवास करती है। 6 मई को दोपहर करीब 12:30 बजे मेरी बेटी घर में किसी को बिना बताए कहीं चली गई जब एक से डेढ घंटे बाद भी वह नहीं आयी तो ढूंढ खोज की गई, पुत्री का मोबाइल एवं चप्पल घर में ही रखी थी तथा घर के सोने चांदी के जेवरात एवं नगदी रूपये भी साथ ले गई है। तब हमने अपने परिचित एवं रिश्तेदारों से पूछताछ की एवं पता चला कि राजा उर्फ फिरदोश खान पिता नामालूम निवासी राजीव कॉलोनी मण्डला के साथ जा सकती है तब उक्त फिरदोश उर्फ राजा के भाई से संपर्क कर उक्त फिरदोश की जानकारी लिये जाने पर उसके द्वारा बताया गया कि फिरदोश उर्फ राजा भी घर में नहीं है। उक्त फिरदोश उर्फ राजा जो कि बाबा बिरयानी चिलमन चौंक के यहाँ कार्य करता है उक्त व्यक्ति वहां भी कार्य करने भी नहीं आ रहा है। इस संबंध में जब बाबा बिरयानी के मालिक से पता करने पर उनके द्वारा बताया गया कि राजा उर्फ फिरदोश ग्राम जारगा-जारगी में जा सकते हैं तथा कुछ लोगों से ऐसी भी जानकारी मिली है कि करीब एक माह पहले उनके द्वारा शादी के संबंध में थाना मण्डला में आवेदन दिया गया था किंतु मुझे व मेरे परिवार को इसकी कोई सूचना नहीं दी गई। पीड़ित आवेदक ने मांग की है कि उक्त फिरदोश उर्फ राजा ने मेरी बेटी को बहला फुसला कर ले गया है तथा उसके साथ कोई भी अनहोनी घटना कर सकता है। उक्त संबंध में उचित कार्यवाही करते हुए दोषी को दण्डित करने मांग की गई है। वहीं इस मामले में हिन्दू संगठन भी सक्रिय हो गए हैं।

### नैनपुर से नागपुर की सीधी रेल सेवा रहेगी प्रभावित

**नैनपुर ( स्वतंत्र मत )**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे अंतर्गत नैनपुर छिंदवाड़ा नागपुर रेल मार्ग में चलने वाली यात्री गा?िया आज से प्रभावित रहेंगी। जाहिर है कि छिन्दवा?ा नागपुर रेल खंड में कुछ तकनीकी कारणों की वजह से कई यात्री गा?ियों को कैंसल किया जा रहा है। जिसमे 11755/56 रीवा नैनपुर इतवारी एक्सप्रेस वाया छिंदवाड़ा 7 मई 2024 से 31 मई 2024 तक नही चलेगी। जबकि 11201/02 शहडोल नैनपुर नागपुर एक्सप्रेस 8 मई 2024 से 11 मई 2024 एवं 19 मई 2024 से 31 मई 2024 तक इस रेल मार्ग में नही चलाई जाएहि। इसके अलावा 08714/15 बालाघाट इतवारी मेमू गा?ी 8 मई 2024 से 10 मई 2024 तक के लिए निरस्त की गई है। अत: उपरोक्त तारिखों में यात्रियों को नैनपुर से नागपुर सीधी रेल सेवा से वंचित रहना पड़ेगा।

### बच्चों को दे रहे ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण

**मण्डला/घुघरी( स्वतंत्र मत )।** ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण खेल से निखरेगी प्रतिभाएं जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग के तत्वाधान में ग्रामीण युवा केंद्र घुघरी सिद्ध नगर स्टेडियम में सुबह शाम को ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण प्रशिक्षित प्रशिक्षकों के माध्यम से वॉलीबॉल खो खो फुटबॉल एथलेटिक्स योग का प्रशिक्षण दिया जा रहा है ग्रामीण युवा केंद्र घुघरी के अंतर्गत आने वाले छात्र-छात्राओं को समय का सदुपयोग एवं शारीरिक मानसिक रूप से स्वास्थ के प्रति जागरुक किया जा रहा है प्रशिक्षण के माध्यम से लाभ पहुंचाया जा रहा है शशांक मिश्रा युवा समंवयक द्वारा बताया गया कि 1 मई से 31 मई तक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमें वॉलीबॉल जगत मरकाम रोहित नंदा फुटबॉल निहाल शुक्ला कमल मरावी एवं खो-खो एथलेटिक्स शशांक मिश्रा द्वारा सिखाया जा रहा है।



## प्रस्तावित आईटीआई की जमीन में अड़ंगा, युवाओं ने खोला मोर्चा



**मण्डला/मोहगांव( स्वतंत्र मत )।** विकासखण्ड मोहगांव मुख्यालय में प्रस्तावित आईटीआई के लिए जगह होने पर भी भवन कही और बनाने के विरोध में युवाओं ने मोर्चा खोल दिया है उनका कहना है कि मुख्यालय में खाली जगह को छोड़कर किसी और ग्राम पंचायत में क्यों भवन बनाया जा रहा है इस बात को लेकर ग्राम पंचायत मोहगांव का माहौल दिनभर गरमाया रहा बताया गया है कि तहसील प्रशासन ने मोहगांव में आईटीआई निर्माण के लिए भूमि चिह्नित न कर ग्राम पंचायत खाल्हे गिठोरी में कर दी है जबकि मुख्यालय मोहगांव में आईटीआई निर्माण को स्वीकृति मिली थी जैसे ही ये खबर युवाओं को लगी युवाओं ने ग्राम सरपंच और जिला पंचायत सदस्य को लेकर तहसील पहुंच कर नायब तहसीलदार मोहगांव से मिले और अपनी बात रखी जब ग्राम पंचायत मोहगांव में पर्याप्त जमीन खाली पड़ी है तो राजस्व विभाग ने ग्राम पंचायत खाल्हे गिठोरी में भूमि चिह्नित कर निर्माण की सहमति क्यों प्रदान की वही नायब तहसीलदार को जिला कलेक्टर के नाम आवेदन देकर कहा गया है कि ग्राम पंचायत मोहगांव के मुख्यालय में स्वीकृत आईटीआई भवन हेतु पटवारी आर आई एवं नायब तहसीलदार द्वारा स्वत: ही भू आवंटन कर दिया गया है बिना मुख्यालय के सरपंच को बताएं प्रशिक्षण संस्थान हेतु आवंटित भूमि को बदलकर ग्राम पंचायत मोहगांव माल में खसरा 286 रकवा 10.00 हे में स्वीकृत किया जाए साथ ही उग्र आंदोलन की चेतावनी भी दी है।

### आज मनाया जाएगा अंतरराष्ट्रीय रेडक्रॉस दिवस

**मण्डला( स्वतंत्र मत )।** अंतरराष्ट्रीय रेडक्रॉस दिवस का आयोजन पूरी दुनिया में किया जाता है इस दिवस में रेडक्रॉस के जनक डु नॉट हेनरी का जन्म 8 मई 1828 को जन्म हुआ था वह तीन बार नोबेल पुरस्कार प्राप्त व्यक्ति थे 1864 में जिनेवा समझौता के आधार पर रेडक्रॉस का जन्म हुआ और पूरी दुनिया में स्वयंसेवी संस्था के रूप में मानवता एवं शांति के लिए कार्य करने लगी यह संस्था युद्ध के समय में तथा किसी भी प्राकृतिक घटनाओं में सुनामी आपदा अनेक आपदाओं में रेडक्रॉस बढ़-चढ़कर अपना योगदान देती है जिसके कारण रेडक्रॉस का महत्व धीरे-धीरे पूरी दुनिया में बढ़ रहा है भारत में भी रेडक्रॉस 1921 में भारत संसद मैं अधिनियम पास करके शांति सौहार्द और कर्मठ व कर्तव्य निस्ट संस्था के लिए मान्यता दी गई तब से प्रत्येक वर्ष रेडक्रॉस दिवस मनाया जा रहा है रेडक्रॉस के अलग-अलग भाग होते हैं जिसमें अंतरराष्ट्रीय रेड क्रॉस युवा एवं जूनियर रेडक्रॉस भी उसकी एक सहयोगी संस्था होती है विद्यार्थियों में सेवा भाव जोड़कर जूनियर रेडक्रॉस के द्वारा समय-समय पर अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं ।



### ब्रेन ट्रेन स्कूल ने मनाया मदर्स डे

**मण्डला( स्वतंत्र मत )।** ब्रेन ट्रेन स्कूल मदनमहल में पूल पार्टी सेलिब्रेशन में बच्चों ने जमकर मस्ती कर ब्लू पानी म्यूजिक में खिल खिलाते चेहरो के साथ पूल पार्टी का आंनद लिया। बच्चों के साथ मदर्स ने भी जमकर सेल्फी ली इसी के साथ सेंड प्ले फिशिंग में बच्चों ने बहुत इंजॉय किया। फोटो कॉर्नर्स को भी बेहद खूबसूरत तरीके से सजाया गया। पूल पार्टी के साथ मदर्स डे भी मनाया गया जिसमें मॉम्स के साथ किड्स ने फोटो क्लिक करवाई। मदर के साथ बच्चों के चेहरे की खुशी देखते ही बनी सभी ने डांस करते हुए अपने कदम थिरका और पूल पार्टी का आंनद लिया। इस अवसर पर स्कूल डायरेक्टर सुगंध अग्रवाल प्रिंसिपल आयुषी तिवारी और सभी टीचर्स का विशेष योगदान रहा।

### किराना दुकान में चोरों का धावा

**मण्डला/बम्हनी( स्वतंत्र मत )।** जिले में चोरों का आतंक नहीं थम रहा है विगत दिनों से शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार चोरियां हो रही है चोरों के द्वारा सूने घरों को एवं रहवासी घरों सहित दुकानों को निशाना बनाया जा रहा है वाहनों की चोरी भी लगातार बढ़ रही है ऐसा ही एक घटना रविवार की दरमियानी रात की है जहॉ एक लाख की चोरी जिला मुख्यालय से लगभग 15 किलोमीटर की दूरी पर बम्हनी बंजर थानांतर्गत ग्राम लफरा के गांधी चौक में स्थित तिवारी किराना दुकान में अज्ञात चोरों द्वारा दुकान में रखे कम्प्यूटर मॉनीटर प्रिंटर सीसी टीवी का पूरा सिस्टम नगद तीस हजार व किराना सामान भी चोरी करके ले गए दुकान मालिक द्वारा बम्हनी थाना में शिकायत दर्ज कराई है बम्हनी थाना क्षेत्र अंतर्गत इस तरह की ये दूसरी घटना है।

संपादकीय

## 10 साल बाद क्या बदला?

नालसा जजमेंट को 10 साल पूरे हो गए हैं। जब श्रीगौरी सावंत ने दस साल पहले सुप्रीम कोर्ट में ट्रांसजेंडर लोगों के अधिकारों को मान्यता दिलाने के लिए याचिका दायर की थी, लेकिन उन्हें ज्यादा उम्मीद नहीं थी। लेकिन चौंकाने वाली बात ये रही कि नेशनल लीगल सर्विसेज अथॉरिटी का जजमेंट भारत में उनके समुदाय के लिए नागरिक स्वतंत्रता की आधारशिला बन गया। इस जजमेंट में लिंग और लैंगिक पहचान के अंतर को माना गया, एक अलग थर्ड जेंडर का कानूनी दर्जा बनाया गया और केंद्र और राज्य सरकारों को ट्रांस लोगों के मूलभूत अधिकार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। लेकिन जो ट्रांस लोग दस साल पहले रेड लाइट एरिया में थे, वो आज भी वहीं हैं। श्रीगौरी एक एनजीओ 'सखी चार चौघी ट्रस्ट' चलाती हैं जो ट्रांसजेंडर लोगों के अधिकारों के लिए काम करता है।

नालसा जजमेंट में लिंग को व्यक्ति की अपनी लैंगिक पहचान की जन्मजात अनुभूति के रूप में परिभाषित किया गया, जिससे ट्रांस लोगों को खुद को चुनने का अधिकार मिला। सरकारों को दिए गए निर्देशों को तीन मुख्य भागों में बांटा जा सकता है। पहला, खुद की पहचान चुनने का अधिकार, दूसरा सामाजिक कल्याण योजनाओं में ट्रांस लोगों को शामिल करना और तीसरा शिक्षण संस्थानों और सरकारी नौकरियों में दाखिले के लिए आरक्षण की व्यवस्था बनाना। इससे पहले कानून की नजर में ट्रांसजेंडर लोग गैर-मौजूद थे। उनके लिए कोर्ट का दरवाजा तक बंद था। कई राज्यों में ट्रांसजेंडर स्टेट बोर्ड भी काम नहीं कर रहे हैं। दूसरे लोग भी इस बात से सहमत हैं कि भले ही नालसा ने सामाजिक बदलाव हासिल करने के लिए व्यवस्था बनाई, लेकिन ट्रांस लोगों को अब भी हर कदम पर लड़ाई लड़नी पड़ रही है। यह ठीक वैसा ही है जैसे किसी को घर पर खाने पर बुलाया जाए लेकिन यह भी कहा जाए कि आप तभी आ सकते हैं अगर आपके पास चांदी की थाली और सोने का चम्मच हो।

फैसले और उससे निकले ट्रांसजेंडर अधिकारों का संरक्षण अधिनियम, 2019 में स्वयं लिंग पहचान की बात की गई है। नालसा का यही वह हिस्सा है जिसे सबसे ज्यादा लागू किया गया है। कई अधिकारियों को यह भी नहीं पता था कि ट्रांस पुरुष भी होते हैं। आरक्षण वह क्षेत्र है जहां सबसे कम प्रगति हुई है। कर्नाटक जैसे राज्यों में तो ठीक है, लेकिन बाकी राज्यों में यह स्थानीय कार्यकर्ताओं पर निर्भर करता है कि वे इस मांग को आगे बढ़ा पाएंगे या नहीं। नालसा के फैसले में ट्रांसजेंडर होना एक जाति के समान माना गया है। इसका मतलब है कि अगर आप ट्रांस हैं और दलित भी हैं, तो आपको यह चुनना होगा कि आपको किस पहचान के आधार पर आरक्षण मिलेगा। ट्रांस समुदाय अलग आरक्षण की मांग करता है, जो भारत के ट्रांस लोगों की जातिगत विविधता को ध्यान में रखता है। वास्तव में देखा जाय तो, भले ही नालसा के फैसले से ट्रांस समुदाय को कानूनी मान्यता मिली, लेकिन पिछले 10 सालों में इस फैसले को जमीनी स्तर पर लागू करने की कोशिशों में कमी रही है। हाल ही में पुणे पुलिस ने ट्रांस समुदाय द्वारा भीख मांगने पर रोक लगा दी। ध्यान देने वाली बात यह है कि कोई भी अपनी मर्जी से भीख नहीं मांगता। शिक्षा, उद्यमिता या आजीविका की पहल के अवसरों के बिना ट्रांस लोगों को भीख मांगने से कैसे रोका जा सकता है?

# स्कूल में हल्के शारीरिक दंड से बच्चा सुधरता है तो हर्ज क्या है?

विनोद पाठक

सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ ने हाल में नेपाल की राजधानी काठमांडू के एक कार्यक्रम में अपने बचपन का एक किस्सा सुनाया, जिसमें उन्होंने बताया कि जब वो पांचवीं कक्षा में थे तो एक गलती के लिए उन्हें उनकी टीचर ने बेंत से पीटा था। वो कमर पर बेंत की पिटाई चाहते थे, लेकिन टीचर ने उन्हें हाथ पर ही बेंत मारे थे, जिसके निशान पड़ गए थे। यह बात उन्होंने माता-पिता से 10 दिनों तक छुपाए रखी थी। यदि यह आज यह घटना होती तो बेंत मारने वाला टीचर जेल भी जा सकता था।



सरकार ने बच्चों की स्कूल में पिटाई को लेकर बाकायदा कानून बनाया है, लेकिन एक बहस लंबे समय से चली आ रही है कि शिक्षक बच्चों को शारीरिक दंड दे सकता है या नहीं। यदि हल्के शारीरिक दंड से बच्चा सुधरता है तो उसमें हर्ज किया है?

हम अनेकोनेक किस्से अपने बड़े-बुजुर्गों से सुनते आए हैं कि किस तरह उनके शिक्षक अपने विद्यार्थियों को पीटते थे। बड़ी तादाद में विद्यार्थी उस पिटाई से सुधर गए और जीवन में स्कूल व शिक्षक का नाम रोशन किया। वहीं, एक पक्ष ऐसा भी है, जो कहता है कि शिक्षक की पिटाई से बच्चों पर एक मनोवैज्ञानिक असर आता है और उसके दूरगामी पर दुष्परिणाम होते हैं।

दरअसल, ऐसी अनेक खबरें संचार माध्यमों में देखने को मिल जाती हैं कि शिक्षक की पिटाई से बच्चे का हाथ टूट गया, कान का पर्दा फट गया या बच्चे की मौत तक हो गई।

बात यह है कि आखिर बच्चों की पिटाई की सीमा क्या होनी चाहिए? क्योंकि पिछले साल ऐसे ही एक केस में बॉम्बे हाईकोर्ट में कहा था कि टीचर द्वारा स्कूल में बच्चों को सही करना अपराध नहीं हो सकता, अगर उसका इरादा दुर्भावनापूर्ण नहीं हो।

सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ के किस्से से एक बार फिर शिक्षकों द्वारा बच्चों की पिटाई का विषय चर्चा में आ गया है। सवाल यह है कि बच्चों को सुधारने के लिए यदि हल्का शारीरिक दंड दिया जाए तो क्या वो भी गंभीर अपराध की श्रेणी में आएगा, क्योंकि कई उदाहरण ऐसे भी आते हैं कि अभिभावक स्वयं चाहते हैं कि उनका बच्चा गलतियां न करे और शिक्षक उसे मारपीट कर सही रास्ते पर ले आएं। हालांकि, बड़ी संख्या ऐसे अभिभावकों की भी है, जिन्हें शिक्षक द्वारा बच्चे को हाथ लगाना तक स्वीकार नहीं होता।

इस विषय की गंभीरता को देखते हुए केंद्र सरकार ने किशोर न्याय अधिनियम 2015 यानी जुवेनाइल जस्टिस एक्ट लागू किया। देश में बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए गाइडलाइंस बनाईं, जिसमें स्कूल में पिटाई को लेकर प्रावधान हैं। शिक्षा के अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 17 में कहा गया है कि स्कूल में किसी भी तरह के शारीरिक दंड, मानसिक प्रताड़ना और भेदभाव पूरी तरह प्रतिबंधित हैं।

जुवेनाइल जस्टिस एक्ट 2015 की धारा 75 में कहा गया है कि बच्चे की देखभाल और उनकी सुरक्षा स्कूल की जिम्मेदारी होगी। जुवेनाइल जस्टिस एक्ट 2015 की धारा 82 के अनुसार इसके तहत जेल और जुर्माने का प्रावधान है।

ऐसे भी कई मामले आते हैं कि बच्चों के माता-पिता की शिकायत को स्कूल प्रबंधन नहीं मानते हैं। ऐसे में माता-पिता को अधिकार होता है कि वो नेशनल कमीशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ चाइल्ड राइट्स (एनसीपीसीआर) में जाकर शिकायत दर्ज कर सकते हैं।

एनसीपीसीआर के अनुसार स्कूल में जिन लोगों को नौकरी पर रखा जाता है, उनका पुलिस वेरिफिकेशन अनिवार्य हो। स्टाफ से एफिडेविट लेना जरूरी है कि वो पहले जुवेनाइल जस्टिस एक्ट और पॉक्सो एक्ट के तहत आरोपी नहीं होने चाहिए।

सीबीएसई की गाइडलाइंस के तहत अगर स्कूल किसी भी नियम का उल्लंघन करता है तो उसकी मान्यता रद्द की जा सकती है। शारीरिक दंड देने पर शिक्षा को 10,000 रुपए का जुर्माना हो सकता है। यही अपराध दोहराने पर तीन माह की जेल का प्रावधान है।

शिक्षक को सस्पेंड किया जा सकता है। जांच में सहयोग नहीं करने पर शिक्षक को 3 महीने की जगह सजा का प्रावधान है। स्कूल पर एक लाख का जुर्माना लगाया जा सकता है।

सवाल यह है कि बच्चों को यदि छोटा-मोटा शारीरिक दंड देकर सुधरा जा सकता है तो हर्ज किया है। काठमांडू के कार्यक्रम में सीजेआई डी.वाई चंद्रचूड़ ने कहा भी कि बच्चों के साथ किए गए बर्ताव का असर जिंदगी भर उसके दिमाग पर रहता है। यह बात बिल्कुल सही है, लेकिन क्या शिक्षकों को यह अधिकार नहीं है कि वो अपने विद्यार्थी को दंड दें। यदि शिक्षक क्रूरता दिखाए तो निश्चित रूप से कानून को अपना काम करना चाहिए।निश्चित रूप से बच्चों के दिमाग पर उसके साथ किए गए बर्ताव का असर जिंदगी पर रहता है, लेकिन यदि बच्चे को हल्का शारीरिक दंड देने से उसके जीवन में एक बड़ा बदलाव आ सकता है तो निश्चित रूप से शिक्षक को समय और परिस्थिति के अनुसार निर्णय लेना चाहिए।

सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ बेंत की पिटाई से भटके नहीं और आज भारत के मुख्य न्यायाधीश हैं। इतिहास में ऐसे दर्जनों उदाहरण हैं, जब शिक्षक ने बच्चे को सुधार के लिए दंड दिया और बच्चा की दिशा सुधर गई।

# माओवादियों के अंत की तैयारी, 25 से अधिक मूलभूत सरकारी सुविधाएं अब दूरी बनाने लगे हैं ग्रामीण

मधुरेंद्र सिन्हा

हाल ही में छत्तीसगढ़ के जंगलों में सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में हैरतअंगेज दृश्य सामने आया। कांकेर जिले में जबर्दस्त गोलीबारी में कुल 29 माओवादी मारे गए, जिनमें उनका सबसे बड़ा नेता 25 लाख रुपये का इनामी शंकर राव भी शामिल था। इस मुठभेड़ में माओवादी आधुनिक हथियारों जैसे, असॉल्ट राइफलों तथा ग्रेनेड लॉन्चरों से लैस थे। फिर भी सुरक्षा बलों ने बेहद आक्रामक ढंग से मुकाबला करते हुए उनका खात्मा किया।

छत्तीसगढ़, झारखंड के जंगलों के बड़े हिस्से में एक तरह से माओवादियों का राज था और वहां उनसे लड़ना आसान नहीं था। जिन लोगों ने छत्तीसगढ़ के घने और विस्तृत जंगल नहीं देखे हैं, उन्हें यह बताना जरूरी है कि वहां माओवादियों की चप्पे-चप्पे पर नजर रहती है और उनके कैडर हर जगह पहुंचे रहते हैं। उन्हें हथियारों का भी बेहतर प्रशिक्षण दिया जाता है और घात लगाकर हमला करने में उन्हें महारत हासिल है।

पिछले कुछ वर्षों से केंद्र सरकार ने माओवादियों पर लगाम कसनी शुरू कर दी है। गृह मंत्रालय ने इनसे निपटने के लिए सुरक्षा बलों को न केवल आधुनिकतम हथियार देना शुरू किया है, बल्कि अन्य संसाधन भी। माओवादियों से निपटने में सबसे बड़ी समस्या यह होती है कि राज्य सरकारें पर्याप्त मदद नहीं करतीं। उन्हें लगता है कि ऐसी मुठभेड़ों से आम जनता भी चपेट में आ जाएगी, जो पूरी तरह से गलत भी नहीं है। लेकिन अब स्थिति बदलने लगी है और नागरिकों की सुरक्षा और कल्याण पर ध्यान दिया जाने लगा है। इससे सरकार के प्रति जनता में अब कटता का भाव नहीं रहा है। उनकी सहानुभूति अब माओवादियों के साथ न होकर सुरक्षा बलों के साथ है।

ताजा मामले में, गृह मंत्रालय ने इन उग्रवादियों की गतिविधियों पर अपने स्रोतों से नजर रखी और जब सूचना बिल्कुल पक्की हो गई, तो राज्य के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ मिलकर बीनागुंडा और आसपास के इलाकों में ऑपरेशन चलाया। दिन में चलाए गए इस ऑपरेशन का लाभ यह हुआ कि सुरक्षा बलों को सभी कुछ साफ दिख रहा था और वे उन पर हावी हो गये। और बड़ी संख्या में माओवादियों को जान से हाथ धोना पड़ा। सुरक्षा बलों की आक्रामकता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि अब तक चार महीने में लगभग



80 माओवादी मारे गए हैं और 125 से अधिक गिरफ्तार हुए हैं तथा 150 से अधिक ने आत्मसमर्पण किया है। यह केंद्र तथा राज्य सरकार के बीच सामंजस्य से संभव हुआ है। गृह मंत्रालय इस मामले में दृढ़ संकल्पित है कि माओवादियों से सख्ती से निपटना है, लेकिन बातचीत के रास्ते खुले हुए हैं।

माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में 2019 के बाद से 250 से भी ज्यादा सुरक्षा शिविर स्थापित किए गए हैं। इन माओवादियों के कारण राज्य का विकास रुक रहा है और जन जीवन प्रभावित हो रहा है। बस्तर जिले के सीधे-सादे आदिवासियों को डराकर ये माओवादी उनके बच्चों तक को अपने साथ ले जाते हैं और उन्हें कम उम्र से ही हथियारों की ट्रेनिंग देते हैं।

साठ के दशक के उत्तरार्ध में बंगाल के नक्सलबाड़ी गांव से नक्सलवाद आंदोलन की शुरुआत हुई, जहां माओवादियों ने भूमिहीन किसानों के साथ मिलकर बड़े पैमाने पर सशस्त्र आंदोलन किया, जिसका वहां की सरकार भी ठीक से जवाब नहीं दे पाई। इसी आंदोलन की तर्ज पर कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी लेनिन) ने छत्तीसगढ़, झारखंड, बिहार, ओडिशा आदि में हिंसक आंदोलन किया। बंगाल के आंदोलन के विपरीत यहां सिद्धांतों की लड़ाई नहीं थी, बल्कि अपना वर्चस्व स्थापित करने की जिद है। इन माओवादियों के कैडर पैसे की वसूली करते हैं। खनन कार्य में लगी कंपनियों से मोटी रकम वसूली जा रही है। लेकिन अब समय बदलने लगा है और केंद्र सरकार माओवादियों से निपटने के लिए कमर कस चुकी है।

छत्तीसगढ़ सरकार ने केंद्र के साथ मिलकर नक्सल प्रभावित जिलों के लिए नई योजनाएं भी बनाई हैं। इसके तहत उन्हें 25 से अधिक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत ग्रामीणों को आवास उपलब्ध कराने की बड़ी योजना पर काम हो रहा है। इस तरह के कल्याणकारी कार्यों से ग्रामीण माओवादियों से दूरी बनाने लगे हैं। हालांकि इस तरह के प्रयासों के कार्यान्वयन में वक्त लगेगा, लेकिन इस दिशा में यह एक बड़ी पहल है।

# बमों की लड़ी में कौन सा बम फुस्सी निकल आए पता नहीं चलता




बचपन में जब दिवाली आती थी तब हम बमों की लड़ी लाया करते थे, उन दिनों माता-पिता बच्चों को पैसे बहुत कम देते थे इसलिए छोटे वाले बम ही उतने पैसों में आ पाते थे इसलिए बच्चे बमों की पूरी लड़ी में आग न लगाकर पहले उसका धागा खोलकर सारे बम अलग-अलग कर लेते थे और फिर एक-एक बम फोड़कर कई घंटे तक उन बमों का मजा लेते थे लेकिन कई बार ऐसा भी होता था कि सौ बमों की लड़ी में कई बम फुस्सी निकल आते थे बड़ा रंज होता था जब पूरी बाती जल जाती थी और बम में से आवाज नहीं आती थी, फुस्स करके वो ढेर हो जाता था। आजकल कांग्रेस में उसी तरह के फुससी बमों की बहुतायत है उनके नेताओं की जो लड़ी है उसमें से अधिकतर फुस्सी बम ही निकल रहे हैं। अब इंदौर का ही मसला देख लो कांग्रेस के बड़े भारी नेता थे नाम भी जबरदस्त था अक्षय कांति यानी जिसकी कांति कभी खत्म ना हो और उसके बाद एक और विशेषण बम कांग्रेस को लगा इससे बड़ा बम तो और कोई हो नहीं सकता तो चुनाव में उतार दिया टिकिट देकर, सोचा ये वाला जो बम है ये बीजेपी के बम से ज्यादा तेज आवाज करेगा और लोग उसकी आवाज सुनकर उसी की तरफ खिंचे चले आयेंगे लेकिन कांग्रेस को क्या पता था यह बम ना तो एटम बम है ना लक्ष्मी बम यह बम तो सौ फीसदी फुस्सी बम है जिसने एन वक्त पर फूटने से मना कर दिया और बीजेपी के पाले में लुढ़क गया, अब कांग्रेस वाले भारी परेशान हैं आरोप प्रत्यारोप लगा रहे हैं पर अब क्या होता है जब बम की बाती में माचिस लगा रहे थे तो उसके बारूद के बारे में जांच कर लेते दो-चार दिन धूप में रख देते ताकि अगर बम के अंदर कोई सीलन थी तो वह खत्म हो जाती लेकिन कांग्रेस को तो पूरा भरोसा था कि अपना जो बम है जब फूटेगा तो सब देखते रह जाएंगे और जब फूटा तो और कोई तो नहीं सारे कांग्रेसी देखते हुए रह गए। अब एक और फुस्स बम त्रिपुरा में सामने आ गया है जिसने यह कहकर टिकट वापस कर दी की पार्टी पैसा दे नहीं रही, अपने पास पैसा है नहीं तो चुनाव लड़े तो लड़ें कैसे ? अरी बहना पार्टी तो खुद ही पैसे पैसे को मोहताज है वो पैसा दे तो कहां से दे ,जिसको लड़ना है अपने पैसे से लड़े या फिर हमारे जबलपुर के कांग्रेस प्रत्याशी दिनेश यादव की स्कीम चलाएं कि वोट भी दो और नोट भी दो। पर अब कांग्रेस को चाहिए कि वह जिस भी बम की पूंछ पर आग लगाना चाहता है पहले उसके बारूद की क्वालिटी और क्वांटिटी, सब पहले से परख ले वरना जो हाल इंदौर में हुआ है वही हाल और भी जगह हो सकता क्योंकि अभी तो चार चरण के चुनाव बाकी हैं और इन चार चरणों के चुनाव में और कितने कांग्रेसी बम फुस्सी बम निकलते हैं यह देखना होगा, वैसे भी बीजेपी तो चाह ही रही है कि उनके बमों की पूरी लड़ी ही फुस्स हो जाए लेकिन ऊपर वाला भी दयालु है दो-चार बम इनके भी फट सकते हैं बाकी का भरोसा करना अब किसी के बस का नहीं ।

### टाइम खराब चल रहा है

जब इन दिनों जब कांग्रेस का ही टाइम खराब चल रहा हो तो फिर उसके अध्यक्ष का टाइम कैसे अच्छा हो सकता है? जब से अपने जीतू भैया प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष बने हैं पता नहीं कौन से राहु केतु या शनि महाराज उन पर चढ़ बैठे हैं हर जगह उन्हें असफलता ही असफलता मिल रही है उनके अध्यक्ष बनते ही ना जाने कितने कांग्रेसी भाजपाई हो गए लगातार कांग्रेस छोड़ छोड़ के नेता लोग भगवा दुपट्टा पहनने के लिए बेचैन दिखाई दे रहे हैं। जीतू भैया जी तोड़ कोशिश कर रहे हैं कि बीजेपी की नीति का पर्दाफाश करें लेकिन उनके ही गृह जिले में उनका ही प्रत्याशी रातों-रात अपना नाम वापस ले आया और भाई साहब को खबर तक नहीं हुई। कहते हैं ना कि जब समय खराब आता है तो हर तरफ से आता है अभी तक तो कार्यकर्ता और नेता ही बीजेपी में जा रहे थे अब एफआईआर की लाइन लग गई है उनके खिलाफ, इमरती देवी को लेकर क्या बयान दे दिया उन्होंने कि उन्होंने एफआईआर दर्ज करवा दी इसके पहले एक फोटो रिलीज करने के चक्कर में एफआईआर दर्ज हो गई अभी और ऐसे मामले हैं जिसमें लोग बाग जीतू भैया के खिलाफ एफआईआर करवाने की बात कर रहे हैं वैसे जीतू भैया का कहना है कि हम ऐसी एफआईआर से डरते नहीं फिर भी कोर्ट कचहरी का सामना तो करना ही पड़ेगा ना, और कोर्ट कचहरी जाकर आदमी कितना परेशान हो जाता है ये उसी को मालूम होता है जो कोर्ट कचहरी के चक्कर लगाता है। जीतू भैया को अपनी सलाह है कि किसी अच्छे ज्योतिषी को अपनी कुंडली दिखाओ और यदि राहु, केतु, शनि अलसेठ देने पर उतारूं हों तो शांति के उपाय करवा दो, कोई अंगूठी पहन लो, कोई जाप करवा लो वरना रोज-रोज की झंझटों से कब तक लड़ोगे राजनीति तो आगे भी करना है अगर ऐसा ही हाल रहा तो तीस दिन पूरे साल कोर्ट कचहरी में ही बीत जाएंगे फिर राजनीति कब करोगे जीतू भैया, अपनी सलाह मानो और कुछ करो।

### हंसें तो कैसे हंसे

कल वर्ल्ड लाफ्टर डे था। लोग बात कहते हैं और विशेषज्ञ भी बताते हैं कि अगर आप हंसते रहेंगे तो आपका स्वास्थ्य ठीक रहेगा इसलिए लोगों के लिए हंसना बहुत जरूरी है जब आप हंसते हैं तो शरीर के तमाम अंगों में नई ऊर्जा का संचार होता है और जिसका फायदा शरीर को मिलता है लेकिन सवाल बड़ा लाजमी है कि ऐसे कठिन वक्त में हंसे तो हंसे कैसे? नेताओं को ही देख लो चुनाव चल रहा है जिनके चुनाव हो गए हैं वे इस तनाव में हैं कि क्या पता कितने वोट मिलते हैं अब जब रात दिन यही चिंता है तो हंसी कहां से आएगी? जिनके चुनाव हुए नहीं है वे भूखे प्यासे चिलचिलाती धूप में जनसंपर्क कर रहे हैं उस पर भी टेंशन है कि पता नहीं मतदाता घर से निकलेगा कि नहीं निकलेगा ऐसे तनाव और गर्मी के बीच किसको हंसी आ सकती है,,व्यापारी को इस बात की चिंता है कि दुकान में छापा ना पड़ जाए तो वह भी रोने जैसा मुंह बनाए दुकान में बैठा रहता है। अफसर को इस बात का मलाल है की सरकार बदल गई और उनकी मलाईदार पोस्टिंग भी चली गई अब ऐसे में पीएचक्यू में या सचिवालय में बैठकर कौन ऐसा जोधा होगा जो जोर-जोर से हंस सकेगा। बच्चों को पढ़ाई की चिंता है तो उनकी भी हंसी पता नहीं कहां गायब हो गई जो पढ़ लिख गए हैं वे नौकरी की तलाश में घूम रहे हैं अब नौकरी ढूंढें या फिर हंसे घर में पति तो वैसे भी पत्नी के सामने जोर-जोर से हंस नहीं सकता वरना पूछ लेगी ऐसी कौन सी दूसरी मिल गई है जो उसको याद कर कर इतने हंस रहे हो ,पत्नी को गृहस्थी की चिंता है यानी जब किसी के पास हंसने का समय नहीं है तो फिर लाफ्टर डे हो या लाफ्टर मंथ या फिर लाफ्टर इयर किसी को हंसी नहीं आने वाली भैया और वैसे भी अब सिर्फ धार्मिक सीरियलों में जो राक्षस बनते हैं उन्हीं की हंसी सुनाई पड़ती है आदमी की हंसी तो पता नहीं कहां खो गई है।

### सुपर हिट ऑफ़ द वीक

श्रीमान जी घर में घबराए हुए बैठे थे दोस्त ने पूछा क्या हुआ इतने घबराए हुए क्यों हो

कोरोना की कोविड शील्ड वेकसीन लगवाई थी लोग कह रहे हैं उससे हार्ट अटैक आ सकता है श्रीमान जी ने कहा अरे नहीं भाई उसका असर लाखों लोगों में से एक को हो सकता है दोस्त ने समझाया

यही तो डर है आज ही श्रीमती जी अपनी सहेली से कह रही थी मेरे ये तो लाखों में एक हैं श्रीमान जी ने बताया

# मिलावट का कहर, स्वास्थ्य के लिये जहर



ललित गर्ग

लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तंभकार हैं

भारतीय मसालों की गुणवत्ता की साख जब दुनिया में धुंधली हुई है, मिलावटी मसालों पर देश से दुनिया तक बहस छिड़ी हुई है, तब दिल्ली में मिलावट के एक बड़े मामले का पर्दापाश होना न केवल चिंताजनक है बल्कि दुनिया की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर भारत के लिये शर्मनाक है। भारत में मिलावट का मामला मसालों तक ही सीमित नहीं है। मिलावटखोरों ने दवाइयों, तेल, घी, दूध, मिठाइयों से लेकर अनाज तक किसी चीज को नहीं छोड़ा है। हर साल त्योहारों पर देशभर से मिलावटी मावा और मिलावटी मिठाइयों की खबरे आती हैं। प्रश्न है कि आखिर मिलावट का बाजार इतना धडल्ले से क्यों पनप रहा है, क्यों सिस्टम लाचार है, मिलावटखोरी का अंत क्यों नहीं हो पा रहा है? लोकसभा चुनाव के दौरान मिलावट की त्रासद एवं जानलेवा घटनाओं का उजागर होना, क्यों नहीं चुनावी मुद्दा बनता?

कह तो सभी यही रहे हैंबाकी सब झूठ है, सच केवल रोटी है। लेकिन इस बड़े सच रोटी यानी पेट भरने की खाद्य-सामग्री को मिलावट के कारण दूषित एवं जानलेवा कर दिया गया है। देश में खाद्य पदार्थों में मिलावट मुनाफाखोरी का सबसे आसान जरिया बन गई है। खाने-पीने की चीजें बिल्कुल भी सुरक्षित नहीं हैं। किसी भी वस्तु की शुद्धता के विषय में हमारे संदेह एवं शंकाएं बहुत गहरा गयी हैं। मिलावट का धंधा शहरों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक भी फैला हुआ है और इसकी जड़ें काफी मजबूत हो चुकी हैं। जीवन कितना विषम और विषभरा बन गया है कि सभी कुछ मिलावटी है। सब नकली, धोखा, गोलमाल ऊपर से सरकार एवं संबंधित विभाग कुंभकरणी निद्रा में है। मिलावटी खाद्य पदार्थ धीमे जहर की तरह हैं। ये दिल और दिमाग से जुड़ी बीमारियों, अल्सर, कैंसर वगैरह की वजह बन सकते हैं। खाने वालों को आभास भी नहीं होता कि वे धीरे-धीरे किसी गंभीर बीमारी की ओर जा रहे हैं। वे किसी पर भरोसा कर कुछ खरीदते हैं और मिलावटखोर तमाम कानून बने होने एवं प्रशासन की सक्रियता के बावजूद इस भरोसे को तोड़ रहे हैं। उनकी वजह से दूसरे देशों का भी भरोसा भारतीय उत्पादों पर कम होने की स्थितियां बनती जा रही है। कुछ दिनों पहले ही हांगकांग और सिंगापुर ने लिमिट से ज्यादा पेस्टिसाइड का आरोप लगाकर दो भारतीय ब्रैंड के कुछ मसालों को बैन किया था। अगर ऐसा हुआ तो इनके निर्यात से करोड़ों डॉलर की आमदनी पर आंच आएगी।

मिलावट करने वालों को न तो कानून का भय है और न आम आदमी की जान की परवाह है। दुखद एवं विडम्बनापूर्ण तो ये स्थितियां हैं जिनमें खाद्य वस्तुओं में मिलावट धडल्ले से हो रही है और सरकारी एजेन्सियां इसके लाइसैंस भी आंख मूंदकर बांट रही है। जिन सरकारी विभागों पर खाद्य पदार्थों की क्वॉलिटी बनाए रखने की जिम्मेदारी है वे किस तरह से लापरवाही बरत रही है, इसका परिणाम आये दिन होने वाले फूड प्वाइजनिंग की घटनाओं से देखने को मिल रहे हैं। मिलावट के बहुरुपिया रावणों ने खाद्य बाजार जकड़ रखा है। मिलावट का कारोबार अगर फल-फूल रहा है, तो जाहिर है कि इसके खिलाफ जंग उस पैमाने पर नहीं हो रही है, जैसी होनी चाहिए। इस मामले में भारत अपने पड़ोसी देश बांग्लादेश से कुछ सबक ले सकता है, जिसने हल्दी में लेड की मिलावट पर काबू पा लिया। मिलावटखोर हल्दी की चमक बढ़ाने के लिए लेड का इस्तेमाल करते हैं और यह समस्या पूरे दक्षिण एशिया की है।

मिलावट सबसे बड़ा खतरा है। मारने वाला कितनों को मारेगा? एक आतंकवादी स्वचालित हथियार से या बम ब्लास्ट कर अधिक से अधिक सौ दो सौ को मार देता है। लेकिन खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वाला हिंसक एवं दरिंदा तो न जाने कितनों को मृत्यु की नींद सुलाता है, कितनों को अपंग और अपाहिज बनाता है। इन हिंसक, क्रूर एवं मुलाफाखोरों पर लगाम न लगने की एक वजह यह भी है कि ऐसा करने वालों को लगता है, इससे होने वाले मुनाफे की तुलना में मिलने वाली सजा बहुत कम है। जाहिर है, सजा कड़ी करने के साथ ही यह भी पक्का करना होगा कि दोषी किसी तरह से बच न निकलें। यही नहीं, लोगों को पता होना चाहिए कि मिलावट की शिकायत कहां करनी है। हमारे प्रयासों में कमी न रहे, तभी यह काला धंधा रुक सकेगा।



कारोबार में बढ़ती प्रतिस्पर्धा के कारण मिलावट हर जगह देखने को मिलती है। कहीं दूध में पानी की मिलावट होती है, तो कहीं मसालों में रंगों की। दूध, चाय, चीनी, दाल, अनाज, हल्दी, फल, आटा, तेल, घी आदि ऐसी तमाम तरह की घरेलू उपयोग की वस्तुओं में मिलावट की जा रही है। यानी, पूरे पैसे खर्च करके भी हमें शुद्ध खाने का सामान नहीं मिल पाता है। मिलावट इतनी सफाई से होती है कि असली खाद्य पदार्थ और मिलावटी खाद्य पदार्थ में फर्क करना मुश्किल हो जाता है। जीवन मूल्यहीन और दिशाहीन हो रहा है। हमारी सोच जड़ हो रही है। मिलावट, अनैतिकता और अविश्वास के चक्रव्यूह में जीवन मानो कैद हो गया है। घी के नाम पर चर्बी, मक्खन की जगह मार्गरीन, आटे में सेलखड़ी का पाउडर, हल्दी में पीली मिट्टी, काली मिर्च में पपीते के बीज, कटी हुई सुपारी में कटे हुए छुहारे की गुठलियां मिलाकर बेची जा रही हैं। दूध में मिलावट का कोई अंत नहीं। नकली मावा बिकना तो आम बात है। राजस्थान और गुजरात में चल रहा नकली जीरे का कारोबार अब दिल्ली एवं देश के अन्य हिस्सो तक पहुंच गया है। दिल्ली में पहली बार पकड़ी गई नकली जीरे की खेप ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। भारत के लोगों को न शुद्ध हवा मिल रही है और न शुद्ध पानी और न ही शुद्ध खाने का निवाला, कैसी अराजक शासन व्यवस्था है? मिलावट के कारण हम एक बीमार समाज का निर्माण कर रहे हैं। शरीर से रुग्ण, जीर्ण-शीर्ण मनुष्य क्या सोच सकता है और क्या कर सकता है? क्या मिलावटखोर परोक्ष रूप से जनजीवन की सामूहिक हत्या का षड्यंत्र नहीं कर रहे? हत्यारों की तरह उन्हें भी अपराधी मानकर दंड देना अनिवार्य होना चाहिए। मिलावट एक ऐसा खलनायक है, हत्यारी प्रवृत्ति है, जिसकी अनदेखी जानलेवा साबित हो रही है। चाहे प्रचलित खाद्य सामग्रियों की निम्न गुणवत्ता या उनके जहरीले होने का मतलब इंसानों की मौत भले ही हो, पर कुछ व्यापारियों एवं सरकारी अधिकारियों के लिए शायद यह अपनी थैली भर लेने का एक मौका भर है। त्यौहारों पर मिलावटी मिठाइयां खाने से अपच, उलटी, दस्त, सिरदर्द, कमजोरी और बेचैनी की शिकायते सुनने में आती रही है। इससे किडनी पर बुरा असर पड़ता है। पेट और खाने की नली में कैंसर की आशंका भी रहती है।

खाद्य उत्पाद विनियामक भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण ने 2006 के खाद्य सुरक्षा और मानक कानून में कड़े प्रावधान की सिफारिश की थी। कानून को सिंगापुर के सेल्स आफ फूड एक्ट कानून की तर्ज पर बनाया गया जो मिलावट को गम्भीर अपराध मानता है। फूड इंस्पैक्टरों का दायित्व है कि वह बाजार में समय-समय पर सैम्पल एकत्रित कर जांच करवाएं लेकिन जब सबकी 'मंथली इन्कम' तय हो तो फिर जांच कौन करे? हालत यह है कि बाजारों में धूल-धक्कड़ के बीच घोर अस्वास्थ्यकर माहौल में खाद्य सामग्रियां बेची जा रही है। सीएजी ऑडिट के दौरान जो तथ्य उजागर हुए हैं, वे भ्रष्टाचार को तो सामने लाते ही है साथ-ही-साथ प्रशासनिक लापरवाही को भी प्रस्तुत करते हैं। देश में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता बनाए रखने का काम करने वाली सरकारी एजेन्सी की दशा कितनी दयनीय है और वहां कितनी लापरवाही बरती जा रही है, सहज अनुमान लगाया जा सकता है। हमें सोचना चाहिए कि शुद्ध खाद्य पदार्थ हासिल करना हमारा मौलिक हक है और यह सरकार का फर्ज है कि वह इसे उपलब्ध कराने में बरती जा रही कोताही को सख्ती से ले।

# क्या युद्ध के मुहाने पर खड़े हैं रूस-अमेरिका

## पश्चिमी देशों के खिलाफ पुतिन का परमाणु अभ्यास

मास्को

रूस ने कहा कि यूक्रेन के साथ युद्ध में करीब से शामिल होने की संभावनाओं को लेकर पश्चिमी देशों के वरिष्ठ अधिकारियों की एक के बाद एक टिप्पणियों से बढ़े तनाव के बीच वह युद्धक्षेत्र में परमाणु हथियारों के इस्तेमाल को लेकर सैन्य अभ्यास करने की योजना बना रहा है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के पांचवे कार्यालय की शुरुआत की पूर्व संध्या पर यह घोषणा की गयी। रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसने सामरिक परमाणु हथियारों के उपयोग का अनुकरण करने वाले अभ्यास आयोजित करने की योजना बनाई है। यह घोषणा क्रेमलिन द्वारा यूक्रेन में युद्ध के बारे में वरिष्ठ पश्चिमी अधिकारियों की टिप्पणियों पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करने के कुछ दिनों बाद आई है। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि यह अभ्यास रूसी संघ के संबंध में कुछ पश्चिमी अधिकारियों के उत्तेजक बयानों और धमकियों के जवाब में है।परमाणु-युक्त अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइलों के विपरीत ये पूरे शहरों को नष्ट कर सकती हैं। युद्ध के मैदान पर सैनिकों के खिलाफ



उपयोग के लिए सामरिक परमाणु हथियार कम शक्तिशाली होते हैं और उनकी क्षमता लगभग एक किलोटन जितनी कम हो सकती है। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान हिरोशिमा पर गिराया गया अमेरिकी बम 15 किलोटन का था। ऐसे युद्धक्षेत्र के परमाणु हथियार हवाई बम, कम दूरी की मिसाइलों के लिए हथियार या तोपखाने के हथियार बहुत कॉम्पैक्ट हो सकते हैं। उनका छोटा आकार उन्हें ट्रक या विमान पर सावधानी से ले जाने की अनुमति देता है। रणनीतिक हथियारों के विपरीत सामरिक हथियार कभी भी ऐसे किसी समझौते द्वारा सीमित नहीं किए गए हैं, और रूस ने उनकी संख्या या उनसे संबंधित कोई अन्य विवरण जारी नहीं किया है।

24 फरवरी, 2022 को यूक्रेन पर पूर्ण पैमाने पर आक्रमण शुरू करने के बाद से रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कीव को सैन्य समर्थन बढ़ाने से हतोत्साहित करने के लिए पश्चिमी देशों को मॉस्को की परमाणु ताकत के बारे में बार-बार याद दिलाया है। पुतिन ने रूस की रक्षा के लिए आवश्यक सभी साधनों का उपयोग करने की चेतावनी के जरिए मास्को के परमाणु शस्त्रागार की याद समय समय पर दिलाई है।

फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने पिछले हफ्ते दोहराया था कि वह यूक्रेन में सेना भेजने से इनकार नहीं करते हैं और ब्रिटेन के विदेश सचिव डेविड कैमरन ने कहा कि कीव की सेनाएं रूस के अंदर लक्ष्यों पर हमला करने के लिए ब्रिटिश लंबी दूरी के हथियारों का उपयोग करने में सक्षम होंगी। क्रेमलिन ने उन टिप्पणियों को खतरनाक बताया, जिससे रूस और नाटो के बीच तनाव बढ़ गया। युद्ध ने पहले ही मॉस्को और पश्चिम के बीच संबंधों पर काफी दबाव डाल दिया है। यह पहली बार नहीं था कि यूक्रेन के लिए यूरोप के सैन्य समर्थन ने रूसी अधिकारियों को परेशान किया है और परमाणु हमले के लिए प्रेरित किया है। पिछले साल मार्च में यूके सरकार द्वारा यूक्रेन को ख़त्म हुए यूरेनियम वाले कवच-भेदी गोले प्रदान करने के निर्णय के बाद, पुतिन ने घोषणा की कि उनका इरादा बेलारूस के क्षेत्र पर सामरिक परमाणु हथियार तैनात करने का है।

# राममन्दिर की जगह बाबरी मस्जिद बनाने का कांग्रेसी मंसूबा पूरा नहीं होंने देंगे : विहिप

नयी दिल्ली, ( वार्ता )

विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने आज कहा कि राम मन्दिर की जगह बाबरी मस्जिद बनाने का कांग्रेसी दिवास्वप्न साकार नहीं होने दिया जाएगा। विश्व हिंदू परिषद के अंतरराष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री डॉ. सुरेंद्र जैन ने कहा है कि कांग्रेस के एक पुराने वरिष्ठ नेता ने यह खुलासा किया है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी सत्ता में आने के बाद राम मंदिर की जगह बाबरी मस्जिद बनाएंगे चाहे उसके लिए उच्चतम न्यायालय के निर्णय को बदलने के लिए शाहबानो मामले की तरह संविधान में संशोधन करना पड़े। उनका यह इरादा काफी चिंताजनक है। इसका अभी तक किसी ने खंडन नहीं किया है। इसका मतलब उन्होंने इस आरोप को स्वीकार कर लिया है।

डॉ जैन ने कहा कि इंडी गठबंधन का यह निर्णय विश्व के करोड़ों राम भक्तों के लिए एक बड़ी चुनौती है। राम मंदिर की जगह बाबरी मस्जिद बनाने के



इरादों का राम भक्त हमेशा की तरह मुंह तोड़ जवाब देंगे।

उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन का सनातन विरोधी एवं राम विरोधी चरित्र बार-बार सामने आता रहा है। इस अपवित्र गठबंधन के सदस्यों ने ही अयोध्या में कारसेवकों का नरसंहार किया था और गोधरा में 59 कारसेवकों को जिंदा जलाने वालों का साथ दिया था। कांग्रेस ने तो राम मंदिर के निर्णय को लटकाने व भटकाने के लिए वरिष्ठ वकीलों की एक फौज ही खड़ी कर दी थी। तब भी राम भक्तों के संकल्प के सामने इनमें से किसी के राम मंदिर विरोधी षड्यंत्र सफल नहीं हो सके और भव्य राम मंदिर का निर्माण हो गया तो इन्होंने यह नया प्रपंच रचा है। उन्होंने कहा कि ये सत्ता में आने पर संविधान को बदल देना चाहते हैं और राम मंदिर की जगह बाबरी मस्जिद बनाना चाहते हैं। इन्होंने अपने इरादे मुस्लिम समाज को पहले ही बता दिए हैं। इसलिए ऐसे असदुद्दीन ओवैसी जैसे मुस्लिम नेता बार-बार बाबरी की बात करके मुस्लिम समाज को भड़काते हैं। इनके भड़काने पर ही कुछ लोग वक्त आने पर बाबरी मस्जिद बनाने की धमकी देते हैं। छोटे-छोटे बच्चे भी यही जहर भरे हुए नारे लगा रहे हैं। ऐसा लगता है वे भारत को 1946 की स्थिति में लाना चाहते हैं। डा. जैन ने कहा, विहिप राम भक्तों का आह्वान करती है कि अपने मतदान के द्वारा इन राम विरोधी और राष्ट्र विरोधी षडयंत्रों को सफल करें। वे मतदान अवश्य करें। शत प्रतिशत मतदान और राष्ट्र के हित में मतदान, हमारा यही संकल्प इन राष्ट्र विरोधी तत्वों को मुंहतोड़ जवाब देने में सफल होगा।

# भ्रष्टाचार और वंशवाद से मुक्त व्यवस्था के लिए वोट करें : शाह

नयी दिल्ली, ( वार्ता )



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में लोगों से भ्रष्टाचार मुक्त, जाति मुक्त एवं वंशवाद मुक्त व्यवस्था के लिए मतदान करने की अपील की और कहा कि जनता ऐसी सरकार चुने जिसके पास जन कल्याण का अनुभव के साथ विकसित भारत का खाका हो।

श्री शाह ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर कहा,लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में आज वोट डालने जा रहे सभी मतदाताओं से मैं अपील करता हूं कि वे राष्ट्र निर्माण में योगदान के लिए मतदान को कर्तव्य के रूप में स्वीकार करें। फिर से भ्रष्टाचार-मुक्त, जाति-मुक्त और वंशवाद-मुक्त प्रणाली के लिए वोट करें तथा ऐसी सरकार चुनें , जिसके पास जन कल्याण का अनुभव के साथ ही विकसित भारत का खाका हो।उन्होंने कहा, आपका वोट न केवल आपके लिए बल्कि आने वाले दशकों के लिए पूरे देश के लिए सौभाग्य की नींव रखेगा। श्री शाह गुजरात के गांधीनगर से दोबारा चुनाव लड़ रहे हैं।

# इमिग्रेशन पर कोई छूट नहीं, जयशंकर के बयान पर कनाडा के मंत्री का पलटवार

ओटावा

कनाडा के आव्रजन मंत्री मार्क मिलर ने भारत द्वारा नामित आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या से कथित तौर पर जुड़े तीन भारतीयों की हालिया गिरफ्तारी के संबंध में भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर की टिप्पणी का विरोध किया। मिलर ने जयशंकर की उस टिप्पणी पर कहा कि कनाडा संगठित अपराध से जुड़े लोगों को देश में प्रवास की अनुमति देता है। उन्होंने कहा कि हम ढिलाई नहीं बरत रहे हैं। मिलर ने उन रिपोर्टों की पुष्टि नहीं की कि तीन भारतीय नागरिकों ने छात्र वीजा पर कनाडा की यात्रा की थी। हम ढिलाई नहीं बरत रहे हैं। भारतीय विदेश मंत्री अपनी राय रखने के हकदार हैं। मैं उसे अपने मन की बात कहने दूँगा। एएनआई की रिपोर्ट के अनुसार, कनाडा के आव्रजन मंत्री मार्क मिलर ने केबल पब्लिक अफेयर्स चैनल (सीपीएसी) के साथ एक साक्षात्कार में



जयशंकर की टिप्पणियों पर अपनी अस्वीकृति व्यक्त करते हुए कहा कि यह सटीक नहीं है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने हाल ही में नई दिल्ली दिल्ली की चेतावनियों के बावजूद संगठित अपराध से जुड़े भारत के व्यक्तियों का स्वागत करने के लिए कनाडा की आलोचना की। जयशंकर ने दावा किया कि कनाडा में पाकिस्तान समर्थक झुकाव वाले कुछ व्यक्तियों ने राजनीतिक रूप से प्रभावशाली लॉबी बनाई है। जब आरोपी की वीज़ा स्थिति के बारे में पूछा गया, तो मंत्री मिलर ने चल रही पुलिस जांच के कारण विशिष्ट जानकारी देने से परहेज करते हुए कहा कि ऐसी पूछताछ रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस (आरसीएमपी) को निर्देशित की जानी चाहिए। जयशंकर ने मुक्त भाषण की आड़ में अतिवाद, अलगाववाद और हिंसा के समर्थकों को अनुमति देने के लिए ट्रूडो सरकार की आलोचना की। जयशंकर ने कहा कि खालिस्तान समर्थक लोगों का एक वर्ग कनाडा के लोकतंत्र का उपयोग कर रहा है, एक लॉबी बना रहा है और जस्टिन ट्रूडो की अल्पमत सरकार के लिए वोट बैंक बन गया है।

# मुसलमानों को आरक्षण मिलना ही चाहिए : लालू

पटना ( वार्ता )

राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने मुस्लिम आरक्षण का समर्थन किया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संविधान, लोकतंत्र और आरक्षण को खत्म करना चाहते हैं। श्री यादव ने मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान मुस्लिम आरक्षण के संबंध में पूछे गए एक सवाल के जवाब में कहा, मुसलमान को आरक्षण मिलना ही चाहिए पूरा। उन्होंने साथ ही एक बार फिर दोहराया कि श्री नरेंद्र मोदी संविधान, लोकतंत्र और आरक्षण को खत्म करना चाहते हैं। यह बात जनता समझ गई है। गौरतलब है कि श्री नरेंद्र मोदी लगातार



अपनी चुनावी सभाओं में विपक्षी इंडी गठबंधन के नेताओं पर आरोप लगा रहे हैं कि विपक्ष दलित और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के आरक्षण को छीन कर मुसलमानों को देना चाहता है, जबकि संविधान में धर्म के आधार पर आरक्षण का कोई प्रावधान नहीं है। श्री यादव ने अगर इंडी गठबंधन सत्ता में आई तो देश में जंगलराज हो जाएगा वाले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बयान पर कहा कि वह अपनी हार तय देखकर इतना डर गए हैं कि वह सभी को भड़का रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब तक संपन्न दो चरण के चुनाव में वोट इंडी गठबंधन की ओर ही जा रहा है ।

# नया क्वाड और भारत

मनीला

अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान मिलकर फिलीपींस के साथ नया क्वाड बनाते दिख रहे हैं। बीते हफ्तों में सामने आया कि अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया ने फिलीपींस के साथ मजबूती से बढ़ते हुए इंडो-पैसिफिक के तहत अपनी सेनाओं को एक साथ लाकर चीन के विरुद्ध क्वाड 2.0 जैसी रूपरेखा बना दी है। ये खासतौर से दक्षिण चीन सागर को ध्यान में रखते हुए किया गया है। भारत की इस बात पर निगाह है कि उसके क्वाड साझेदार एक नया गुट तैयार कर रहे हैं। अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने भारत-प्रशांत क्षेत्र में यात्रा के दौरान चीन को मुख्य चुनौती बताते हुए एशिया में बाइडन प्रशासन की सैन्य



योजनाओं को जाहिर किया था। ऑस्टिन ने इस समूह की पहली बैठक के लिए जापान, ऑस्ट्रेलिया और फिलीपींस के नेताओं से भी मुलाकात की। एबीपी की रिपोर्ट के मुताबिक ऑस्टिन ने कहा है कि हम स्वतंत्र और खुले हिंद-प्रशांत को आगे बढ़ाने के अपने साझा दृष्टिकोण में एकजुट हैं। इस बैठक में दक्षिण चीन सागर में चारों देशों ने सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की है। इसमें भारत के नजरिए से यह अहम है कि वह अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान के साथ क्वाड का हिस्सा है। हालांकि इस नए समूह के गठन से भारत की चिंता बढ़ने का कोई कारण नहीं दिखता है। इसकी बड़ी वजह ये है कि दोनों समूहों की प्राथमिकताएं अलग हैं। इस नए समूह का सैन्य आयाम ज्यादा है और यह दक्षिण चीन सागर से संबंधित मुद्दों पर केंद्रित रहेगा जहां चीन अपनी गतिविधि बढ़ा रहा है, जबकि क्वाड मानवीय और आपदा राहत चुनौतियों पर केंद्रित है। अमेरिका स्थित रैंड कॉर्पोरेशन के वरिष्ठ रक्षा विश्लेषक डेरेक ग्रॉसमैन का कहना है कि नई रक्षा व्यवस्था मूल क्वाड में भारत की स्थिति के लिए कोई खतरा है। ये दो अलग पहल हैं जो आसानी से एक साथ रह सकती हैं। उन्होंने कहा कि नया क्वाड अधिक सीधे तौर पर चीन का मुकाबला करने के उद्देश्य से है।

# बढ़ता ही जा रहा है पाताल का रास्ता

मॉस्को

रूस के साइबेरिया स्थित दुनिया का सबसे बड़ा पर्माफ्रॉस्ट क्रेटर, बटागाइका बड़ा होता जा रहा है। एक नए अध्ययन में सामने आया है कि पाताल लोक का द्वार कहा जाने वाला ये विशाल गड्ढा, जमी हुई जमीन के पिघलने के कारण हर साल 35 मिलियन क्यूबिक फीट (1 मिलियन क्यूबिक मीटर) तक बढ़ रहा है। बटागाइका क्रेटर को पहली बार 1991 में रूस में उत्तरी याकुतिया के याना अपलैंड में पहाड़ी के ढहने के बाद देखा गया था। पहाड़ी का एक हिस्सा गिरने से पर्माफ्रॉस्ट की परतें उजागर हो गईं जो 6,50,000 साल से जमी हुई हैं। ये साइबेरिया का सबसे पुराना पर्माफ्रॉस्ट है।

लाइव साइंस की रिपोर्ट के मुताबिक, वैज्ञानिकों ने पाया है कि बटागे मेगास्लंप की चट्टान का चेहरा पर्माफ्रॉस्ट पिघलने के चलतचे हर साल 40 फीट (12 मीटर) की दर से पीछे हट रहा है। पहाड़ी का ढहा हुआ भाग, जो हेडवॉल से 180 फीट (55 मीटर) नीचे गिर गया था, तेजी से पिघल रहा है और डूब रहा है। शोध टीम ने बताया है कि बर्फ और तलछट की मात्रा कम हो गई है। 2014 में मेगास्लंप की चौड़ाई 2,600 फीट (790 मीटर) मापी गई थी। इसके बाद बीते 10 साल में यह 660 फीट (200 मीटर) चौड़ा हो गया है। शोधकर्ताओं को पहले से ही पता था कि यह बढ़ रहा है, लेकिन यह पहली बार है कि उन्होंने क्रेटर से निकलने वाले पिघले पदार्थ की



मात्रा निर्धारित की है। उन्होंने बटागे की सैटेलाइट तस्वीरों, क्षेत्र माप और डेटा का निरीक्षण करके ये नतीजा निकाला है।

इस शोध के परिणामों से संकेत मिलता है कि गीजा के 14 से अधिक महान पिरामिडों के बराबर बर्फ और तलछट का एक क्षेत्र मेगास्लंप के ढहने के बाद से पिघल गया है। पिछले एक दशक में पिघलने की दर अपेक्षाकृत स्थिर रही है, जो ज्यादातर क्रेटर के पश्चिमी, दक्षिणी और दक्षिणपूर्वी किनारों पर हेडवॉल के साथ होती है। साइबेरिया के पर्माफ्रॉस्ट क्रेटर बटागाइका के पिघलने और इसके बढ़ने पर एक्सपर्ट ने चिंता जाहिर की है। हाल ही में रूसी वैज्ञानिकों ने कहा था कि यह रूस के उत्तरी और उत्तरपूर्वी शहरों और कस्बों को खतरे में डाल रहा है। वैज्ञानिकों का कहना है कि इससे ना केवल रूसी कस्बों और शहरों को बल्कि पूरे प्लेनेट को भी खतरा है क्योंकि इसके पिघलने के कारण वायुमंडल में आ रही ऑर्गेनिक कार्बन की भारी मात्रा ग्लोबल वार्मिंग को और ज्यादा बढ़ा सकती है।

अंतरिक्ष एजेंसी नासा के अनुसार, पर्माफ्रॉस्ट से मतलब उस जमीन या जगह से है जो लगातार कम से कम दो साल तक शून्य डिग्री सेल्सियस पर पूरी तरह से जमी रहती है। ये स्थायी रूप से जमे हुए मैदान बर्फ द्वारा एक साथ रखी गई मिट्टी, चट्टानों और रेत के संयोजन से बने होते हैं। पर्माफ्रॉस्ट उत्तरी और दक्षिणी ध्रुवों के पास के क्षेत्रों में सबसे आम हैं और पृथ्वी के बड़े हिस्से को कवर करते हैं। खासतौर से उत्तरी गोलार्ध में लगभग एक चौथाई भूमि क्षेत्र के नीचे पर्माफ्रॉस्ट है। जमीन जमी होने के बावजूद पर्माफ्रॉस्ट वाले क्षेत्र हमेशा बर्फ से ढके नहीं होते हैं।

## फिल्म/टीवी मनोरंजन

# वे नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा से हैं, एक्टिंग स्कूल पर रत्ना पाठक शाह के बयान पर अनुपम खेर ने दी प्रतिक्रिया

अनुपम खेर, रत्ना पाठक शाह और नसीरुद्दीन शाह हिंदी सिनेमा के बेहतरीन अभिनेता हैं। ये तीनों दिग्गज अभिनेता हैं लेकिन इनकी राजनीतिक विचारधारा में काफी अंतर है। हाल ही में रत्ना ने एक बयान दिया था, जिसमें उन्होंने एक्टिंग स्कूल को एक दुकान बताया था। अब उनके इस बयान पर अनुपम खेर ने प्रतिक्रिया दी है। गौरतलब है कि अनुपम का अपना एक्टिंग स्कूल भी है।



एक इंटरव्यू के दौरान अनुपम से रत्ना पाठक के बयान पर प्रतिक्रिया मांगी गई। इसका जवाब देते हुए उन्होंने रत्ना से असहमति जताई। खेर ने कहा यह उनका अपना नजरिया है. मैं भी नसीर जी का इंटरव्यू देख रहा था, वो भी कुछ ऐसा ही कह रहे थे. ये दोनों खुद नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा से पढ़े हैं, क्या ये भी एनएसडी को दुकान कहेंगे? कभी-कभी इंसान कड़वाहट के कारण ऐसी बात कह देता है। वे जो सोचते हैं उसे उचित ठहराना मेरा काम नहीं है। अगर उन्हें लगता है कि यह एक दुकान है तो मुझे इससे कोई समस्या नहीं है।

अनुपम खुद एक एक्टिंग स्कूल चलाते हैं। उन्हें इसकी प्रेरणा एक ऐसे अभिनेता को देखकर मिली, जो काफी सहज था, लेकिन कैमरे के सामने आते ही घबरा जाता था। इसके बाद उन्होंने नए अभिनेताओं में सहजता लाने के लिए एक एक्टिंग स्कूल की नींव रखी। मामले पर आगे बोलते हुए अनुपम खेर ने कहा, मैंने सोचा कि मुझे एक एक्टिंग स्कूल खोलना चाहिए, जहां मैं लोगों को एक्टिंग सिखा सकूं। लोग कहते हैं कि यह एक दुकान है, लेकिन मुझे लगता है कि उन्हें इस विषय पर दोबारा सोचना चाहिए। भावी कलाकारों को तैयार कर रहे हैं। हमारे पास दंत चिकित्सकों की शिक्षा के लिए पत्रकारिता स्कूल और स्कूल हैं। क्या रत्ना उन दंत चिकित्सकों के पास जाती है जो कभी स्कूल नहीं गए?

जब अनुपम से पूछा गया कि क्या उनकी विचारधाराओं में मतभेद के कारण उनके रिश्ते में कोई कड़वाहट है? इस पर दिग्गज अभिनेता ने कहा कि वह लोगों में अच्छाई देखते हैं. एक घटना के बारे में बताते हुए अनुपम ने कहा, मुझे याद है जब मैंने अपनी पहली कार खरीदी थी, तो मैं उसे मेहबूब स्टूडियो ले गया था। नसीर वहां अपनी कार में मौजूद थे। जिस गर्मजोशी से उन्होंने मुझसे बात की, मैं उसे कभी नहीं भूल सकता। वाह अनुपम! इसलिए मुझे इसकी परवाह नहीं है कि वह (नसीरुद्दीन) मेरे बारे में क्या कहते हैं, मैं हमेशा उनकी गर्मजोशी को याद रखूंगा।

# अक्षय कुमार और अरशद वारसी की फिल्म जॉली एलएलबी 3 में हुमा कुरैशी की एंट्री!

बॉलीवुड अभिनेत्री हुमा कुरैशी, अक्षय कुमार और अरशद वारसी की आने वाली फिल्म जॉली एलएलबी 3 में काम करती नजर आ सकती हैं।



अक्षय कुमार और अरशद वारसी की आने वाली फिल्म 'जॉली एलएलबी 3' की शूटिंग शुरू हो गई है। हाल ही में अक्षय और अरशद वारसी ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर कर इस बात की जानकारी दी थी। चर्चा है कि अब इस फिल्म में हुमा कुरैशी की भी एंट्री हो गई है। कहा जा रहा है कि हुमा कुरैशी राजस्थान के अजमेर गई हैं और वह वहां पर जॉली एलएलबी 3 की कास्ट को ज्वाइन करेंगी। अक्षय और अरशद पहले से ही यहां इस फिल्म की शूटिंग कर रहे हैं। कुछ दिनों पहले फिल्म जॉली एलएलबी 3 की शूटिंग शुरू होने की जानकारी देते हुए अक्षय ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया था। इसके साथ ही उन्होंने लिखा था, अब ओरिजिनल कौन और डुप्लिकेट कौन, ये तो पता नहीं. पर ये पक्का है कि ये जॉली गुड राइड होने वाली है। हमारे साथ बने रहें. जय महाकाल। उल्लेखनीय है कि जॉली एलएलबी वर्ष 2013 में प्रदर्शित हुयी थी। इस फिल्म में अरशद वारसी ने मुख्य किरदार निभाया था। वहीं, वर्ष 2017 में प्रदर्शित जॉली एलएलबी 2 में अक्षय कुमार ने मुख्य भूमिका निभायी। अब जॉली एलएलबी 3 में अरशद और अक्षय दोनों नजर आयेंगे।

# मनोज वाजपेयी की वेबसीरीज द फैमिली मैन 3 की शूटिंग शुरू



बॉलीवुड अभिनेता मनोज वाजपेयी की वेबसीरीज द फैमिली मैन 3 की शूटिंग शुरू हो गयी है। मनोज बाजपेयी की पॉप्युलर सीरीज द फैमिली मैन का हर कोई दीवाना है। इसके किरदार और इसकी कहानी से लेकर डायलॉग्स तक, सभी पसंद किए गए हैं। इसके दो सीजन आ चुके हैं। और अब इसके तीसरे सीजन का भी इंतजार खत्म हो गया है। वर्ष 2019 में वेबसीरीज सीरीज द फैमिली मैन प्रदर्शित हुयी थी। इसके बाद वर्ष 2021 में द फैमिली मैन 2 रिलीज हुयी। अब फैमिली मैन 3 की शूटिंग हो चुकी है। राज एंड डीके अपने बैनर डी2आर फिल्म्स के तहतद फैमिली मैन 3 बना रहे हैं। प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होने वाली इस सीरीज का ऐलान सेट से किया गया है। अमेजन प्राइम ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर जो तस्वीर शेयर की है उसमें क्लैपबोर्ड की तस्वीर है। वहीं, अगले स्नैप में,मनोज बाजपेयी को राज और डीके के साथ पोज देते हुए देखा जा सकता हैं।इस सीरीज में मनोज बाजपेयी लीड रोल निभाते नजर आने वाले हैं। एक बार फिर मनोज बाजपेयी श्रीकांत तिवारी का रोल निभाने के लिए तैयार हैं। श्रीकांत एक मिडिल क्लास का आदमी और विश्व स्तरीय जासूस हैं। श्रीकांत ना सिर्फ अपनी पत्नी से रिश्ते ठीक करते हुए नजर आने वाले हैं बल्कि अपने जीवन में बैलेंस बनाते हुए भी दिखाई देंगे।

# मशहूर कॉमेडियन रम्पत सिंह भदौरिया के निधन से पसरा मातम



नौटंकी में अपनी एक्टिंग और डबल मीनिंग कॉमेडी से फेमस हुए कलाकार रम्पत सिंह भदौरिया का मंगलवार को निधन हो गया। उन्होंने 64 साल की उम्र में दुनिया को अलविदा कह दिया। 28 अप्रैल को एक प्रोग्राम से लौटने के बाद वो घर में चहलकदमी कर रहे थे कि अचानक गिर पड़े। गंभीर हालत में उन्हें फौरन हॉस्पिटल ले गए, जहां डॉक्टरों ने बताया कि उन्हें ब्रेन स्ट्रोक हुआ था। चार दिन तक इलाज कराने के बाद 7 मई को उन्होंने कानपुर के हैलेट हॉस्पिटल में आखिरी सांस ली।

जानकारी के मुताबिक, एक तरफ जहां समाज में लोककला खो रही है, वहीं बाबूपुरवा के रहने वाले रम्पत सिंह ने इसे अपने जीते जी जिंदा रखा। कहते हैं कि 12 साल की उम्र से ही वो नौटंकी में एक्टिंग कर रहे थे, जो आखिरी समय तक जारी था। भोजपुरी फिल्मों के साथ ही वो कई पॉप्युलर गानों में भी नजर आए थे।

# बाल विवाह की सूचना देने कंट्रोल रूम स्थापित

नरसिंहपुर। महिला एवं बाल विकास विभाग के निर्देशानुसार 10 मई को अक्षय तृतीया के अवसर पर होने वाले बाल विवाह हेतु सूचना प्रदान करने के लिए वन स्टाप सेंटर नरसिंहपुर के कार्यालय में 8 मई से 10 मई तक कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। कंट्रोल रूम का दूरभाष क्रमांक 07792- 2350042 है। उक्त कंट्रोल रूम में बाल विवाह से संबंधित शिकायत प्राप्त होने पर बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत कार्यवाही के लिए संबंधित बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी को सूचित किया जायेगा।उक्त कंट्रोल रूम के लिए जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास ने कर्मचारियों की ड्यूटी लगाकर दायित्व सौंपे हैं। जारी आदेश के अनुसार पर्यवेक्षक वन स्टाप सेंटर श्रीमती शशि किरण श्रीवास्तव को नोडल अधिकारी बनाया गया है। वे वन स्टाप सेंटर के स्टाफ की सहायता से कंट्रोल रूम का संचालन करेंगी। कंट्रोल रूम में प्रातः 8 बजे से अपरान्ह 4 बजे तक सामाजिक कार्यकर्ता डीसीपीयू श्री अम्रता दुबे, अपरान्ह 4 बजे से रात्रि 12 बजे तक सामाजिक कार्यकर्ता डीसीपीयू श्री प्रवीण डेहरिया और रात्रि 12 बजे से प्रातः 8 बजे तक आउटरीच वर्कर डीसीपीयू श्री अंकुर नेमा को कंट्रोल रूम संचालन में सहयोग के लिए ड्यूटी लगाई गई है।

# कलेक्टर ने किया निःशुल्क जेईई व नीट कक्षाओं का शुभारंभ

नरसिंहपुर।



उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर में कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के मुख्य आतिथ्य में निःशुल्क जेईई व नीट कक्षाओं का शुभारंभ मंगलवार को मां सरस्वती पूजन व दीप प्रज्जवलन कर किया। जेईई व नीट की कक्षाओं के लिए विद्यार्थियों को अलग- अलग विषयों के लिए नियुक्त विषय- विशेषज्ञों द्वारा 8 मई से प्रातः 10 बजे से दोपहर 12.25 बजे तक आयोजित की जायेंगी।कलेक्टर श्रीमती पटले ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए प्रतियोगी परीक्षाओं को तैयारी के लिए मार्गदर्शन दिया।विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद सीईओ जिला पंचायत नरसिंहपुर श्री दलीप कुमार ने कहा कि जो विद्यार्थी इन परीक्षाओं की तैयारी के लिए शहर से बाहर नहीं जा पाते हैं, उनके लिए यह महत्वपूर्ण प्लेटफार्म है और उनके उज्जवल भविष्य मे सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने गणित विषय के मापांक, फलन व अनामिका की अवधारणा को बहुत रोचक ढंग से विद्यार्थियों को पढ़ाया।सहायक कलेक्टर श्री शुभम यादव ने विद्यार्थियों को पढ़ने के साथ- साथ खेल गतिविधियों मे रूचि लेने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ्य शरीर से स्वस्थ्य मस्तिष्क निवास करता है।जिला शिक्षा अधिकारी श्री एचपी कुर्मी ने नवाचार की मुक्त कंठ से सराहना की। उन्होंने विद्यार्थियों के कैरियर को गति देने के लिए मील का पत्थर बताया। प्राचार्य श्री आरके श्रीवास्तव ने निशुल्क कक्षाओं की रूपरेखा से बताई। कार्यक्रम का संचालन श्री प्रशांत पटैरिया व आभार प्रदर्शन श्री रामनरेश रावत ने किया।जेईई व नीट परीक्षा मार्गदर्शन कक्षाओं के संचालन के लिए प्राचार्य उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर श्री जीएस पटैल को नोडल अधिकारी, श्री रामनरेश रावत उमाशि विषय प्रभारी जीवविज्ञान, श्री राजा ठाकुर उमाशि विषय सह प्रभारी जीवविज्ञान, श्री तरूण मालवीय उमाशि विषय प्रभारी भौतिक विज्ञान, श्री दीपक अग्निहोत्री उमाशि विषय सहप्रभारी भौतिक विज्ञान, श्री आरके श्रीवास्तव प्राचार्य विषय प्रभारी गणित, श्री अभिनव लखेरा उमाशि सह प्रभारी गणित, श्री मनीष शर्मा उमाशि विषय प्रभारी रसायन विज्ञान, डॉ. फिरोज खान उमाशि रसायन विज्ञान सह प्रभारी सहित अलग- अलग टापिक पर गणित विषय के 14, जीव विज्ञान के 19, रसायन शास्त्र के 15 विषय विशेषज्ञों के द्वारा कक्षाओं का विधिवत संचालन किया जाएगा।

## प्रधान जिला न्यायाधीश ने की अधिवक्तागण से नेशनल लोक अदालत को सफल बनाने की अपील

**नरसिंहपुर।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीष एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री कमल जोषी की अध्यक्षता में समस्त अधिवक्तागण के साथ जिला अभिभाषक संघ नरसिंहपुर के सभागार में बैठक आयोजित की गई। प्रधान जिला न्यायाधीष द्वारा नेषनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणो के निराकरण हेतु अधिवक्ताओ से सहयोग प्रदान करन की अपील की। साथ ही अधिवक्ताओ को अपने पक्षकारो के साथ राजीनामा योग्य प्रकरणो पर चर्चा करने व पक्षकारो को प्रकरण के निराकरण हेतु प्रोत्साहित करने पर बल दिया। उक्त अवसर पर जिला अभिभाषक संघ अध्यक्ष श्री मुकेष शर्मा द्वारा आगामी नेषनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणो के निराकरण में हर तरह का सहयोग प्रदान करने का आष्वासन प्रदान किया गया। साथ ही विषेष न्यायाधीष व नोडल अधिकारी नेषनल लोक अदालत श्री राजीव के. पाल. द्वारा भी प्रकरणो के निराकरण हेतु विभिन्न सुझाव अधिवक्ताओ को दिए गये। कार्यक्रम में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री वैभव सक्सेना ने अधिवक्तागण से अधिक-अधिक प्रकरणों का राजीनामा के माध्यम से निराकरण कर विवाद का अंतिम निपटारा करने का आव्हान किया। अपील कार्यक्रम मे प्रधान न्यायाधीष कुटुम्ब न्यायालय श्री अरविंद रघुवंषी, सीजेएम श्री प्रसन्न सिंह बेहरावत, जिला रजिस्ट्रार श्री राधाकृष्ण यादव सचिव जिला अभिभाषक संघ श्री सुलभ जैन, बार पदाधिकारीगण, वरिष्ठ व कनिष्ठ अधिवक्तागण उपस्थित रहे।



## सर्व ब्राह्मण महासभा ने सौंपा एसडीएम को ज्ञापन

**गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।** मंगलवार को सर्व ब्राह्मण महासभा तहसील गाडरवारा द्वारा पुलिस अधीक्षक नरसिंहपुर के नाम का ज्ञापन तहसील कार्यालय में एसडीएम कलावती ब्यारे को सौंपा गया। ज्ञापन में करेली मदार टेकरी के पुजारी की निर्मम हत्या में संलिप्त आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की गई है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि 4 मई रविवार को आस्था के केंद्र मदार टेकरी के मुख्य पुजारी की निर्मम हत्या की खबर से करेली शहर में डर एवं रोष का माहौल व्याप्त है। वहीं 24 घंटे बीत जाने के बाद भी करेली थाना प्रभारी के आश्वासन के बावजूद आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। निवेदन है घटना की पारदर्शिता पूर्वक शीघ्र जांच कर आरोपी को मृत्युदंड दिया जाए। ताकि भविष्य में ऐसी निंदनीय वारदातों की पुनरावृत्ति न हो। ज्ञापन देते समय सर्वब्राह्मण महासभा के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में विप्रजन उपस्थित रहे।

## वरदान हुआ करती है गुरु की कृपाः आगमसागर महाराज

**कुंडलपुर।** कुंडलपुर में मुनिश्री आगमसागर महाराज ने प्रवचन देते हुए कहा गुरुवर का आदेश हुआ उद्बोधन के लिए गुरु की कृपा वरदान हुआ करती है। उनकी कृपा से सांसारिक सुख के साथ-साथ आत्मिक सुख की प्राप्ति होते हुए भव्य जीव के लिए निर्वाण की अवस्था उपलब्ध होती है। यह सब गुरु की कृपा से ही संभव होता है। जिनके हृदय में गुरु बसे होते हैं उन्हें संसार में कोई चीज दुर्लभ नहीं होती सब चीज सुलभ होती चली जाती है गुरु की भक्ति हमने आगम ग्रंथो से जाना है। गुरु की भक्ति अच्छी तो तीर्थंकर प्रकृति का बंध करती है। वह तीर्थंकर प्रकृति जो तीनों लोकों में डंका बजाती है संसार में परोपकार का कार्य करते वह तीर्थंकर प्रकृति वाले महापुरुष होते हैं। देश पृथ्वी पर अपनी आत्मा की उन्नति के साथ-साथ असंख्यात जीवन को मोक्ष मार्ग पर लगा देते हैं। ऐसी तीर्थंकर प्रकृति का बंध गुरु भक्ति से हुआ करता है। जिन्होंने गुरु भक्ति से प्रेरित होकर गुरुओं की पूजन भक्ति की है वे महान पुण्य कमाते हुए अपने जीवन को सफल करते हुए अपनी आत्मा की उन्नति की ओर जाते हैं। हमारे गुरुवर विद्यासागर महाराज अपने गुरु के अनन्य भक्त थे जीवन के अंतिम समय तक उन्होंने उनकी चर्या को निभाया और अपनी वाणी को संयमित करके रखा इस प्रकार से अपने जीवन में जितनी भी ऊंचाइयों को पाया सबका श्रेय स्वयं करते हुए भी सदा यही वार्तालाप करते रहे गुरु की कृपा से सब हो रहा है।

## जिले के सभी शासकीय आईटीआई में प्रवेश की प्रक्रिया शुरू

**नरसिंहपुर।** जिले के शासकीय आईटीआई नरसिंहपुर, गाडरवारा, गोटेगांव व तेंदूखेड़ा में सत्र 2024- 25 के लिए प्रवेश की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। प्रवेश के लिए ऑनलाइन पंजीयन की अंतिम तिथि 20 मई तक निर्धारित की गई है। इच्छुक उम्मीदवार https://dsd.mp.gov.in पोर्टल पर पंजीयन करा सकते हैं। पोर्टल पर पंजीयन, आवश्यक त्रुटिसुधार व च्वाइस फिलिंग के लिए निर्धारित शुल्क का भुगतान करना होगा। आईटीआई में प्रवेश के इच्छुक सभी पात्र उम्मीदवारों को निर्धारित समयावधि में पोर्टल पर ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य होगा। रजिस्ट्रेशन करवाने वाले उम्मीदवारों को ही सीट आवंटन प्रक्रिया में सम्मिलित किया जावेगा। रजिस्ट्रेशन करवाने की जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी।इस संबंध में नजदीकी शासकीय आईटीआई और स्टेशन रोड नरसिंहपुर पर नये बस स्टेंड के पास केन्द्रीय जेल के सामने स्थित शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था- आईटीआई में सम्पर्क किया जा सकता है। यह जानकारी प्राचार्य शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था नरसिंहपुर ने दी है।




## निःशुल्क प्याऊ का शुभारंभ

नरसिंहपुर।

भारत विकास परिषद शाखा नरसिंहपुर द्वारा निःशुल्क प्याऊ का शुभारंभ सुनील कोठारी भारत विकास परिषद रीजनल अध्यक्ष और साथ में वरिष्ठ समाज सेवी आर के भट्ट द्वारा रिबन काट कर पोस्ट ऑफिस नरसिंहपुर के सामने किया गया जिसमें शाखा नरसिंहपुर के अध्यक्ष श्री शिरीष पुरोहित पूर्व अध्यक्ष अनिल राजपूत श्री सोमराज कोरी कोषाध्यक्ष कुलदीप सिंह सलूजा संजय राय निर्भय राम साहू कमलेश नेमा, नितिन नेमा आदि सदस्यों की उपस्थिति रही।

## कॉलेज चलो अभियान के अंतर्गत ऑनलाइन ई-प्रवेश की दी जानकारी

नरसिंहपुर।

उच्च शिक्षा विभाग में सत्र 2024.25 के लिए ऑनलाइन ई.प्रवेश की प्रकिया दिनांक 1 मई से प्रारम्भ हो चुकी है। महाविद्यालयों व विद्यालयों में विद्यार्थियों के अधिक से अधिक प्रवेश हेतु निर्देशानुसार कॉलेज चलो अभियान चलाया गया। जिसके अंतर्गत गठित दल में संयोजक डॉ दिव्या पटेलए सदस्य सुश्री इंदु सिंह व रीतेश अग्रवाल ने हायर सेकेंडरी स्कूलों में जाकर संबंधित विद्यालय के प्राचार्यों को उच्च शिक्षा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत संचालित पाठ्यक्रमों व प्रवेश हेतु आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी प्रदान की। इसके साथ ही सभी प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को आगामी 9 एवं मई 17 को सुबह 11 बजे से महाविद्यालय के वर्चुअल कक्ष में विषय चयन हेतु आयोजित होने जा रहे जागरूकता सेमिनार की जानकारी से भी अवगत करवाया। हायर सेकेंडरी के विद्यार्थियों को प्रवेश के लिए किसी तरह की समस्या का सामना न करना पड़े और वे विषय चयन के लिए सही जानकारी से अवगत हों इसलिए उनको जागरूक करने सेमिनार आयोजित किया जा रहा है।

# ड्रोन खरीदने के लिए आवेदन आमंत्रित

नरसिंहपुर।

कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने जिले में प्रत्येक विकासखंड के लिए इंडियन फार्मर फर्टिलाईजर कंपनी द्वारा ड्रोन के साथ इलेक्ट्रिक वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उप संचालक कृषि उमेश कटहरे ने बताया कि कृषि क्षेत्र में ड्रोन संचालन के लिए ड्रोन पायलट के वैध लायसेंस को रखने की वाध्यता रखी गई है। कृषि अभियांत्रिकी संचालनालय द्वारा किसान ड्रोन क्रय पर अनुदान प्राप्त करने के आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं।अनुदान योजना के अंतर्गत व्यक्तिगत श्रेणी के कृषक/ कस्टम हायरिंग केन्द्र सचालक/ कृषक उत्पादक संगठन (एफपीओ) श्रेणियों के अंतर्गत इच्छुक कृषक/ केन्द्र संचालक/ सस्था ई-कृषि यंत्र अनुदान पोर्टल (farmer.mpdage.org) पर अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। आवेदन के साथ धरोहर की राशि 5 हजार रुपये का डिमाण्ड ड्राफ्ट एवं ड्रोन पायलट के वैध लायसेंस अपलोड करना अनिवार्य होगा। लायसेंस स्वयं का अथवा उनके प्रतिनिधि का हो सकता है। डिमाण्ड ड्राफ्ट संबंधित जिले के सहायक कृषि यंत्री के नाम से बनाया जाना होगा। जिन आवेदनों के साथ धरोहर राशि का बैंक ड्राफ्ट संलग्न नहीं पाया जाएगा, उनके आवेदन अस्वीकार किये जावेगे। पर्याप्त आवेदन प्राप्त होने पर आवेदन आमंत्रित करने की प्रक्रिया को स्थगित किया जा सकेगा।किसान ड्रोन को क्रय करने पर अनुदान प्राप्त करने की पात्रता निर्धारित की गई है। व्यक्तिगत श्रेणी के अंतर्गत लघु, सीमांत, महिला, अनुसूचित जाति एवं अनुदान की पात्रता यंत्र की कीमत का 50 प्रतिशत अधिकतम 5 लाख रुपये, कस्टम हायरिंग केन्द्र के संचालकों हेतु कृषक उत्पादक संगठन (एफपीओ) के लिए जिन आवेदकों अथवा उनके प्रतिनिधियों के पास ड्रोन पायलट के वैध लायसेंस नहीं हैं और यदि वे यंत्र की कीमत का 40 प्रतिशत अधिकतम 4 लाख रुपये की राशि से यंत्र की कीमत का 75 प्रतिशत अधिकतम 7 लाख 50 हजार रुपये है। प्रशिक्षण प्राप्त कर



इसे लेना चाहते हैं, उन्हें विभागीय प्रशिक्षण केन्द्र में ड्रोन पायलट लायसेंस प्राप्त करने का अवसर प्रदान किया जा सकता है। प्रशिक्षण में उत्तीर्ण होने पर चयनित आवेदकों अथवा उनके प्रतिनिधियों को अनुदान पर किसान ड्रोन का क्रय करने की पात्रता होगी। प्रशिक्षण में भाग ले रहे आवेदक/ प्रतिनिधि के लिये निर्धारित शुल्क एवं न्यूनतम अर्हताएं के तहत न्यूनतम आयु 18 वर्ष व 10 वीं उत्तीर्ण होना चाहिये। संबंधित का वैध भारतीय पासपोर्ट उपलब्ध होना चाहिए। उपरोक्त प्रशिक्षण शुल्क 30 हजार रुपये जीएसटी अतिरिक्त का शुल्क नियत किया गया है।

उपरोक्त शुल्क में से 50 प्रतिशत अधिकतम 15 हजार रुपये एवं जीएसटी अभ्यार्थी को वहन करना होगा तथा शेष 60 प्रतिशत राशि शासन द्वारा वहन की जाएगी। उपरोक्त आवासीय प्रशिक्षण 07 दिवसीय (5 दिवसीय डीजीसीए द्वारा निर्धारित प्रशिक्षण एवं 2 दिवसीय किसान ड्रोन संचालन) है। आवास एवं भोजन की व्यवस्था निःशुल्क है। जो आवेदक/ प्रतिनिधि उपरोक्त प्रशिक्षण में भाग लेना चाहते हैं, वे अपना ऑनलाईन आवेदन 222.द्वश्चस्त्रड्डद्द.शह्द पर जाकर कौशल विकास का चयन कर अपनी जानकारी एवं अभिलेख अपलोड करें।संबधित कौशल विकास केन्द्र के अधिकारी के द्वारा पंजीकृत आवेदक के दस्तावेजों का सत्यापन कर अभ्यार्थियों का चयन वैच की उपलब्धता के अनुसार किया जाएगा। प्रशिक्षण प्रारंभ होने के पूर्व संबंधित आवेदक को सूचित किया जाएगा। आवेदक/ प्रतिनिधि को उपस्थिति के समय अपलोड किये गए अभिलेखों को मूल अभिलेखों के साथ मिलान करना होगा। यदि किसी प्रकार की विसंगति प्राप्त होती है, तो सबधित आवेदक/ प्रतिनिधि को प्रशिक्षण में भाग लेने से अपात्र किया जा सकेगा।इस दौरान इफको के क्षेत्रीय अधिकारी श्री अजय प्रताप सिंह, सहायक संचालक श्रीमती सीमा डहेरिया, सहायक संचालक गन्ना श्री अभिषेक दुबे और अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

# बाबा ताजुद्दीन ओलिया की 26वीं धूमधाम से मनाई



गाडरवारा ( स्वतंत्र मत )।

निरंजन वार्ड ज्योति हास्पिटल के पीछे स्थित ताजुल औलिया बाबे रड़ा मदरसा में हुडूर ताजुल औलिया नागपुर की 26वीं धूमधाम से मनाई गई, इस अवसर पर बड़ी संख्या में बाबा ताजुल ओलिया के चाहने वाले श्रद्धालुजन न्याज फातेहा में शामिल हुए।

फातिहा में शरीक हुए लोगों ने ताजुल औलिया को याद किया ओर उनके बताए हुए मार्ग एवं आदर्शो पर चलने के साथ विशेष दुआ की गई। मदरसे में आयोजित कार्यक्रम में ताजुल औलिया बाबे रड़ा मदरसे के संचालक धार्मिक गुरु हाड़िड़ डुबैर आलम साहब ने ताजुल औलिया की जीवनी पर प्रकाश डालते हुये आध्यात्मिकता और सेवा कार्यों के बारे में जानकारी देकर सभी से सदमार्ग पर चलने को कहा। मदरसे के बच्चों ने कुरान की तिलावत करते हुये मोहम्मद साहाब की शान मे नातेपाक पड़ी। कार्यक्रम के अंत में सभी ने मिलकर ताजुल औलिया के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया और उनके योगदान को सराहा फातिहा के बाद सभी लोगो ने लंगर में शरीक होकर सबाबे दारेन हासिल किया इस धार्मिक आयोजन के माध्यम से एकता भाईचारे के साथ सद्भावना का संदेश दिया। इस अवसर पर ताजुल औलिया बाबे रड़ा मदरसे के संचालक हाड़िड़ डुबैर आलम, जामा मस्जिद प्रबंधक कमेटी अध्यक्ष अबरार खान, पूर्व सदर मेहमूद पहलवान, हाजी सैयद ड़ासिम अली, हसीब खान, सैयद नायाब अली, हसनी हुसैन सोसाइटी अध्यक्ष राज ताजी, शाहनवाड़ ताजी, इमरान ताजी, एहड़ाड़ ताजी, शेख सलमान, अड़ड़ल खान नौशाद अशरफी आदि मौजूद रहे ।

## पुस्तक मेले का आयोजन आज

**नरसिंहपुर।** राज्य शासन के स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार व कलेक्टर के मार्गदर्शन में पुस्तक मेले का आयोजन 8 मई को सुबह 11 बजे से एमएलबी स्कूल नरसिंहपुर में किया जायेगा। एपीसी श्री यजुवेंद्र सिलावट ने बताया कि नवीन शैक्षणिक सत्र के प्रारंभ में क्रय किये जाने वाले पुस्तकें, यूनिफार्म, कॉपी, स्टेशनरी आदि उचित मूल्य पर सुलभ हो। प्रत्येक जिले में एक उपयुक्त स्थान पर तीन दिवसीय पुस्तक मेला यथाशीघ्र आयोजित किया जाये। मेले में पुस्तकों के प्रकाशकों, स्थानीय पुस्तक एवं स्टेशनरी विक्रेताओं सह शैक्षणिक सामग्री तथा यूनिफार्म विक्रेताओं को आमंत्रित किया जाये। पुस्तक मेले में उपरोक्त सामग्रियों की उपलब्धता के बारे में अभिभावकों एवं छात्रों को सूचित किया जाये। लोकसभा निर्वाचन- 2024 के लिए वर्तमान में आदर्श आचार संहिता प्रभावशील है। अतः इस बात का विशेष ध्यान रखा जाये कि आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन न हो।

## यज्ञ एवं दान के प्रभाव से संकट टलते हैं : इंद्रदेव सरस्वती महाराज

### विशाल भंडारे के साथ हुआ 7 दिवसीय संगीतमय श्रीमद भागवत कथा का समापन

गाडरवारा ( स्वतंत्र मत )।





नगर में शनि मंदिर के पास एनटीपीसी आडिटोरियम के सामने 7 दिवसीय संगीतमय श्रीमद भागवत कथा का समापन बीते मंगलवार को विशाल भंडारे के आयोजन के साथ किया गया । कथा के अंतिम दिन श्री भागवत भगवान की आरती के बाद कथावाचक महामंडलेश्वर स्वामी इंद्रदेव सरस्वती महाराज ने भगवान कृष्ण लीला अंतर्गत कालिया मर्दन, कंस वध, रुक्मणि विवाह एवं सुदामा प्रसंग से जुड़ी संगीतमय कथा सुनाते हुए कहा कि भगवान कृष्ण की लीलाएं अदभुत है। भगवान विष्णु के अवतार के रूप में भगवान कृष्ण के जीवन से हमें बहुत कुछ सीखने को मिलता है। उन्होंने कहा कि आजकल हम प्रकृति के साथ खिलवाड़ कर रहे है। दुर्भाग्य का विषय है कि आजकल गायों के चारागाहो पर अतिक्रमण हो गया है जो कि सर्वथा अनुचित है। उन्होंने आगे कहा कि आजकल दुर्गुणों से युक्त लोग अपने स्वार्थ सिद्धि के लिए बगुला भक्ति कर रहे है । ऐसे बगुला भक्तों से भगवान बचाये। उन्होंने भक्ति का महत्व बताते हुए कहा कि भक्ति तब तक है जब तक भगवान न मिल जाएं।

उन्होंने कहा लोग रुपये पैसों को लक्ष्मी मानते है कि लेकिन उसे शराब, तम्बाकू एवं मांस खरीदने में देते है जो कि अनुचित है। जो धन भगवान के कार्यो एवं सुख देने के कार्य आये उसे ही लक्ष्मी कहना चाहिए। उन्होंने कथा में आगे कहा कि लोगों को यथा संभव दान करना चाहिए ऐसा करने से पुण्य की प्राप्ति होती है। उन्होंने कहा कि यदि किसी औरत का पति दुष्ट हो लेकिन उसकी पत्नी गुणवान हो तो उसके घर का नुकसान नही होता। उन्होंने कहा कि बच्चे कितने भी बड़े हो जाएं माँ का प्रेम कभी उनके लिए कम नही होता बल्कि बड़े होने पर बच्चों का माँ के प्रति प्रेम आजकल कम होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि लक्ष्मीनारायण भगवान का दर्शन करने से विवाह का योग आता है। उन्होंने कथा में शिक्षा देते हुए कहा कि भगवत, भगवान एवं गुरु का दर्शन कभी भी खाली हाथ नहीं करना चाहिए। पौष महीना भगवान को पाने का उत्तम साधन है।

उल्लेखनीय है कि कथा के अंतिम दिन आरती उपरांत कथा का समापन किया गया। अंत मे आयोजक मंडल ने श्रीमद भागवत कथा में सहयोग हेतु सभी सहयोगियों के प्रति आभार जताया एवं कथा समापन उपरांत सभी श्रद्धालुओ ने भंडारे में प्रसादी ग्रहण की । अंतिम दिन की कथा में बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# जेल में विचाराधीन कैदी की हुई मौत






## परिजनों ने लगाया मारपीट का आरोप

## सड़क पर शव रख किया घंटों चक्का जाम

**कटनी/ब्यूरो।** जिला जेल झिझरी में स्थित रंगनाथ थाना अंतर्गत एक विचाराधीन कैदी की मृत्यु हो गई। मौत के बाद परिजनों नें शव कों रंगनाथ थाना के सामने सड़क पर रखकर घंटो चक्का जाम किया। इस बीच पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने मृतक के परिजनों का समझाने का प्रयास किया, लेकिन मृतक के परिजनों नें कार्रवाई ना होनें के आभाव में काफी देर तक चक्काजाम किया। इस दौरान चारों थाना के थाना प्राभारी सहित भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। वही हंगामा की सूचना पर नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमति ख्याति मिश्रा भी रंगनाथ नगर पहुंची और मृतक के परिजनों के समझाइस देते हुए न्यायसंगत कार्यवाही का अश्वासन दिया। इस दौरान काफी संख्या में पुलिस पदाधिकारी और जवान पहुंच स्थिति को नियंत्रित किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार 4 मई को अवैध शराब के एक मामले में जेल गए झर्रा टिकुरिया निवासी कैदी राकेश उर्फ रक्कू भारती की कटनी जिला जेल में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। रंगनाथ पुलिस के द्वारा विगत तीन एवं चार मई की दरम्यानी रात को भारत चौक झर्रा टिकुरिया निवासी 38 वर्षीय राकेश उर्फ रक्कू पिता मंगी लाल भारती को 350 पाव अवैध देशी शराब सहित पकड़ा गया था, जिसके बाद उसे न्यायालय के आदेश पर कटनी जेल में दाखिल कराया गया था। कटनी जिला जेल के बैरक नंबर एक में उसे रखा गया था। बताया जाता है कि मंगलवार 7 मई के तड़के जेल के विचारधीन कैदी रक्कू को अचेत अवस्था में लेकर शासकीय जिला अस्पताल पहुंचे जहां पर डॉक्टरों की जांच टीम नें राकेश ऊर्फरक्कू भर्ती कों मृत घोषित कर दिया। रक्कू भारती की मौत को लेकर यह बात भी सामने आ रही है कि किसी पुराने विवाद को लेकर जेल के अंदर कुछ कैदियों ने उसके साथ मारपीट की जिसके कारण उसकी हालत बिगड़ गई और बाद में उसकी मौत हो गई। इसके अलावा जेल प्रबंधन का कहना है कि रक्कु के साथ मारपीट होने जैसी कोई घटना अभी तक संज्ञान में नहीं आई है। प्रारंभिक तौर पर ड्यूटी में तैनात लोगों से जो जानकारी मिली है उसके मुताबिक रात लगभग 2 बजे रक्कू ने अपने बैरक के अंदर पानी पिया था। पानी पीने के बाद उसका शरीर शिथिल पड़ गया। जब उसकी ज्यादा तबियत बिगड़ गई तब उसे अस्पताल ले जाया गया लेकिन वहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। विचाराधीन कैदी रक्कू की मौत मारपीट के कारण हुई या फ्रि स्वास्थ्य कारण से इसका खुलासा शव परीक्षण रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। जेल प्रबंधन के द्वारा मृतक का शव परीक्षण कराते हुए अग्रिम कार्यवाही की जा रही है। कटनी जिला जेल अधीक्षक प्रभात चतुर्वेदी ने घटनाक्रम के संबंध में बातचीत करते हुए जानकारी दी है कि कटनी जेल के बैरक नंबर एक में कैद विचाराधीन कैदी राकेश उर्फ रक्कू भारती को अचेत अवस्था में शासकीय जिला अस्पताल ले जाया गया जहां पर डॉक्टरों ने जांच के उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि रात 2 बजे मृतक कैदी ने पानी पिया था पानी पीने के बाद ही उसका स्वास्थ्य अचानक से बिगड़ने लगा और वह कुछ देर बाद अचित हो गया था। प्रारंभिक तौर पर मारपीट होने जैसी कोई बात सामने नहीं आई है। जेल प्रबंधन द्वारा कैदी की मौत के मामले को लेकर न्यायिक जांच कराने के लिए पत्र लिखा गया है। परिजनों का आरोप है कि प्रशासन की लापरवाही से रक्कू की मौत हुई है। अब परिजनों की ओर से दोषियों को सजा की मांग की जा रही है।

# जैन मुनि संघ के कमंडल के जल से हुआ चमत्कार

कटनी/ब्यूरो



यह अतिशयकारी घटना कल ग्राम भरतपुर जोकि बड़गांव एवं रीठी के मध्य में स्थित है में कल वहां से विहार कर रहे, जैनाआचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महामुनिराज के शिष्य मुनि श्री 108 पूज्य सागर जी महाराज एवं मुनि श्री 108 अतुल सागर जी महाराज ससंघ जो कि कुंडलपुर से कटनी की ओर विहार रत हैं, वे रात्रि विश्राम के लिए ग्राम भरतपुर रुके । पर ग्राम पंचायत भरतपुर के सरपंच चन्नू पटेल गांव के एक खेत में सरकारी बोर करा रहे थे एलगभग डेढ़ सौ फीट बोर हो चुका थाए और एक बूंद भी पानी नहीं निकला जिससे चन्नु पटेल निराश बैठे थे और उन्हें पता चला कि गांव में जैन मुनि आए हुए हैं और हाई स्कूल भरतपुर में रुके तो वह मुनि श्री से आकर मिले और उन्होंने अपनी व्यथा बताई एवं ग्राम वासियों की पीने की पेयजल की व्यवस्था हेतु बोर वाली बात मुनि श्री को बताई और कहा महाराज जी बोर में पानी निकल आए तो हम सभी ग्रामवासियों की समस्या हल हो जाए इस पर मुनि श्री 108 पूज्य सागर जी महाराज ने पपू समाधिष्ठ जैनाचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज का स्मरण करते हुएएअपने कमंडल से जल मंत्र उच्चारण कर एक डिब्बी में सरपंच को दिया और बोले जहां पर बोर करा रहे हो उस बोर में यह जल डाल देना । उस समय वहां रीठी जैन समाज के एवं बड़ागांव जैन समाज के अनुयाई उपस्थित थे एयह वाक्या उन सभी लोगों के समक्ष हुआ एवहां पर रीठी जैन समाज से मंत्री महेंद्र जैन उपस्थित रहे और वह जल लेकर सरपंच के साथ बोरिंग मशीन जहां लगी थी वहां गए और वहां पर इन्होंने उस खेत में जल डाला। बताते हैं कि कुछ ही देर पश्चात बोर में गंगा प्रभावित हो गई और लगभग 4 इंची पानी बोर में आया और ग्राम वासियों की समस्याओं का किसानों की समस्याओं का अंत हुआ महाराज श्री ने इस हेतु सरपंच से ग्राम में तरक्की एवं खुशहाली के लिए सभी जनों से मांसाहार न करने का संकल्प दिलाया एऔर सभी को धर्म ध्यान करने के लिए बोला निश्चित रूप से जैन साधु की महिमा का यह वाक्या आज कटनी जिले की रीठी तहसील के ग्राम भरतपुर में घटित हुआ । जिसमें सैकड़ो लोग इस बात की साक्षी भी बने और मुनि श्री का चमत्कार भी अपनी आंखों से देखा फ्रि दूसरे दिन महाराज जी का रीठी की ओर विहार सुबह हो गयाए तो भरतपुर के सरपंच जी ने रीठी जाकर महाराज जी से आशीर्वाद लिया और महाराज जी के आशीर्वाद को उन्होंने स हृदय से धन्यवाद करते हुए गांव की जनता की ओर से आशीर्वाद मांगा ।

# जेल में मारपीट से हुई मन्नू भारती की मौत : कांग्रेस



कटनी/ब्यूरो

फॉरेस्टर वार्ड निवासी राजकुमार भारती को थाना रंगनाथ पुलिस द्वारा शराब के मामले में गिरतार करने बाद में जेल भिजवा देने और जेल में उसकी मृत्यु हो जाने के संबंध में जानकारी मिलते ही आज कटनी जिला शहर कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष एवं नगर निगम के वरिष्ठ पार्षद मिथलेश एडवोकेट ने मृतक के घर जाकर उसके परिजनों को सांत्वना दी एवं अस्पताल में उसका शव परीक्षण होने में आवश्यक मदद की। मिथलेश जैन ने उसके परिजनों के हवाले से बतलाया है की पुलिस द्वारा मृतक मन्नू भारती के विरुद्ध झूठा मामला बनाया और उसके साथ मारपीट की तथा जेल में भी उसके साथ मारपीट हुई जिसके कारण उसे चोटें आई और उसकी मृत्यु हुई। पुलिस उच्च अधिकारियों से मांग की है कि इस घटनाक्रम की बारीकी से पूर्ण जांच कराई जाए और दोषी व्यक्तियों पर प्रकरण पंजी बंद कर उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाए। उन्होंने यह भी मांग की है कि मृतक के परिजनों को 500000 की सहायता राशि भी प्रदान की जावे।



## चलित रसोई का लाभ अवश्य उठाएं जरूरतमंद : आयुक्त

**कटनी/ब्यूरो।** नगर निगम द्वारा स्थाई रसोई व चलित रसोई के संचालन हेतु नियुक्त संस्था घनश्याम सेवा समिति दिल्ली द्वारा मार्च 2024 से आज दिनांक तक निरंतर 500 से 600 व्यक्तियों को 5 रुपए प्रति थाली अनुसार गुणवत्ता पूर्ण भोजन प्रदान किया जा रहा है। संस्था द्वारा रसोई केंद्र आश्रय स्थल के समीप बस स्टैंड परिसर कटनी एवम मुड़वारा जिला अस्पताल के पास कटनी में इन दो स्थाई रसोई केंद्रों के द्वारा जरूरतमंदों को भोजन प्रदान किया जा रहा है एवं संस्था द्वारा एक चलित रसोई का भी संचालन किया जा रहा है। चलित रसोई द्वारा बस स्टैंड से पन्ना मोड तक प्रतिदिन हितग्राहियों को भोजन प्रदान किया जाता है। स्थाई रसोई व चलित रसोई के संचालन का समय सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक निर्धारित है सभी जरूरतमंद इस योजना का लाभ ले सकते हैं। निगमायुक्त विनोद कुमार शुक्ल ने सभी जरूरतमंदों से निर्धारित समय पर पहुंचकर भोजन प्राप्त करने अपील की है । इसके अलावा बताया गया कि प्रतिदिन भोजन के मेनू में बदलाव किया जाता है भोजन को और बेहतर बनाने हेतु हितग्राहियों से सुझाव लिए जाते हैं सुझाव हेतु निरीक्षक व सुझाव पंजी रसोई में उपलब्ध कराई गई है।

# 3 हजार से ज्यादा महिलाओं के उत्पीड़न का दोषी है रेवन्ना

कटनी/ब्यूरो



जिला शहर कटनी महिला कांग्रेस द्वारा महिला कांग्रेस अध्यक्ष रजनी वर्मा के नेतृत्व में तहसील कार्यालय में राष्ट्रपति के नाम कर्नाटक सांसद एवं यौन उत्पीड़न के आरोपी प्रज्ज्वल रेवन्ना के खिलाफ एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से कांग्रेस पार्टी की मातृशक्तियो एवम वरिष्ठ कांग्रेसियों ने राष्ट्रपति से ये आग्रह किया है कि कर्नाटक से जनता दल सेक्युलर के सांसद और वर्तमान में दकं से गठबंधन में सांसद प्रत्याशी प्रज्ज्वल रेवन्ना जो कि 3000 से अधिक विभिन्न उम्र की महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न का दोषी है, और जिसने इन महिलाओं के साथ दुराचार की सीडी भी बनाई जिनके वायरल होने से हजारों महिलाओं के घर उजड़ गए ऐसे दुर्जन और निम्न मानसिकता वाले व्यक्ति को तत्काल पकड़कर दंडात्मक कार्यवाही की जाए और उसके विभिन्न राजनीतिक पदों से स्तीफा लिया जाए महिला जिलाध्यक्ष रजनी वर्मा ने कहा कि प्रज्ज्वल रेवन्ना जैसे व्यक्ति जो महिलाओं के प्रति इतनी घृणित और गिरी मानसिकता रखते है वो आज केंद्र में बैठकर सरकार चला रहे है और हमारे प्रधानमंत्री जो बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा दे रहे है ऐसे घृणित लोगो का चुनाव में प्रचार कर रहे है, भाजपा के राज में आज महिला, पूर्णतया असुरक्षित है और उन्हें न्याय दिलाने वाली सरकार स्वयं ही आरोपियों के साथ खड़ी है, उच्च राजनीतिक संरक्षण प्राप्त होने के कारण ही प्रज्ज्वल रेवन्ना भारत छोड़कर बाहर भाग पाया है जैसे कि पहले भी कई भगोड़े देश का पैसा खाकर भागे है, सम्पूर्ण विपक्ष, सरकार के इस दोहरे रवैये और इस तरह से घृणित आरोपियों को संरक्षण देने का विरोध करती है, देश भर में सम्पूर्ण महिला कांग्रेस एवं मातृशक्तिया उन पीड़ित महिलाओं को न्याय दिलाने उनके साथ खड़ी है और अगर जल्दी ही पीड़ितों को न्याय नही दिलाया गया और प्रज्ज्वल रेवन्ना को उसके अपराध की सजा नही दी गई तो देश भर की महिलाएं मिलकर पीड़ितों को न्याय दिलाने सड़क पर उतरेंगी। इस कार्यक्रम में प्रदेश सहसचिव सुमन रजक, अदिता वर्मा, शशिप्रभा यादव, मुमताज बानो, लता खरे, लक्ष्मी रजक, गीता निषाद, अलवीना डेविड, कल्पना पाठक, रीता सोनी, जिला कार्यवाहक अध्यक्ष राजा जगवानी, प्रदेश सचिव प्रियदर्शन गौर, अधिवक्ता संघ अध्यक्ष अमित शुक्ला, पर्यावरण प्रकोष्ठ अध्यक्ष शशि शेखर भारद्वाज, वरिष्ठ कांग्रेसी राकेश जैन, संतोष यादव, कल्लू दास बैरागी, आनंद पटेल, मनोज गुप्ता, विजय वाधवानी, वेंकट गट्टानी, रोहित द्विवेदी, विकल पुरुस्वानी, संजय खरे अजय जैसवानी सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल रहे।

# 4 करोड़ की शासकीय भूमि से हटा अतिक्रमण

## भू-माफिया के रसूख को जेसीबी चलाकर किया नेस्तनाबूद

कटनी/ब्यूरो



ज़िला प्रशासन द्वारा ग्राम पड़रवारा में श्मशान भूमि के समीप की शासकीय भूमि से भू-माफिया के अवैध अतिक्रमण को जेसीबी मशीन चलाकर नेस्तनाबूद करने की कार्यवाही की गई। यह कार्रवाई सोमवार को एसडीएम प्रदीप कुमार मिश्रा और तहसीलदार बी के मिश्रा के निर्देशन में ग्राम पड़रवारा की शासकीय भूमि पर अवैध अतिक्रमण को जेसीबी मशीन चलवाकर जमींदोज किया गया। तहसीलदार श्री मिश्रा ने बताया कि राजस्व विभाग, नगर निगम और पुलिस प्रशासन के संयुक्त सहयोग से पड़रवारा ग्राम स्थित चांदमारी मोहल्ला में शमशान की भूमि पर हो रहे अवैध अतिक्रमण को हटाया गया। हल्का पटवारी अमित कनकने ने बताया कि यह अतिक्रमण खसरा नंबर 201 के 1162 हेटेयर रकवा में से साढ़े तीन एकड़ शासकीय भूमि पर था, जिसे अतिक्रमण मुक्त कराया गया। इसके अलावा करीब पांच हजार वर्ग फुट में अवैध रूप से बने मकान को भी जमींदोज कर दिया गया। तहसीलदार श्री मिश्रा ने बताया कि अतिक्रमण से मुक्त की गई शासकीय भूमि का अनुमानित बाजार मूल्य करीब 4 करोड़ रुपए है। अतिक्रमण हटाने के दौरान राजस्व , पुलिस के अलावा नगर निगम का अतिक्रमण दस्ता मौजूद रहा। इसके अलावा पटवारी अमित कनकने सहित माधवनगर पुलिस थाना का पुलिस बल और 100 डायल का भी अमला कार्यवाही के दौरान उपस्थित रहा।

# वरिष्ठ पत्रकार अशोक पृथ्यानी के प्रतिष्ठान अशोक इलेक्ट्रिकल्स का हुआ शुभारंभ

## नगर को मिली एक और सर्व सुविधा युक्त प्रतिष्ठान की सौगात

कटनी/ब्यूरो

जिले के वरिष्ठ पत्रकार अशोक पृथ्यानी के नवीन प्रतिष्ठान अशोक इलेक्ट्रॉनिक्स का शुभारंभ रविवार को नगर के प्रतिष्ठितजनों की मौजूदगी में उनकी पत्नी मीना प्रत्यानी बेटी हर्षिता, मेघना और बेटे घनश्याम ने फीता काट के किया। नवीन प्रतिष्ठान के शुभारंभ का कार्यक्रम देर रात तक चलता रहा। इस दौरान प्रतिष्ठान में नगर के गणमान्य नागरिकों अधिकारियों सहित पत्रकारों का तांता लगा रहा। अपनी कलम से जिले को विकास के पथ पर अग्रसर रखने की कोशिशों के साथ नगर के वरिष्ठ पत्रकार अशोक पृथ्यानी ने नगर में इलेक्ट्रॉनिक शोरूम का शुभारभ कर के जिले वासियों के लिए एक सर्व सुविधायुक्त प्रतिष्ठा की सौगात प्रदान की है। बातचीत में श्री प्रत्यानी ने बताया कि एक ही छत के नीचे इलेक्ट्रॉनिक्स के सभी तरह के सामान की उपलब्धता की कमी महसूस होती थी इसी बात को ध्यान में रखते हुए अशोक इलेक्ट्रॉनिक्स की शुरुआत की गई है। कटनी के मुख्य बाजार साधुराम स्कूल के सामने मौजूद अशोक इलेक्ट्रॉनिक्स में बेहतर कीमत पर इलेक्ट्रॉनिक्स के समान को उपलब्ध कराने की शुरुआत कर दी गई है।

## कलेक्टर ने आरडीएम एवं शस्त्र शाखा का किया निरीक्षण

कटनी/ब्यूरो

कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा कलेट्रेट कार्यालय स्थित आरडीएम शाखा एवं शस्त्र शाखा का निरीक्षण कर जरूरी दिशा- निर्देश दिए गए। आर.डी एम शाखा के निरीक्षण के दौरान कलेटर द्वारा पटाखे, पेट्रोलियम, विस्फोटक लायसेंस सहित फायर सेटी की नस्तियों के अवलोकन के दौरान पेट्रोल पंप से संबंधित लंबित प्रकरणों में विसंगति पाये जाने पर प्रकरणों में गंभीरतापूर्वक कार्यवाही करनें के निर्देश उपस्थित अधिकारी एवं कर्मचारियों को दिए। इस दौरान कलेटर द्वारा एन.ओ.सी के स्वीकृत प्रकरणों की सूची में एन.ओ.सी जारी करने की तिथि एवं पूरा पता भी अद्यतन करनें की हिदायत दी गई। कलेटर द्वारा शाखा में संधारित की जाने वाली गार्ड फाईल एवं डाक पेड का भी अवलोकन किया जाकर डाक पर समय-सीमा में कार्यवाही करनें के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान कलेटर द्वारा विस्फोटक लायसेंस के स्वीकृत एवं लंबित प्रकरणों तथा नोटिस जारी किये गए प्रकरणों पर की गई कार्यवाही की जानकारी ली गई। विस्फोटक लायसेंस के माह फरवरी 2024 के प्रकरण में स्थल निरीक्षण के दौरान समुचित कार्यवाही नहीं होना पाये जाने पर अप्रसन्नता व्यक्त की गई। कलेटर अवि प्रसाद द्वारा शस्त्र शाखा के निरीक्षण के दौरान शस्त्र लायसेंस की अवधि समाप्त होनें वाले आवेदकों द्वारा पोर्टल पर नवीनीकरण आवेदन प्रस्तुत नहीं करनें करने पर लायसेंस को पोर्टल से चेक कर नियमानुसार कार्यवाही करनें के निर्देश दिए।

# जिले में उपार्जित धान की कस्टम मिलिंग कटनी में ही होगी

## स्थानीय उद्योग एवं रोजगार पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव को मिटाया

कटनी/ब्यूरो



राइस मिल संघ की न्यायोचित आपत्ति पर त्वरित संज्ञान लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा ने कटनी जिले में उपार्जित धान की कस्टम मिलिंग कटनी में ही कराए जाने का मार्ग प्रशस्त कर दिया है जबकि नाम के एमडी ने कटनी में उपार्जित धान की मिलिंग रीवा के मिलर से कराए जाने का प्रस्ताव पारित किया था। श्री शर्मा के हस्तक्षेप से कटनी के राइस मिल उद्योग को आर्थिक क्षति पड़ने एवं स्थानीय श्रमिकों को बेरोजगारी का कु.प्रभाव पड़ने से सुरक्षा मिली है। जिसके लिए राइस मिल एसोसिएशन ने प्रदेश अध्यक्ष बी डी शर्मा के प्रति आत्मीय आभार व्यक्त किया है। प्रदेश अध्यक्ष तक स्थानीय मिल उद्योग की कठिनाइयां भाजपा जिला अध्यक्ष दीपक टंडन ने तत्काल पहुंचाई और तुरंत कार्यवाही करने का आग्रह किया थाए जिसके फ्ल स्वरुप कटनी राइस मिल उद्योग को राहत मिल सकी। उल्लेखनीय है कि कटनी में 70 राइस मिल कस्टम मिलिंग करती हैं और जिले में जितनी धान उपार्जित होती है उसकी मिलिंग से अधिक धान की मिलिंग करने की क्षमता कटनी के मिल उद्योग के पास है फ्रि भी अनीतिगत प्रस्ताव बनाकर रीवा जिले को कटनी में उपार्जित धान की मिलिंग करने का अवसर नॉन एम डी भोपाल ऑफ्सि से बनाया गया था।गैर जिले में मिलिंग कराए जाने के प्रस्ताव पर राइस मिल संघ ने आपत्ति जताई और उनका एक प्रतिनिधिमंडल संघ के अध्यक्ष दीपक असरानी कार्यकारी अध्यक्ष राजेश जानवानी महासचिव लख्मी चंद डोडानी ईश्वर रोहरा विक्की बुलानी वह महेश मेंहानी व अन्य सदस्य गणो सहित भाजपा जिला अध्यक्ष दीपक टंडन सोनी से तुरंत मिला और उन्हें प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा को सम्बोधित मांग पत्र सौंपा। श्री टंडन ने दूरभाष पर श्री शर्मा को वस्तु स्थिति बताते हुए दूसरे जिले में मिलिंग कराने के दूषित प्रस्ताव को रद्द कर कटनी में उपार्जित धान की मिलिंग कटनी में करने का प्रस्ताव पास कराने का आग्रह किया। श्री शर्मा ने तत्काल एम डी नान को शासकीय नीति के अनुसार कटनी की धान की मिलिंग कटनी में करने के निर्देश जारी करने के लिए कहा गयाजिस पर कार्यवाही कर दी गई। राइस मिल संघ ने कलेक्टर आवि प्रसाद से भी मुलाकात कर उक्त आशय का ज्ञापन सौंपा। उन्होंने भी इस पर शासकीय पी एस फुड नीति के अनुसार कार्यवाही अनुशंसित करने का आश्वासन संघ को दिया है। संघ के अध्यक्ष दीपक असरानी ने बताया कि पिछले साल ही जिले के मिलर्स ने ऋण लेकर अपनी इकाइयों को अपग्रेड कराया है। इस तरह कटनी की मिलिंग क्षमता पहले से ज्यादा बढ़ी है। यदि धान की कस्टम मिलिंग उनसे नहीं कराई गई दूसरे जिले से कराई जाती है तो जिले के मिलर्स को आर्थिक क्षति होगी। जिले की धान की मिलिंग जिले में कराने से कटनी जिले के मजदूर वर्ग के रोजगार के हित भी सुरक्षित हुए हैं, जिसके लिए संघ ने निवर्तमान क्षेत्रीय सांसद श्री शर्मा के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# प्लेआफ की दौड़ में बने रहने के लिये लखनऊ को हराने उतरेगी हैदराबाद

नयी दिल्ली।

अपने बल्लेबाजों के खराब प्रदर्शन से उबरकर सनराइजर्स हैदराबाद लखनऊ सुपर जाइंटस के खिलाफ बुधवार को आईपीएल के मैच में जीत दर्ज करके प्लेआफ का दावा पुख्ता करने के इरादे से उतरेगी। दोनों टीमों के 11 मैचों में 12 अंक हैं। सनराइजर्स का नेट रनरेट (माइनस 0 . 065) लखनऊ (माइनस 0 . 371) से बेहतर है। अंकतालिका में कोलकाता नाइट राइडर्स (16), राजस्थान रॉयल्स (16) और चेन्नई सुपर किंग्स (12) उससे ऊपर हैं।





### जो जीतेगा वह प्लेआफ की दौड़ में एक कदम आगे

सनराइजर्स और लखनऊ में से जो जीतेगा वह प्लेआफ की दौड़ में एक कदम आगे होगा। पैट कमिंस की कप्तानी वाली टीम में प्रतिभा की कमी नहीं है लेकिन पिछले कुछ मैचों में उसके विजय अभियान पर रोक लग गई है। पिछले चार में से तीन मैचों में सनराइजर्स को पराजय का सामना करना पड़ा है क्योंकि उसके आक्रामक बल्लेबाज नाकाम रहे हैं। मुंबई इंडियंस के खिलाफ पिछले मैच में वे बड़ा स्कोर नहीं बनाने के कारण सात विकेट से हार गए। ट्रेविस हेड को छोड़कर बाकी बल्लेबाज पिछले कुछ मैचों में खराब फॉर्म में रहे हैं।

### बल्लेबाजों पर ही जिम्मेदारी नहीं छोड़ी जा सकती

युवा अभिषेक शर्मा पिछले चार मैचों में 30 रन से आगे नहीं जा सके हैं। सनराइजर्स के मुख्य कोच डेनियल विटोरी ने स्वीकार किया कि हर बार सलामी बल्लेबाजों पर ही जिम्मेदारी नहीं छोड़ी जा सकती , मध्यक्रम को भी कमान संभालनी होगी। हेनरिच क्लासेन लगातार अच्छा खेलने में नाकाम रहे हैं और नीतिश रेड्डी ने भी टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन किया है। टी नटराजन ने अच्छी गेंदबाजी की है जबकि अनुभवी भुवनेश्वर कुमार ने भी लय हासिल कर ली है।

### मार्कस और निकोलस भी बड़ी पारियां नहीं खेल सके

दूसरी ओर लखनऊ सुपर जाइंट्स ने कोलकाता के खिलाफ इकाना स्टेडियम पर निराशाजनक प्रदर्शन किया और पहली बार 200 से अधिक रन देने के बाद 137 रन पर आउट हो गई। कप्तान केएल राहुल नाकाम रहे जबकि मार्कस स्टोइनिस और निकोलस पूरन भी बड़ी पारियां नहीं खेल सके। आयुष बडोनी का इस आईपीएल में प्रदर्शन औसत ही रहा है और वह अपनी उपयोगिता साबित करना चाहेंगे।

### मयंक यादव आईपीएल से बाहर

गेंदबाजी में तेज गेंदबाज मयंक यादव आईपीएल से बाहर हो गए हैं जबकि बायें हाथ के तेज गेंदबाज मोहसिन खान को भी चोट लगी है। अफगानिस्तान के तेज गेंदबाज नवीनुल हक, युवा यश ठाकुर, स्टोइनिस और स्पिनर कृणाल पंड्या तथा रवि बिश्नोई पर दारोमदार होगा।

**सनराइजर्स हैदराबादः** पैट कमिंस (कप्तान), अभिषेक शर्मा, ट्रेविस हेड, हेनरिच क्लासेन (विकेटकीपर), ऐडन मार्करम, अब्दुल समद, नीतिश रेड्डी, शाहबाज अहमद,भुवनेश्वर कुमार, जयदेव उनादकट, टी नटराजन, मयंक मार्कंडेय, उमरान मलिक, अनमोलप्रीत सिंह , ग्लेन फिलिप्स, राहुल त्रिपाठी, वाशिंगटन सुंदर, उपेन्द्र यादव, झटवेध सुब्रमण्यन, सनवीर सिंह, विजयकांत व्यासकांत, फजलहक फारूकी, मार्को यानसेन, आकाश महाराज सिंह और मयंक अग्रवाल।

**लखनऊ सुपर जाइंट्स :** केएल राहुल (कप्तान), क्विंटन डिकॉक, निकोलस पूरन, आयुष बदोनी, काइल मेयर्स, मार्कस स्टोइनिस, दीपक हुडा, देवदत्त पडिक्कल, रवि बिश्नोई, नवीन उल हक, क्रुणाल पंड्या, युद्धवीर सिंह, प्रेरक मांकड़, यश ठाकुर, अमित मिश्रा, शमर जोसेफ, मयंक यादव, मोहसिन खान, के गौतम, शिवम मावी, अर्शिन कुलकर्णी, एम सिद्धार्थ, एश्टन टर्नर, मैट हेनरी, मोहम्मद अरशद खान।



## टी-20 वर्ल्ड कप के लिए सूर्यकुमार यादव कर रहे सीक्रेट तैयारी

नयी दिल्ली।

टी-20 वर्ल्ड कप कप करीब है। आईपीएल खेलते हुए भी भारतीय खिलाड़ी टी-20 वर्ल्ड कप की तैयारियों में जुटे हैं। वहीं सूर्यकुमार यादव ने इसके बारे में जानकारी दी है। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ बेहतरीन शतक बनाने के बाद सूर्या जियो सिनेमा पर कमेंट्री पैनल से बात की। इस दौरान उन्होंने बताया कि टी-20 वर्ल्ड कप भी दिमाग में है। इसको लेकर वह खास तरह से तैयारी कर रहे हैं और दोपहर के वक्त भी प्रैक्टिस कर रहे हैं। बता दें कि, हैदराबाद के खिलाफ मुकाबले में सूर्या ने 51 गेंदों पर 102 रनों की नाबाद पारी खेली। इस दौरान उन्होंने 12 चौके और 6 शानदार छक्के भी लगाए। सूर्या की इस पारी की बदौलत तीन विकेट गंवाकर संकट में फंसी मुंबई ने ये मैच जीत लिया।



## इगोर स्टिमक ने भुवनेश्वर शिविर के लिये 15 संभावित खिलाड़ियों की घोषणा की

नयी दिल्ली।

भारतीय सीनियर पुरूष टीम के मुख्य कोच इगोर स्टिमक ने मंगलवार को कुवैत और कतर के खिलाफ फीफा विश्व कप 2026 के प्रारंभिक संयुक्त क्वालीफिकेशन दूसरे दौर के मुकाबलों के लिये 15 संभावित खिलाड़ियों की दूसरी सूची जारी की। पहली सूची शनिवार को जारी की गई थी। पहली सूची में शामिल 26 खिलाड़ी भुवनेश्वर में 10 मई से अभ्यास शुरू करेंगे। दूसरी सूची में शामिल 15 खिलाड़ियों में मुंबई सिटी एफसी और मोहन बागान एसजी के खिलाड़ी शामिल हैं जिन्होंने आईएसएल कप फाइनल खेला। वे 15 मई को शिविर से जुड़ेंगे। कुल 41 खिलाड़ी राष्ट्रीय शिविर में भाग लेंगे। भारत का सामना छह जून को कोलकाता में कुवैत से और 11 जून को कतर में कतर से होगा। भारत ग्रुप ए में चार मैचों में चार अंक लेकर दूसरे स्थान पर है। ग्रुप की शीर्ष दो टीमें तीसरे दौर में पहुंचेंगी और एएफसी एशियाई कप का टिकट कटायेंगी।

### संभावित खिलाड़ियों की सूची

गोलकीपर : पी तेमपा लाचेंपा, विशाल कैथ डिफेंडर : आकाश मिश्रा, अनवर अली, मेहताब सिंह, राहुल भेके, शुभाशीष बोस, मिडफील्डर :अनिरूद्ध थापा, दीपक टंगड़ी, लालेंगमाविया राल्टे, लालियांजुआला छांगटे, लिस्टन कोलासो, सहल अब्दुल समद।

# खराब मौसम के कारण कोलकाता में नहीं उतरी केकेआर की फ्लाइट

## अचानक गुवाहाटी में करना पड़ा लैंड

**नयी दिल्ली।** सोमवार को कोलकाता नाइट राइडर्स की फ्लाइट कोलकाता पहुंची। लेकिन लैंड नहीं कराया जा सका। इसके बाद फ्लाइट को गुवाहाटी डायवर्ट किया गया। दरअसल, इस दौरान फ्लाइट में बैठे खिलाड़ियों के चेहरे पर खौफ साफ देखा जा सकता था, लेकिन आप जानना चाहेंगे कि फ्लाइट को कोलकाता से गुवाहाटी क्यों डायवर्ट करना पड़ा। दरअसल, कोलकाता में मौसाम बेहद खराब था जिस कारण फ्लाइट को गुवाहाटी डायवर्ट कर दिया। हालांकि, गुवाहाटी में फ्लाइट लैंड करने में कामयाब रही। वहीं बता दें कि, सोमवार को कोलकाता में तेज आंधी और बिजली के साथ बारिश हुई। इस दौरान तकरीबन 1 घंटे तक कोलकाता एयरपोर्ट से विमानों की आवाजाही बाधित रही। साथ ही 12 चार्टेड फ्लाइट्स को डायवर्ट किया गया। कोलकाता से फ्लाइट डायवर्ट होने के बाद केकेआर की फ्लाइट गुवाहाटी पहुंची। जहां खिलाड़ियों को लगभग 2 घंटे बिताने पड़े। फिर दोबारा कोलकाता के लिए उड़ान भरने की अनुमति मिल गई। इससे पहले इकाना स्टेडियम में श्रेयस अय्यर की कप्तानी वाली केकेआर ने लखनऊ सुपर जांयट्स को 98 रनों के बड़े अंतर से हराया। वहीं अब कोलकाता नाइट राइडर्स प्वॉइंट्स टेबल में टॉप पर काबिज है। केकेआर के 11 मैचों में 16 प्वाइंट्स हैं। हालांकि, राजस्थान रॉयल्स के भी 16 पॉइंट्स हैं। लेकिन बेहतर रन रेट के कारण केकेआर टॉप पर काबिज हो पाई है। वहीं दोनों टीमों का प्लेऑफ में खेलना तय है। इसके बाद सीएसके 12 प्वॉइंट्स के साथ तीसरे नंबर पर है। साथ ही सनराइजर्स हैदराबाद और लखनऊ सुपर जायंट्स के भी बराबर 12-12 प्वाइंट्स हैं।



## वायुसेना और यूनाइटेड भारत का विजय अभियान आगे बढ़ा

नयी दिल्ली ( वार्ता )।

भारतीय वायुसेना पालम ने अपना विजय अभियान जारी रखते हुए आज यहां डीएसए सीनियर डिवीजन लीग में गढ़वाल डायमंड को जिको के गोल से परास्त कर पूरे अंक अर्जित किए। आज यहां विनोद नगर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स मैदान पर खेले गए मैच में जिको प्लेयर ऑफ द मैच आंका गया। दिन के दूसरे मैच में यूनाइटेड भारत एफसी ने शास्त्री एफसी को 3 - 1 से हरा कर सुपर सिक्स का दावा मजबूत किया। विजेता टीम के लिए प्लेयर ऑफ द मैच एन गुलगोलाल ने दो मिनट में दो गोल जमाए। एक गोल सानीक मुर्मू ने किया । पराजित टीम का गोल ब्लास्को के नाम रहा।

# टी-20 वर्ल्ड कप से पहले पाकिस्तान टीम में कलह!

## बाबर आजम-इमाद वसीम में कहासुनी

नयी दिल्ली।

टी-20 वर्ल्ड कप के लिए सभी टीमों का ऐलान हो चुका है लेकिन पाकिस्तान ने अभी तक अपने स्क्वॉड का ऐलान नहीं किया है। फिलहाल, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने आयरलैंड और इंग्लैंड दौरे के लिए अपनी 17 सदस्यीय स्क्वॉड का ऐलान जरूर किया है, जिसके बाद इसी में से 15 खिलाड़ी आईसीसी टी-20 वर्ल्ड कप के लिए फाइनल होंगे। वहीं पाकिस्तान के इस स्क्वॉड में मोहम्मद आमिर और इमाद वसीम की वापसी हुई है। साथ ही इन दिनों पाकिस्तान टीम आयरलैंड के दौरे पर निकलने से पहले लाहौर में ट्रेनिंग कैंप में प्रैक्टिस कर रही है। इस बीच कप्तान बाबर आजम और इमाद वसी के बीच नोकझोंक का वीडियो सामने आया है। जो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है।





बता दें कि, मोहम्मद आमिर और इमाद वसीम ने इंटरनेशनल क्रिकेट को अलविदा कह दिया था, लेकिन टी-20 वर्ल्ड कप को लेकर दोनों ने ही इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास वापस ले लिया। जिसके बाद उन्हें पाकिस्तान स्क्वॉड में वापसी मिल गई है। पाकिस्तान की प्रैक्टिस सेशन का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें ऐसा लग रहा है कि कप्तान बाबर आजम और मोहम्मद आमिर के बीच तोड़ी अनबन देखने को मिल रही है।

ये वीडियो कितना सही है या गलत इसकी पुष्टि नहीं हुई है। लेकिन ये वीडियो सोशल मीडिया हैंडल से शेयर किया जा रहा है। इस वीडियो में कप्तान बाबर आजम और इमाद किसी बात को लेकर बहस करते हुए दिख रहे हैं। कुछ समय पहले ही इमाद वसीम ने एक इंटरव्यू में कहा था कि उन्हें बाबर से कोई तकलीफ नहीं है। इमाद वसीम ने इंटरव्यू में कहा था कि, हमारा बाबर आजम से कोई इश्यू नहीं हैं, वह टीम का कप्तान है और हम सब उसको सपोर्ट कर रहे हैं हो सकता है बाबर आजम इसलिए फिर से कप्तान बनाया गया है क्योंकि वे हमें वर्ल्ड कप ट्रॉफी दिलाएगा। आईसीसी वर्ल्ड कप 2023 भारत में खेला गया था, जहां पाकिस्तान क्रिकेट टीम सेमीफाइनल में नहीं पहुंच पाई थी।

# तेलों में मजबूती, दालों में घट-बढ़ चावल सामान्य

इंदौर ( वार्ता )।

सियागंज किराना बाजार में शक्कर में उठाव बढ़ा रहा। खाद्य तेलों में भाव मजबूत बताए गए। आज मूंगफली तेल बढ़कर बिका। तिलहन में पूछपरख रही। दलहनों में सुधार दर्ज किया गया। दालों के भाव ऊपर नीचे हुए। चावल में लिवाली साधारण रही। सियागंज किराना बाजार में शक्कर में? मांग से भाव ऊंचे रहे। शक्कर में 04 गाड़ी की आवक हुई। खोपरा गोला लिवाली से स्थिर रहा। खोपरा बूरा तथा साबूदाना में भाव बने रहे। हल्दी में मजबूती दर्ज की गई। खाद्य तेलों में मजबूती दर्ज की गई। मूंगफली तेल ऊंचा होकर बिका। आने वाले दिनों में खाद्य तेलों में लिवाली सुधार के आसार बताए गए। तिलहनों में कामकाज बढ़त लिए रहा। दलहन मजबूती लिए बताए गए। चना बढ़कर बिका। दालों में पूछपरख के चलते भाव ऊपर नीचे हुए। चना दाल में पूछपरख सुधार लिए रही। चावल में उठाव बताया गया।शक्कर 4000 से 4020 रुपये प्रति क्विंटल। खोपरा गोला 114 से 125 रुपये प्रति किलोग्राम।



खोपरा बूरा 2500 से 4800 रुपये प्रति 15 किलोग्राम। हल्दी खडी 220 से 285 रुपये प्रति किलोग्राम। साबूदाना 6200 से 6800, पैकिंग में 7100 से 7200 रुपये प्रति क्विंटल। सरसों निमाड़ी 5200 से 5800, सोयाबीन 4500 से 4550 रुपये प्रति क्विंटल। मूंगफली तेल इंदौर 1510 से 1520, सोयाबीन रिफाइंड इंदौर 910 से 915, साल्वेंट 870 से 875, पाम तेल 955 से 960 रुपये प्रति 10 किलो। चना (कांटा) 6400 से 6500, चना विशाल 6200 से 6250, मसूर 5950 से 5975, तुअर निमाड़ी 9800 से 11200, तुअर सफेद (महाराष्ट्र) 11400 से 11600, तुअर (कर्नाटक) 11500 से 11700, मूंग 8200 से 8400, मूंग हल्की 7000 से 7700, उड़द 8800 से 9200, उड़द हल्की 3000 से 5000 रुपये प्रति क्विंटल। चना दाल 8250 से 8550, तुअर दाल सवा नंबर 14800 से 14900, तुअर दाल फूल 15800 से 15900, तुअर दाल बोल्ड 16700 से 16800, आयातित तुअर दाल 13800 से 13900, मसूर दाल 7050 से 7350, मूंग दाल 10200 से 10500, मूंग मोगर 11200 से 11500, उड़द दाल 11200 से 11500, उड़द मोगर 11800 से 12000 रुपये प्रति क्विंटल। बासमती 11500 से 12500, तिबार 10000 से 11000, दुबार 8500 से 9500, मिनी दुबार 7500 से 8500, मोगरा 4500 से 7000, बासमती सैला 7000 से 9500, कालीमूंछ 8000 से 8500, राजभोग 6500 से 7500, दूबराज 4000 से 4500, परमल 2800 से 3000, हंसा सैला 2900 से 3100, हंसा सफेद 2500 से 2700, पोहा 4300 से 4800 रुपये प्रति क्विंटल। रवा 1660, मैदा 1530, आटा 1520, चना बेसन 4350 रुपये प्रति 50 किलोग्राम।



## सोना-चांदी में तेजी

इंदौर ( वार्ता )।

स्थानीय सर्राफा बाजार में सोना तथा चांदी तेजी लिए रही। आज सोना 250 तथा चांदी 100 रुपये महंगी बिकी। विदेशी बाजार में सोना 2311 डालर एवं चांदी 2729 सेन्ट प्रति औंस बिकी। उल्लेखनीय है कि सोना- चांदी के भाव में देर रात तक फेरबदल होता रहता है। सोना 70750 रुपये प्रति 10 ग्राम। चांदी 80500 रुपये प्रति किलोग्राम। चांदी सिक्का 900 रुपये प्रति नग।

# जिंदल स्टेनलेस ने नौसेना के लिए विशेष स्टील शीट की आपूर्ति की

नयी दिल्ली ( वार्ता )।

स्टेनलेस स्टील निर्माता जिंदल स्टेनलेस ने नौसेना की पनडुब्बी रोधी युद्ध क्षमताओं को बढ़ाने के उद्देश्य से सुपरसोनिक मिसाइल-असिस्टेड रिलीज ऑफ टॉरपीडो (स्मार्ट) प्रणाली में संरचनात्मक अनुप्रयोग के लिए 3 मिलीमीटर वाली विशेष मिश्रित धातु स्टील शीट विकसित और आपूर्ति की है। कंपनी ने आज यहां कहा कि अगली पीढ़ी की मिसाइल-आधारित हल्के वजन की इस टॉरपीडो प्रणाली में उड़ान अनुप्रयोगों के लिए उपयोग की जाने वाली विशेष किस्म की ये शीट देश की सैन्य अनुसंधान शाखा रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) को दी गयी, जिसने प्रणाली का डिजाइन तैयार किया और पिछले सप्ताह ओडिशा के तट पर सफल परीक्षण किया।

विशेष शीट उड़ान के दौरान उच्च दबाव और उच्च तापमान दोनों का सामना कर सकती हैं। सामरिक इस्तेमाल की वस्तुएं बनाने वाली जिंदल स्टेनलेस की शाखा जिंदल डिफेंस एंड एयरोस्पेस ने कंपनी की हिसार इकाई में रिकॉर्ड समयसीमा में इन्हें तैयार किया। कंपनी के प्रबंध निदेशक अभ्युदय जिंदल ने इस पर कहा, नौसेना की स्मार्ट प्रणाली का सफल उड़ान-परीक्षण हल्के वजन वाले टॉरपीडो की पारंपरिक सीमा से परे भारत की रणनीतिक रक्षा क्षमताओं में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। कैनिस्टर-आधारित इस मिसाइल प्रणाली के माध्यम से भारतीय नौसेना को मजबूत बनाने में जिंदल स्टेनलेस का योगदान गौरवपूर्ण है। इस प्रणाली में शानदार प्रदर्शन और विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए उच्चतम गुणवत्ता की सामग्री की जरूरत होती है। ऐसे महत्वपूर्ण अनुप्रयोगों के लिए आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए जिंदल स्टेनलेस की विशेष मिश्रित धातु स्टील शीटों का गहराई से परीक्षण किया गया है।







# पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बदलाव नहीं

**नयी दिल्ली ( वार्ता )।** अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट आने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में आज कोई बदलाव नहीं हुआ, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपये प्रति लीटर पर रहा। वैश्विक स्तर पर सप्ताहांत पर अमेरिकी क्रूड 0.05 प्रतिशत फिसलकर 78.44 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। इसी तरह लंदन ब्रेंट क्रूड 0.08 प्रतिशत उतरकर 83.26 डॉलर प्रति बैरल पर रहा।

# बिकवाली के दबाव में लुढ़का शेयर बाजार

मुंबई ( वार्ता )।

अमेरिकी फेड रिजर्व के ब्याज दरों में कटौती करने की एक बार फिर उम्मीद जगने से विश्व बाजार में आई तेजी के बावजूद स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा बिकवाली के दबाव में आज शेयर बाजार आधी फीसदी से अधिक टूट गया।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 383.69 अंक अर्थात 0.52 प्रतिशत लुढ़ककर 73,511.85 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 140.20 अंक यानी 0.62 प्रतिशत की गिरावट लेकर 22,302.50 अंक पर बंद हुआ। दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी जमकर बिकवाली हुई। इससे बीएसई का मिडकैप 1.90 प्रतिशत का गोता लगाकर 41,211.15 अंक और स्मॉलकैप 1.65 प्रतिशत कमजोर होकर 45,920.86 अंक रह गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 3932 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2738 में गिरावट जबकि 1084 में तेजी रही वहीं 110 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 34 कंपनियों में बिकवाली जबकि 16 में तेजी का रुख रहा। बीएसई में आईटी, टेक और एफएमसीजी समूह की 1.80 प्रतिशत तक की तेजी को छोड़कर अन्य 17 समूहों में जमकर बिकवाली हुई। इससे रियल्टी 3.41, कमोडिटीज 2.18, सीडी 1.36, ऊर्जा 1.73, वित्तीय सेवाएं 1.37, हेल्थकेयर 1.90, इंडस्ट्रियल्स 1.36, दूरसंचार 1.43, यूटिलिटीज 2.85, ऑटो 1.71, बैंकिंग 1.09, कैपिटल गुड्स 1.10, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.67, धातु 2.26, तेल एवं गैस 2.17, पावर 2.26 और सर्विसेज समूह के शेयर 1.35 प्रतिशत गिर गए।



अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तेजी का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.94, जर्मनी का डैक्स 0.65, जापान का निक्केई 1.57, दक्षिण कोरिया का कोस्पी 2.16 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.22 प्रतिशत उछल गया जबकि हांगकांग के हैंगसेंग में 0.53 प्रतिशत की गिरावट रही। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 78 अंक बढ़कर 73,973.30 अंक पर खुला और मजबूत लिवाली के दम पर थोड़ी देर बाद 74,026.80 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंचा। इसके बाद अचानक शुरू हुई बिकवाली से यह दोपहर से पहले 73,259.26 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। संभलने की कोशिशों के बावजूद अंत में पिछले दिवस के 73,895.54 अंक की तुलना में 0.52 प्रतिशत लुढ़ककर 73,511.85 अंक पर आ गया।

इसी तरह निफ्टी भी 47 अंक बढ़कर 22,489.75 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 22,499.05 अंक के उच्चतम जबकि 22,232.05 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 22,442.70 अंक के मुकाबले 0.62 प्रतिशत टूटकर 22,302.50 अंक पर बंद हुआ। इस दौरान सेंसेक्स की जिन प्रमुख कंपनियों ने नुकसान उठाया उनमें पावरग्रिड 3.80, इंडसइंड बैंक 3.05, टाटा मोटर्स 2.72, जेएसडब्ल्यू स्टील 2.41, एचसीएल टेक 2.13, एनटीपीसी 2.13, टाटा स्टील 2.03, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.51, आईसीआईसीआई बैंक 1.48, एक्सिस बैंक 1.37, रिलायंस 1.23, एचडीएफसी बैंक 1.08, एलटी 0.85, एसबीआई 0.72, मारुति 0.53, टाइटन 0.16 और भारती एयरटेल 0.05 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, हिंदुस्तान यूनिलीवर 5.51, टेक महिंद्रा 2.37, नेस्ले इंडिया 2.06, टीसीएस 1.36, आईटीसी 1.33, कोटक बैंक 1.20, विप्रो 1.13, इंफोसिस 1.05, बजाज फिनसर्व 0.18 और बजाज फाइनेंस के शेयर 0.17 प्रतिशत लाभ में रहे।

# राजनीतिक माफिया है भाजपा : पटवारी

## सुचिता, पारदर्शिता और मर्यादा की बात करने वालों ने ही क्राइम किया



**भोपाल।** मध्यप्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष जीतू पटवारी अपनी बेबाक बातों के लिए जाने जाते हैं। वे कई बार विवादित बयानों को लेकर भी चर्चा में रहे हैं। इंदौर में कांग्रेस प्रत्याशी का नाम वापस लेने के मामला हो, कांग्रेस नेताओं का पार्टी छोड़ने का मामला हो या फिर इमरतीदेवी पर विवादित बयान का मामला हो। प्रदेश कांग्रेस की कमान संभाल रहे जीतू पटवारी ने सभी मुद्दों पर बात की। इंदौर में कांग्रेस प्रत्याशी का नाम वापस लेने के मामले में पटवारी ने कहा, इंदौर शहर की जनता के लिए घातक है, राजनीति के लिए घातक है। हमने सुना था माफियाराज। अलग-अलग तरह का माफिया होता है। पर ये राजनीतिक माफिया था। जो इस तरह की हठधर्मिता करता है। इंदौर के वोटरों को चुनौती दी गई है। जो मध्यप्रदेश में, भारत में जो नए भारत की कल्पना की थी लोगों ने, अच्छे दिन की कल्पना की थी। नरेंद्र मोदी ने नए मर्यादित आयाम की बात की थी, जो भाजपा पार्टी ऑफ डिफरेंस की बात करती थी, जो जनसंघ के जमाने में सुचिता और पारदर्शिता, मर्यादा की बात करते थे। उन लोगों ने किस तरह का क्राइम किया है। अक्षय बम क्यों गया, कैसे गया, क्या हुआ, कारण क्या थे, वो अपनी जगह है। भाजपा को इतना बड़ा जनसमर्थन यहां मिलता रहा है। विधानसभा में नौ की नौ सीट भाजपा जीत गई। भारी बहुमत से जनता ने जिताया। नगर निगम भी अच्छे-स्पष्ट बहुमत से उनके पास है। और कई सालों से सांसद भी है। उसके बाद भी इस तरह का कृत्य करना, क्या मैसेज है? मैसेज था कि वोट की ताकत, उसकी मर्यादा, उसकी पवित्रता हम धूमिल कर देंगे। ये एक तरह से मैं समझता हूं कि प्रदेश के चेहरे पर काला दाग लगाया है। ये भाजपा के आम कार्यकर्ता को पसंद नहीं आना चाहिए। इंदौर ऐसा शहर है, जो अच्छे कामों के लिए जाना जाता है। मैं भाजपा के लोगों से भी अपील करता हूं कि इस तरह के कृत्य करोगे तो एक दिन आपके बच्चों के भविष्य का क्या होगा। वोट के अधिकार का क्या होगा। तो इसको सबक सिखाना चाहिए, और जिन लोगों ने किया उन लोगों को जानो वो राजनीतिक माफिया हैं। इन राजनीतिक माफियाओं से बचो।

### लोकतंत्र की हत्या के खिलाफ लड़ाई

अक्षय बम द्वारा कांग्रेस नेताओं का सपोर्ट नहीं मिलने की बात कहे जाने पर पटवारी ने कहा कि ये सब गौण है। हुआ क्या, क्राइम क्या है, वो जरूरी है। अब मैं इन सब बातों पर नहीं जाना चाहता, मैं तो सिर्फ भाजपा पर सवाल उठाना चाहता हूं। भाजपा के वो लोग, जो सच्चा लोकतंत्र चाहते हैं, उनसे सवाल पूछना चाहता हूं कि क्या आप लोग ये चाहते हैं कि हमारा शहर ऐसा बने जो हठधर्मिता, जो कृत्य मुंबई में होता है, बड़े-बड़े शहरों में होता है। यहां के व्यापारियों को, गरीब लोगों को, आम लोगों को, यहां बुद्धिजीवियों को भाजपा चुनौती दे रही है। कौन दे रहा है, राजनीतिक माफिया। इस माफिया से लड़ो, ये पार्टी का विषय ही नहीं है। भाजपा का ही सांसद बनेगा यहां से। सांसद की लड़ाई नहीं है, कांग्रेस तो है ही नहीं। ये भाजपा के खिलाफ लड़ाई नहीं है, ये लोकतंत्र की हत्या के खिलाफ लड़ाई है। मैं अपील करना चाहता हूं जागो, कई ऑप्शन है, एक नोटा है। उससे मैसेज दो कि कृत्य गलत है।

### नोटा को भी दे सकते हैं वोट

पटवारी ने कहा कि किसी को समर्थन देना विरोध प्रदर्शन करना नहीं होता। हम इस घटनाक्रम का विरोध कर रहे हैं, इसलिए नोटा पर जोर दे रहे हैं। जिसे मत देना है, वो वहां दे पर कांग्रेस पार्टी अब किसी को समर्थन नहीं देगी। वो कह रही है कि सब ऑप्शन में नोटा भी एक ऑप्शन है। हम ये नहीं कह रहे कि किसी को मत दो, हम कह रहे हैं कि नोटा को भी दे सकते हैं। मैं जब बात कर रहा हूं तो पार्टी के अध्यक्ष के नाते नहीं, शहर के बेटे होने के नाते कर रहा हूं। मैं भी इंदौर का नाम बढ़ाने का काम कर रहा हूं। मैंने आज तक ऐसा कोई काम नहीं किया जो शहर को कलंकित करता हो। कुछ गलती होती भी है तो मैं मानता हूं, सार्वजनिक रूप से माफी मांगता हूं। शहरवासियों से कहना चाहता हूं कि राजनीतिक माफियाओं को रोको, नेताओं की अहंकारनीति को रोको। उन्हें सबक सिखाओ।

### गलती हुई थी, माफी मांगी

इमरती देवी पर दिये गए बयान पर सियासत छिड़ जाने की बात पर जीतू पटवारी ने कहा कि मैं पहले भी इसका जवाब दे चुका हूं। हम इंसान हैं, सबसे गलती होती है। स्लिप ऑफ टंग। गलती हुई मुझसे भी। मुझे तो रात 2 बजे पता चला कि इस तरह से वक्तव्य आ गया है, मैंने उसी समय ट्वीट किया। वो मेरी बड़ी बहन जैसी हैं, मां जैसी हैं। मैं माफी चाहता हूं। मैंने कोई बहाना नहीं बनाया। चूंकि गलती हुई थी, इसलिए मीडिया को भी बयान दिया। फिर कहना चाहता हूं कि गलती की सजा मिलती है। विरोध हुआ, होना चाहिए। पर किसी प्रकार का क्राइम सोच-समझकर किया हो या ऐसी भाषा बोली हो, ऐसा कभी नहीं कर सकता। एक ऑडियो वायरल हो रहा था वो कांग्रेस की तारीफ कर रही थीं तो मैंने उस पर कहा था कि अब इस तरह की बातों में कोई रस नहीं, उनका नाम आ गया बीच में। कई बार जल्दबाजी में कुछ रह जाता है। गलती हुई थी, माफी मांगी, फिर से मांगता हूं।



# श्रीलंका और फिलीपींस के डेलीगेशन ने देखी मतदान की प्रक्रिया

## भोपाल और विदिशा संसदीय क्षेत्र के अनेक मतदान केन्द्रों का किया भ्रमण

भोपाल। लोकसभा निर्वाचन-2024 की प्रक्रिया को देखने एवं उससे जुड़े विभिन्न चरणों की प्रक्रियाओं को समझने के लिए श्रीलंका और फिलीपीन्स के 11 सदस्यीय डेलीगेशन ने मंगलवार को भोपाल और विदिशा संसदीय क्षेत्र के विभिन्न मतदान केन्द्रों पर पहुँचकर मतदान प्रक्रिया देखी। उन्होंने राज्य स्तरीय पशु चिकित्सा केन्द्र, मॉडल स्कूल टी.टी. नगर, आनंद विहार स्कूल, मॉडल आईटीआई गोविंदपुरा, रफीकगंज, धबोटी, जहांगीरपुरा, कांकरखेड़ा, भाउखेड़ी सहित अनेक मतदान केन्द्रों में पहुँचकर मतदान की कार्यवाही को देखा और उसकी सिलसिलेवार जानकारी ली। संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मनोज खत्री एवं अन्य अधिकारियों ने अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधि दल को मतदान केन्द्रों के भ्रमण के दौरान संपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया की चरणवार विस्तृत जानकारी दी। इवीएम, वीवीपैट, मतदान दल गठन, इलेक्शन मॉनिटरिंग, मतदान केन्द्रों की सुरक्षा संबंधी व्यवस्था सहित निर्वाचन संबंधी अन्य प्रक्रियाओं से अवगत कराया। इस दौरान संबंधित जिलों के निर्वाचन अधिकारी उपस्थित रहे। इन्टरनेशनल डेलीगेशन में फिलीपीन्स के 'कमीशन ऑन इलेक्शन्स' की एसोसिएट कमिश्नर सुश्री सोकोरों बी. इंटिंग, डायरेक्टर सुश्री सेलिया बी. रोमेरो एवं एग्जीक्युटिव असिस्टेंट सुश्री लेसली एन.सी. कॉनक्लिा तथा श्रीलंका के 'प्रेसीडेंशियल कमीशन ऑफ इन्क्वायरी टू मेक रिकमंडेशन्स फॉर इलेक्शन लॉ रिफार्म्स' के चेयरमैन जस्टिस वीवेज प्रियसथ गेरार्ड डेप, कमीशन मेम्बर सुंथारम अरूमैनायाहम, कमीशन मेम्बर अलीसंदारालेज सेनानायके, कमीशन मेंबर अहमद लेब्बे मोहम्मद सलीम, कमीशन मेंबर सुश्री निमालका फर्नान्डो, कमीशन मेंबर विथारानागे दीपानी सामंथा रॉडरिगो, कमीशन मेंबर एलन करमाइकल वेरे तंबिनायागम डेविड सहित कमीशन सेकेट्री माधवा देवा सुरेन्द्र शामिल हैं।



# सेन समाज सामुदायिक भवन का हुआ लोकार्पण

**जबेरा।** सेन समाज जबेरा की मांग पर संस्कृति पर्यटन राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी द्वारा विधायक निधि से पांच लाख रुपए की लागत से सेन समाज के लिए सामुदायिक भवन का निर्माण कराया गया है। जिसका लोकार्पण राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी के पिताश्री भावसिंह लोधी द्वारा भाजपा जिला उपाध्यक्ष रूपेश सेन सहित अनेक लोगों की उपस्थिति में फीता काटकर किया गया। इस दौरान भाव सिंह लोधी ने सामुदायिक भवन का लोकार्पण करते हुए कहा कि सेन समाज की मांग पर यह सामुदायिक भवन उन्हें सौंपा जा रहा है अब सेन समाज अपने सामाजिक कार्य इस भवन में सुविधाओं के साथ आयोजित कर सकेंगे। साथ ही समाज के उत्थान और विकास के लिए संगठित होकर रहने कार्य करने और अपने बच्चों को शिक्षित करना अति आवश्यक है। इस अवसर पर जनप्रतिनिधिगण एवं सेन समाज के अनेकों लोग उपस्थित रहे।

# उपेक्षा को लेकर उठाई हक की आवाज

## धनगर समाज ने सभी जिलों में भाजपा-कांग्रेस जिलाध्यक्ष को सौंपे ज्ञापन



**भोपाल।** मध्यप्रदेश में धनगर जाति एवं उसकी उपजातियों की राजनीतिक दलों के द्वारा हो रही उपेक्षा को लेकर समाज ने विमुक्त घुमंतू एवं अर्ध घुमंतु जनजाति महासंघ के बैनर तले प्रदेशभर के भाजपा जिलाध्यक्ष एवं कांग्रेसजिला अध्यक्ष को राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा एवं मल्लिकार्जुन खड़गे के नाम ज्ञापन सौंपे हैं। इसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष से हस्तक्षेप की मांग कर समाज को उचित दायित्व सौंपने का आग्रह किया है। प्रदेश के 55 जिलों में जिला मुख्यालय पर संगठन के जिलाध्यक्ष व अन्य पदाधिकरियों के प्रतिनिधि मंडल ने ज्ञापन में बताया कि मध्य प्रदेश में धनगर जाति अपनी उपजातियां पाल, बघेल, गायरी, गाड़री, गडरिया, भारूड, गाडरी, मझारी, श्रीपाल, हटकर, हाटकर कुरुमार, कुरुमा, दरिया घोसी, गवाला एवं महाराष्ट्रीयन धनगर के रूप में निवासरत है। प्रदेश में समाज की लगभग 80 लाख आबादी है। प्रदेश की 230 विधानसभा सीटों पर समाज के लगभग 50 लाख मतदाता रह रहे हैं। विधानसभा में 150 सीटों व लोकसभा में 29 सीटों में से 19 सीटों पर समाज के वोट निर्णायक भूमिका में होते हैं। देश प्रदेश की राजनीति में वोटर के रूप में निर्णायक भूमिका में होने के बावजूद लोकसभा, विधानसभा, राज्यसभा में समाज को कोई भी प्रतिनिधित्व नहीं दिया गया है। समाज के प्रतिनिधि पूर्व में भी इस आशय की जानकारी को पूर्व मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान, केंद्रीय उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, भाजपा राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय को ज्ञापन के माध्यम से अवगत करा चुके है। उनके आश्वासन पर समाज ने बीजेपी नेतृत्व को सहयोग किया। 2018 के चुनाव परिणाम की तुलना में इस बार विधानसभा में भाजपा के लिए ज्यादा अच्छे परिणाम रहे। धनगर व उसकी उपजातियों ने संगठन को वोट करने से भाजपा की जीत में बड़ी भूमिका निभाई। इसके बावजूद समाज व उसकी उपजातियों को प्रतिनिधित्व नहीं मिल रहा है। नेतृत्व नहीं मिलने से समाज कई कठिनाइयों से जूझ रहा है। अब ऐसा महसूस होने लगा है की प्रदेश की 80 लाख आबादी में से एक भी व्यक्ति नहीं, जिसे किसी तरह से नेतृत्व प्रदान किया जा सके। समाजजन की राजनीतिक हिस्सेदारी नहीं देकर बहुसंख्यक समाज की लगातार अनदेखी की जा रही है। इसे लेकर धनगर समाज उपेक्षित महसूस कर रहे है। धनगर समाज की लगातार हो रही उपेक्षा को लेकर प्रदेश नेतृत्व के निर्देशन में इंदौर, ग्वालियर, भोपाल, भिण्ड, शिवपुरी, सतना, छतरपुर, टीकमगढ़, दतिया, बैतुल, शाजापुर, रायसेन, राजगढ़, बड़वानी, खरगोन, अशोकनगर, निवाड़ी, मैहर, नीमच, सीहोर, मऊगंज, सिंगरोली सहित सभी 55 जिलो मे पार्टी जिला अध्यक्ष के माध्यम से उनके राष्ट्रीय अध्यक्षों के नाम ज्ञापन सौंपकर अपना पक्ष रखा।



# विकासखंड स्तरीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर जारी

**दमोह।** मध्यप्रदेश शासन खेल और युवा कल्याण विभाग के तत्वाधान में खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी सैफ उल्लाह खान के निर्देशन में विकासखंड स्तरीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का संचालन रुद्राक्ष पब्लिक हाई स्कूल के खेल मैदान में 3 मई से 2 जून तक सुबह 6 बजे से 8 तक संचालित किया जा रहा है संविदा ग्रामीण युवा समन्वयक नीलम पटेल द्वारा बताया गया कि प्रशिक्षण शिविर में 18 वर्ष तक के सभी बालक-बालिकाएं प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु प्रशिक्षण स्थल पर निर्धारित समय पर उपस्थित होकर पंजीयन फार्म जमा कर भाग ले सकते हैं ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर में बच्चों को दो खेलों में भाग ले सकते हैं। खो-खो एवं कराते करातेअजय कोरी द्वारा एवं खो-खो बृजेंद्र आदर्श एवं सहयोगी मोना आदर्श द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

# कक्षा पांचवीं और आठवीं की अतिरिक्त कक्षाएं प्रारंभ

**हटा।** कक्षा पांचवीं और आठवीं के बोर्ड परीक्षा के परिणाम निराशाजनक होने के कारण जिला कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने फेल हुए बच्चों की अतिरिक्त कक्षाएं प्रारंभ कराकर उन्हें अध्यापन कार्य कराने के निर्देश जारी किए गए हैं जिसमें हटा विकासखण्ड में एक माह के लिए कक्षाएं प्रारंभ की गई है जिसमें करीब पांच सौ बच्चे कक्षाओं में पहुंचे और शिक्षकों ने अध्यापन कार्य शुरू कराया है। यहां बता दें कि प्रदेश में सबसे फिसड्डी रहे जिले की रैंकिंग सुधारने के लिए शिक्षा विभाग द्वारा प्रयास किए जा रहे हैं। इसमें शिक्षकों द्वारा बच्चों को घर से स्कूल पहुंचने के लिए अभिभावकों से संपर्क किया जा रहा है। कुछ बच्चे पलायन कर चुके हैं उनकी लिस्ट तैयार की जा रही है जिनसे संपर्क हो रहा है उन्हें वापस आकर परीक्षा में शामिल होने का कहा जा रहा है ताकि अधिक से अधिक बच्चे परीक्षा में शामिल हो सके। हटा विकासखण्ड में 1104 बच्चे पांचवीं एवं 1237 आठवीं में फैल हुए हैं। जिसमें से 979 बच्चे परीक्षा में शामिल ही नहीं हुएं थे इन बच्चों के अनुपस्थित रहने से परीक्षा परिणाम बेहद खराब आया अब इसके सुधार के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। इस संबंध में बीआरसी हरीश अहिरवार का कहना है कि एक बीएसी तीन जनशिक्षकों की एक टीम बनाई गई है जो दैनिक रिपोर्ट तैयार करेगी और शत् प्रतिशत बच्चों को बैठाने का लक्ष्य है जो पूरा करने के लिए शिक्षा विभाग तैयारी कर रहा है।





# व्यावसायिक शिक्षा के तहत शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय के छात्र कर रहे आन जाब ट्रेनिंग

**जबेरा।** शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जबेरा में व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत संचालित देव आईटी के छात्र.छात्राओं को 01 मई से 31 मई तक 20 दिवसीय ओजेटी ऑन जॉब ट्रेनिंग कराई जा रही है जिसमें छात्र उत्साह के साथ भाग ले रहे हैं। ऑन जॉब ट्रेनिंग में छात्रों को विभिन्न कार्यों में दक्ष बनाया जा रहा है। आन जाब ट्रेनिंग के दौरान पासपोर्ट साइज फोटो मार्कशीट बनाना डाटा एंट्री में दक्ष बनाना सहित ऑनलाइन गतिविधियों को संचालित करना आदि कार्यों को सम्मिलित किया गया है। ओजेटी का कार्य व्यावसायिक शिक्षण पवन कुमार राय आईटी के मार्गदर्शन में आदिनाथ कंप्यूटर सेंटर पर प्रेम कुमार प्रजापति द्वारा कराया जा रहा है। छात्रों द्वारा आन जॉब ट्रेनिंग का कार्य किए जाने की सराहना करते हुए प्रभारी प्राचार्य मोहनलाल सेन सहित विद्यालय के समस्त स्टाफने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# ठेकेदार की लापरवाही से राहगीरों की मुश्किलें बढ़ी

## पानी की भी हो रही बर्बादी



**हटा।** जनप्रतिनिधियों की निष्क्रियता से ठेकेदारों की मनमानी चरम सीमा पर है। नगर पालिका द्वारा बस स्टैंड से चिरौल तिगड्डा तक की रोड निर्माण का सपना दिखाकर महीनों से परेशान किया जा रहा है। हाल में ही विश्रामगृह से चिरौल तिगड्डा का सड़क नाली निर्माण आरम्भ किया गया। लेकिन उसमें भी भारी गड़बडियों की शिकायतें सामने आ रही है पहले नाली निर्माण में तकनीकी गड़बड़ी सामने आई अब सड़क निर्माण में उदय प्रोजेक्ट की पाइप लाइन क्षतिग्रस्त करने के आरोप ठेकेदार द्वारकाधीश कंस्ट्रक्शन पर लग रहे है।दो दिन पूर्व भी पानी की लाइन फोड़ कर हजारों लीटर पानी बर्बाद कर कई राहगीर चोटिल कर दिए गए। लाइन सुधारकर जैसे तैसे सड़क पर फैले दलदल से मुक्ति मिली कि मंगलवार को सुबह फिर से पाइप लाइन क्षतिग्रस्त कर पुनः पानी की बर्बादी कर दी गई। उदय प्रोजेक्ट के इंजीनियर विश्वजीत यादव ने बताया कि शनिवार को पाइप लाइन फूटने पर नगर पालिका के अधिकारियों के साथ बैठक में रोड निर्माण करने वाले ठेकेदार को पाइप लाइन पर जेसीबी चलाने के बजाय मजदूरों से खुदाई कराने की सहमति हुई थी लेकिन मंगलवार को फिर से लाइन फोड़ दी गई। इस संबंध में सीएमओ आरके खरे का कहना है कि सड़क निर्माण ठेकेदार को सख्त निर्देश दिए गए है ताकि जल प्रदाय प्रभावित न हो।

# मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने सपत्नीक किया मतदान

**भोपाल।** प्रदेश में लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए सुबह 7 बजे से सभी 9 लोकसभा संसदीय क्षेत्रों में मतदान जारी है। मंगलवार को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने धर्मपत्नी श्रीमती स्मिता राजन के साथ भोपाल के चार इमली स्थित मतदान केंद्र क्र- 210 पर मतदान किया। श्री राजन ने मतदान केंद्र में मतदाताओं को प्रोत्साहित करने के लिए बनाए गए लकी कूपन ड्रॉ काउंटर का अवलोकन किया और कूपन भरकर प्रतियोगिता में हिस्सा भी लिया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजन ने मतदाताओं को जागरूक करने के लिए चार इमली स्थित मतदान केंद्र से ऑटो रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजन ने मतदाताओं से उत्साह के साथ मतदान करने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि लोकतंत्र में मतदान आपका संवैधानिक अधिकार है। मतदान केंद्रों पर आये मतदाताओं को गर्मी में किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिये व्यापक इंतजाम किए गए हैं।





## बग्घी पर संवार हो, धूमधाम से पहुंचे पहली बार वोट देने

सागर के सुरखी विधानसभा क्षेत्र के जैसीनगर में पहली बार वोट डाल रहे युवा मतदाता घोड़ा बग्गी में संवार होकर मतदान करने पहुँचे। फर्स्ट टाइम वोटर्स ने मतदान को वाकई एक उत्सव के रूप में मनाया और अपना वोट देने हर्षोल्लास से मतदान केंद्र पहुंचे। सामान्यतः विवाह के अवसर पर में दूल्हा बग्घी पर संवार होता है। परंतु ये युवा मतदाता भी धूमधाम से दूल्हे की तरह घोड़ा बग्गी पर पहली बार वोट डालने के लिए गए। उन्होंने बताया कि वे पहली बार मतदान करने जा रहे थे जिसके लिए वे अत्यधिक उत्साहित थे और उन्होंने बग्घी से मतदान केंद्र पहुंचने का निर्णय लिया। जैसीनगर के नई कॉलोनी के रहने वाले इन युवाओं ने मतदान कर अन्य लोगों से भी मतदान करने की अपील की।

## पहले पिता की अंत्योष्टि, फिर मतदान किया



सागर के बडा बाजार क्षेत्र में रहने वाले नरेन्द्र कुमार यादव के पिता 83 वर्षीय उमाशंकर यादव 'दाऊ' का सोमवार को निधन हो गया था। आज नरयावली नाका मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार हुआ। उनके पुत्र नरेन्द्र यादव ने आज परिजनों, रिष्तेदारों और मित्रों की उपस्थिति में पहले तो अंतिम संस्कार कराया और फिर स्नान कर वे सीधे मतदान केन्द्र पहुंचे, जहां लोकतंत्र में भागीदारी निभाते हुए अपने मताधिकार का उपयोग किया। नरेन्द्र यादव ने बताया कि उनके पिता सदैव पूरे परिवार को मतदान के लिए प्रेरित करते थे।


**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र. 11 नगर निगम जबलपुर**

पत्र क्र./ सं.क्र.11/24-25
दिनांक 6/5/2024

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री प्रवीण कुमार पटैल पिता शिवनन्द पटैल ने वार्ड क्रमांक 66 वार्ड का नाम रानी लक्ष्मी बाई के भवन क्रमांक 1406 -1406/1 शिवपुरी कजरवारा सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1000389818/1000387423 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल जिस पर निर्मित भूतल 700 व.फु. आरसीसी 1080 व.फु. कच्चा विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम में दर्ज श्री बी.एस.कुशवाहा पिता रामेश्वर प्रसाद कुशवाहा का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-11 नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र. 11 नगर निगम जबलपुर**

पत्र क्र./ सं.क्र.11/24-25
दिनांक 6/5/2024

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री आशीष -अमित कु. श्रीमति जया-श्रीमती ममता त्रिपाठी पिता स्व. डॉ. विष्णु मित्र त्रिपाठी ने वार्ड क्रमांक 65 वार्ड का नाम सुभाष चन्द बैनर्जी के फ्लेट नं. 507/ ब्लाक नं. ए अप्सरा अपार्टमेंट सिविल लाइन सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1000399111 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल जिस पर निर्मित भूतल 800 व.फु. आरसीसी शपथ पत्र/ मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर नगर निगम में दर्ज स्व. डॉ. विष्णुमित्र त्रिपाठी पिता स्व. श्री आर.पी. त्रिपाठी का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-11 नगर निगम, जबलपुर**

**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल भेड़ाघाट रोड, धनवंतरी नगर, जबलपुर म.प्र. पिन-482003**

**भवन लीज हस्तान्तरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पुरवा कालोनी जबलपुर में भवन क्र. एलआईजी 73 श्रीमति संगीता ठाकुर पति श्री कैलाश ठाकुर के नाम आवंटित है जिसका विक्रय विलेख दिनांक 14.3.2015 को आवंटी के पक्ष में निष्पादित हो चुका है। उक्त भवन श्रीमति संगीता ठाकुर ने पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 24/3/2024 के माध्यम से श्रीमति साधना ठाकुर पति श्री विमलेश सिंह ठाकुर को विक्रय किया है। अतः श्रीमति साधना ठाकुर द्वारा उक्त भवन उनके नाम लीज हस्तांतरण हेतु दस्तावेज/आवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किये गये हैं। यदि किसी व्यक्ति, संस्था आदि को उपरोक्त लीज हस्तांतरण/( भवन/भूखण्ड) बाबत आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित में वैद्य आपत्ति सप्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात लीज हस्तांतरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। जिस पर किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, जबलपुर**

# सीबीआई जांच पर रोक वाले नर्सिंग कालेजों के छात्रों को परीक्षा में शामिल करें

## हाईकोर्ट की युगलपीठ ने दिया महत्वपूर्ण आदेश

जबलपुर ( स्वतंत्र मत )



हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति संजय द्विवेदी व न्यायमूर्ति एके पालीवाल की युगलपीठ ने मंगलवार को अपने महत्वपूर्ण आदेश में कहा है कि सुप्रीम कोर्ट ने जिन 56 नर्सिंग कालेजों की सीबीआई जांच पर रोक लगाई है, उनके छात्रों को परीक्षा में शामिल करें। मामले की अगली सुनवाई एक जुलाई को निर्धारित करते हुए सीबीआई को जांच रिपोर्ट पेश करने के भी निर्देश दिए गए हैं। उल्लेखनीय है कि ला स्टूडेंट्स एसोसिएशन, जबलपुर की ओर से फर्जी नर्सिंग कालेजों को चुनौती देते हुए हाई कोर्ट में याचिका दायर की गयी थी। हाईकोर्ट ने प्रदेश में संचालित नर्सिंग कालेजों की जांच सीबीआई को सौंपी थी। सीबीआई जांच रिपोर्ट के आधार पर नर्सिंग कालेजों के संचालन व छात्रों को परीक्षा में शामिल किए जाने के संबंध में पूर्व में विस्तृत आदेश जारी किए थे। याचिकाकर्ता की ओर से राज्य सरकार द्वारा नर्सिंग शिक्षण संस्था मान्यता नियम-2024 को चुनौती देते हुए याचिका में संशोधन का आवेदन प्रस्तुत किया गया था। नए नियम में नवीन कालेज की मान्यता अथवा पुराने कालेजों की मान्यता नवीनीकरण हेतु 20 हजार से 23 हजार वर्ग फुट अकादमिक भवन की अनिवार्यता को समाप्त कर दिया गया था। आवेदक की ओर से न्यायालय को बताया गया था कि पिछले दो वर्षों में सीबीआई जांच में प्रदेश के 66 नर्सिंग कालेज अयोग्य पाए गए हैं, जिसमें सरकारी कालेज भी शामिल है। सरकार ने इन्हीं कालेजों को नए सत्र से बैकडोर एंट्री देने के लिए नए नियम शिथिल किए हैं। नर्सिंग से संबंधित मानक व मापदंड तय करने वाली अपैक्स संस्था इंडियन नर्सिंग काउंसिल के रेग्युलेशन - 2020 में भी स्पष्ट उल्लेख है कि 23 हजार वर्गफुट के अकादमिक भवन युक्त नर्सिंग कालेज को ही मान्यता दी जा सकती है। वहीं सरकार की ओर से तर्क दिया गया कि नए नियम बनाने का अधिकार राज्य शासन को है, इसलिए इन्हें गलत नहीं कहा जा सकता। मामले की पूर्व में हुई सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने नए नियम के क्रियान्वयन पर रोक लगा दी थी। याचिका पर मंगलवार को हुई सुनवाई के दौरान युगलपीठ ने उक्त आदेश जारी किए।



# थैलेसीमिया कार्यशाला में दी अहम जानकारी

## हितकारिणी दंत चिकित्सा महाविद्यालय का आयोजन

जबलपुर ( स्वतंत्र मत )

विश्व थैलेसीमिया दिवस के उपलक्ष पर थैलेसीमिया की कार्यशाला का हुआ आयोजन हितकारिणी दंत चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल की सभागृह में थैलेसीमिया की कार्यशाला का आयोजन मंगलवार को किया गया। इस अवसर पर मुक्ति थैलासीमिया वेलफेयर के अध्यक्ष डॉ. विवेक जैन ने बताया की थैलेसीमिया जैसी गंभीर बीमारी को रोकने के लिए अवेयरनेस एजुकेशन बहुत जरूरी है। उन्होंने कुंडली के मिलन के साथ एचबीए 2 टेस्ट इलेक्ट्रोफॉरेसिस टेस्ट करना कितना अनिवार्य है, इस विषय पर भी विस्तार से चर्चा की। आज भारत इस गंभीर बीमारी का कैपिटल राजधानी बन चुका है हर 15 दिन में एक थैलेसीमिया बच्चा जन्म ले रहा है। इस बीमारी को जन जागरण अभियान के तहत ही रोका जा सकता है। रिटायर्ड प्रो. डॉ शरद जैन ने ऑनलाइन माध्यम से इसी विषय में उपस्थित सभी जनों को जानकारी प्रदान की। कार्यशाला के बाद सभी छात्र-छात्राओं ने थैलेसीमिया जैसी गंभीर बीमारी को रोकने के लिए शपथ ली।

### इनकी रही मौजूदगी

हितकारिणी दंत चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल के निदेशक डॉ राजेश धीरावाणी एवं अधिष्ठाता डॉ रोहित मिश्रा के मार्गदर्शन में आयोजित यह कार्यक्रम मुक्ति फाउंडेशन के अध्यक्ष नीलू जैन, मुक्ति थैलेसीमिया के प्रदेश के कोऑर्डिनेटर डॉ. सचिन बुधौलिया, राजेंद्र खरे, रूपाली खरे की उपस्थित में संपन्न हुआ।

## बुंदेली साझा गद्य संग्रह का विमोचन 10 को

जबलपुर ( स्वतंत्र मत )

बुंदेली संस्कृति संगम के तत्वावधान में साझा गद्य संकलन श्बुंदेली प्रभाश् का विमोचन 10 मई को दोपहर 4 बजे से कलावीथिका में आयोजित है। बुन्देली संस्कृति संगम की अध्यक्ष प्रभा विश्वकर्मा ने बताया कि साझा गद्य संकलन में बुंदेलखंड के एक सो ग्यारह बुन्देली रचनाकार शामिल हैं। समारोह की अध्यक्षता महाकवि आचार्य भगवत दुबे करेंगे। सारस्वत अतिथि बहादुर सिंह परमार छतरपुर, इंजी डीसी जैन तथा मुख्य अतिथि जगत बहादुर सिंह अन्नू महापौर होंगे। प्रतुल श्रीवास्तव, विजय जायसवाल, संतोष नेमा, राजेश पाठक, प्रवीण ने साहित्यकारों से उपस्थिति का आग्रह किया है।

## जबलपुर के नगर सैनिक को आया अटैक

जबलपुर ( स्वतंत्र मत )

अशोक नगर के मुगावली स्थित ग्राम ठाडा स्थित मतदान केन्द्र में ड्यूटी कर रहे होमगार्ड सैनिक रुपेन्द्र सिंह ठाकुर को हार्ट अटैक आ गया। होमगार्ड सैनिक की हालत देखते हुए तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। जहां पर डॉक्टरों की टीम इलाज में जुट गई, अब रुपेन्द्र की हालत स्थिर बनी हुई है।

बताया गया है कि जबलपुर के साठियां कुआं थाना कोतवाली के पीछे रहने वाले रुपेन्द्र सिंह ठाकुर की अशोक नगर के ग्राम ठाडा मुगावली स्थित मतदान केन्द्र में ड्यूटी लगाई गई थी। रुपेन्द्र अपने स्थान पर सुबह से ड्यूटी पर तैनात रहा, दोपहर के वक्त अचानक उसकी तबियत बिगड़ी और वह गिर गया। रुपेन्द्र को गिरते देख मतदाताओं से चुनाव ड्यूटी कर रहे साथियों में हड़कम्प मच गया। रुपेन्द्र को आनन-फानन शासकीय अस्पताल पहुंचाया गया। जहां पर डॉक्टरों ने भरती कर उपचार शुरु कर दिया। अभी होमगार्ड सैनिक रुपेन्द्र की हालत में सुधार बताया जा रहा है।

# 7 स्कूलों की शिकायतों पर खुली सुनवाई आज

**जबलपुर ( स्वतंत्र मत )।** जिला प्रशासन द्वारा 7 निजी स्कूलों से संबंधित शिकायतों पर खुली सुनवाई आज शाम 5 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में की जायेगी। इन निजी स्कूलों में काईस्टचर्च स्कूल की सभी शाखाओं सहित ज्ञान गंगा आर्चिड इंटरनेशनल स्कूल, लिटिल वर्ल्ड कटंगा एवं तिलवाराघाट, सत्यप्रकाश स्कूल पोलीपाथर, अजय सत्यप्रकाश स्कूल पनागर, चैतन्य टैक्नो स्कूल और नालंदा स्कूल धनवंतरी नगर शामिल हैं। कलेक्टर दीपक सक्सेना की अध्यक्षता में आयोजित इस खुली सुनवाई में सबंधित विद्यालय के प्रबंधक एवं प्राचार्य उपस्थित होकर शिकायतों पर उत्तर देगें। शिकायतकर्ता भी सुनवाई में उपस्थित रह सकेगें। डीईओ घनश्याम सोनी ने बताया कि अभी भी यदि कोई अभिभावक इन स्कूलों से संबंधित शिकायत करना चाहते हैं तो वे अपनी शिकायत सीधे कलेक्टर को अथवा अपर कलेक्टर प्रथम को या उन्हें दे सकते हैं। अन्य विद्यालयों से संबंधित शिकायतों पर सुनवाई की तारीखें भी जल्दी तय की जायेंगी, जिसकी सूचना पृथक से जारी होगी।

## राज्यसभा सांसद ने दी सांत्वना

**जबलपुर ( स्वतंत्र मत )।** विगत दिनों चरगवॉ थाना अंतर्गत बरगी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम तिनेटा, ग्राम पंचायत देवरी नवीन में आकिस्मक ट्रैक्टर दुर्घटना में मृत 5 बच्चों के परिवारजनों से मिलने राज्यसभा सांसद सुमित्रा बाल्मीक ग्राम तनेटा पहुंची। सांसद को अपने बीच पाकर बच्चों के माता-पिता लिपट-लिपट कर रोने लगे। उन्होंने परिजनों को ढांढस बंधाया और हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। सांसद को अपने बीच पाकर पूरा का पूरा गांव इकट्ठा हो गया और इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया।

# बारातियों से लोड बुलेरो-ट्रक में भीषण भिड़ंत

## 2 मृत, 5 गंभीर, जबलपुर-मंडला मार्ग में हादसा

जबलपुर ( स्वतंत्र मत )




जबलपुर-मंडला रोड पर गतरात बारातियों से भरी बुलेरो गाड़ी व ट्रक में आमने सामने से भिड़ंत हो गई। भिड़ंत में बुलेरो के परखच्चे उड़े गए, वहीं बुलेरो में सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। 9 के शरीर पर गंभीर चोटें आई, जिन्हें उपचार के लिए नारायणगंज के शासकीय अस्पताल पहुंचाया गया और जहां पर पांच की हालत को देखते हुए जबलपुर के मेडिकल अस्पताल रेफर किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नारायणगंज के ग्राम बीजेगांव से एक बुलेरो बारात लेकर समीपस्थ गांव के लिए रवाना हुई। बुलेरो जब पटिकरिया के कूड़ामैली गांव से आगे बढ़ रही थी। इस दौरान सामने से आए ट्रक ने टक्कर मार दी। ट्रक की टक्कर लगते ही बुलेरो के सामने का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं बुलेरो में सवार 11 बारातियों के शरीर पर गंभीर चोटें आई। राहगीरों ने सभी को निकालकर नारायणगंज के शासकीय अस्पताल पहुंचाया. जहां पर डॉक्टरों ने जांच कर दो युवकों बाबूराम पिता हेमचंद भारतिया निवासी मझगांव और रोशन पिता गेंदलाल बरकड़े निवासी बीजेगांव को मृत घोषित कर दिया। वहीं 5 की हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद जबलपुर मेडिकल अस्पताल रेफर किया गया है।






हितकारिणी प्रकाशन लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा, स्थानीय सम्पादक- महेश महदेल** * *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी। ई-मेल-smatjbp1@ gmail.com, फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2023-25, RNI No. 64561/96.